वर्ष- 13 अंक - 229
लखनऊ, बुधवार 22 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



गैंगरेप के मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज 10
सरकार कर रही विपक्ष जैसा व्यवहार : अखिलेश 03

# तपती धूप पर भारी पड़ा महिलाओं का आक्रोश

## पदयात्रा में बिना रुके, बिना थके महिलाओं ने दिखाया सपा, कांग्रेस को आईना

▸ सुबह 7 बजे से सीएम आवास पहुंचने लगी थीं महिलायें

समृद्धि न्यूज़




**लखनऊ।** नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लोकसभा में गिराने के खिलाफ लखनऊ में महिलाओं का भारी आक्रोश देखने को मिला। मंगलवार सुबह 7 बजे से ही हजारों महिलाओं का 5 कालिदास मार्ग पर पहुंचना शुरू हो गया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया सूरज की तपिश बढ़ती गई लेकिन महिलाओं में धधकता आक्रोश कम नहीं हुआ। हाथों में सपा-कांग्रेस के खिलाफ पोस्टर लिए वे सीएम योगी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार दिखीं।मुख्यमंत्री आवास पहुंची महिलाएं विपक्ष को करारा जवाब देने के लिए कई तरह के पोस्टर-बैनर लिए थीं। इन पोस्टरों पर कांग्रेस व सपा पर महिला विरोधी होने और महिला आरक्षण पर विश्वासघात से संबंधित संदेश लिखे हुए थे। पदयात्रा शुरू होने से पहले ही सीएम आवास के बाहर हजारों महिलाओं का हुजूम एकत्र हो चुका था। इस दौरान मंच से तमाम नेता व मंत्रीगण महिलाओं की इस शक्ति को नमन करते रहे। सुबह करीब 9 बजे जैसे ही मंत्रियों ने महिलाओं को संबोधित करना शुरू किया, आक्रोशित बहन-बेटियों ने पोस्टर लहराने शुरू कर दिए। इन पोस्टरों में 'सपा की पहचान नारी शक्ति का अपमान', 'महिला आरक्षण पर घटिया राजनीति सपाइयों की रही है पुरानी नीति', '230 सांसदों का विरोध किसके खिलाफ', जैसे नारों के जरिए महिलाओं ने विपक्ष के प्रति अपना गुस्सा जाहिर किया।9.40 बजे मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहुंचते ही महिलाओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार के पक्ष में नारे लगाने शुरू कर दिए। महिलाओं ने सीएम योगी के सामने ही सपा-कांग्रेस का यूपी में भविष्य खत्म करने का वादा किया।

### नारी शक्ति का अपमान अब बर्दाश्त नहीं

उन्होंने अपने नारों के जरिए कहा कि आधी आबादी के आरक्षण का विरोध विपक्ष की राजनीति को खत्म कर देगा। सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में10 बजे हजारों महिलाओं ने मुख्यमंत्री आवास से जन आक्रोश पदयात्रा शुरू की। तपती धूप में सड़क पर पैदल चल रहे मुख्यमंत्री, उनके मंत्रियों और हजारों महिलाओं को देखकर सारा शहर थम गया। इस दौरान सिविल अस्पताल के सामने से विधानसभा की तरफजा रहीं महिलाओं के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। सुरक्षा की परवाह किए बगैर मुख्यमंत्री ने यात्रा पैदल चलकर पूरी की। विधानसभा भवन के सामने पदयात्रा के समापन पर सीएम योगी ने सभी महिलाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि विधेयक गिराने वाले विपक्ष के खिलाफउत्तर प्रदेश में भी महिलाओं में आक्रोश है। लखनऊ की इस जन आक्रोश पदयात्रा में भाग लेने वाली बहनों का हृद्य से अभिनंदन करता हूं।हरदोई से पदयात्रा में शामिल होने आईं बबिता ने कहा कि नारी शक्ति का अपमान अब नहीं बर्दाश्त किया जाएगा। हमें आरक्षण के रूप में अपने लिए न्याय चाहिए। इसके लिए योगी सरकार के नेतृत्व में सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ी जाएगी। लखनऊ की कीर्ति ने कहा कि क्या सिर्फएक-दो पार्टी के परिवार की महिलाओं को ही राजनीति में आने का हक है। आज सबको समान अवसर देने की बारी आ चुकी है। विपक्ष ने विधेयक को गिराकर राजनीति में महिलाओं के लिए रास्ते बंद करने का काम किया है।बाराबंकी से आईं कांता देवी ने कहा कि महिला आरक्षण की बात सुनकर बहुत खुशी हुई थी। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों ने इसे रोक दिया। यूपी में पहले ही कांग्रेस का भविष्य खत्म हो चुका है, अब सपा की बारी है।

## भारत-भूटान सीमा शुल्क बैठक में व्यापार सुगमता और सीमा प्रबंधन पर सहमति

**एजेंसी, मुन्नार (केरल)।** भारत और भूटान के बीच 20-21 अप्रैल को मुन्नार में आयोजित सातवीं संयुक्त सीमा शुल्क समूह (जेजीसी) बैठक में सीमा शुल्क सहयोग, व्यापार सुगमता और सीमा प्रबंधन को मजबूत करने पर सहमति जताई गई। बैठक में तस्करी रोकथाम, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण, सीमा अवसंरचना सुधार और इलेक्ट्रॉनिक कार्गो ट्रैकिंग सिस्टम के तहत माल आवाजाही सुगम बनाने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार और बढ़ाने तथा सुरक्षित सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। भारत और भूटान के बीच सातवीं संयुक्त सीमा शुल्क समूह (जेजीसी) बैठक 20-21 अप्रैल को यहां आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के विशेष सचिव और सदस्य (सीमा शुल्क) योगेन्द्र गर्ग तथा भूटान के वित्त मंत्रालय के राजस्व एवं सीमा शुल्क विभाग के महानिदेशक सोनम जाम्तशो ने की।

## स्वच्छ और हरित बड़ा मंगल के संकल्प के साथ, पूर्व महापौर के आवास पर हुई बैठक



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की ऐतिहासिक परंपरा बड़ा मंगल को इस वर्ष स्वच्छ और हरित स्वरूप देने के संकल्प के साथ आज पूर्व महापौर एवं मंगलमान अभियान की संरक्षिका श्रीमती संयुक्ता भाटिया के आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा मंगल महोत्सव-2026 के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन (लॉन्च) भी किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती संयुक्ता भाटिया ने अभियान के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आह्वान किया कि लखनऊ का प्रत्येक नागरिक अपने आसपास के कम से कम 10 भंडारा आयोजकों से संपर्क कर उन्हें मंगलमान आग्रह से जोड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष किसी भी भंडारे में पॉलिथीन या थर्माकोल का उपयोग न हो, यही हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। अभियान के संयोजक डॉ. रामकुमार तिवारी ने बताया कि इस बार का बड़ा मंगल एक नया इतिहास लिखने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय पर्यावरण गतिविधि के संयोजक श्री गोपाल आर्य जी के मार्गदर्शन में बैठकों का क्रम जारी है। हम प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर इसे पूरी दुनिया में श्स्वच्छता और पर्यावरण अनुकूलता की नई पहचान दिलाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र के बड़वानी में टैंकर की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त 5 युवकों की मौत

**एजेंसी, भोपाल/बड़वानी।** मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले में मंगलवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक तेज रफ्तार टैंकर ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार युवक अंदर ही फंस गए। इस हादसे में पांच युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। यह दुर्घटना जुलवानिया टोल प्लाजा के पास दोपहर करीब 2:30 बजे हुई। बताया गया हे कि सभी युवक एक बारात से लौट रहे थे। रास्ते में एक वाहन का डीजल खत्म हो जाने पर कुछ युवक दूसरी कार से डीजल लेने निकले थे, तभी खरगोन की ओर से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जुलवानिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों और मृतकों को कार से बाहर निकालने के लिए करीब एक घंटे तक मशक्कत की। हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान दो और युवकों ने दम तोड़ दिया। जुलवानिया थाना प्रभारी राम कुमार पाटिल ने बताया कि हादसे के बाद टैंकर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि टैंकर को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है। मृतकों में सचिन गोकुल वास्कले (25) निवासी पटेलपुरा साकड़, प्रद्युम्न सहते (25) निवासी सालखेड़ा, पप्पू (29) निवासी लिम्बई , आकाश (25) निवासी रालामंडल और यशवंत सुपड़िया (30) निवासी जलगोन शामिल हैं। वहीं सुरेश मांगीलाल (28) निवासी देवझिरी और सोहन झाबर (28) निवासी सालखेड़ा गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है।

### भाजपा नेता बलबीर पुंज की अस्थियां गंगा में विसर्जित

**एजेंसी, हरिद्वार।** वरिष्ठ लेखक, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद बलबीर पुंज की अस्थियां मंगलवार को हरिद्वार में विधि-विधान के साथ गंगा में विसर्जित की गई। कनखल स्थित सती घाट पर अस्थि विसर्जन के समय परिजनों के साथ भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सती घाट पर अस्थि कलश लेकर पहुंचे परिजनों ने पूरे धार्मिक विधि-विधान के साथ गंगा में अस्थियां प्रवाहित कर उनकी आत्मा की शांति एवं मोक्ष की कामना की।

# केरल के त्रिशूर पूरम के पटाखा यूनिट में विस्फोट 13 लोगों की मौत, कई गंभीर घायल

**एजेंसी, त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर जिले के मुंडाथिकोड क्षेत्र में मंगलवार को दोपहर करीब 3:30 बजे एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए भीषण विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 मजदूरों की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार केरल के प्रसिद्ध त्रिशूर पूरम उत्सव के लिए पटाखों की तैयारी में जुटी इस पटाखा फैक्टरी में हादसे के समय करीब 40 मजदूर मौजूद थे। विस्फोट के बाद कई मजदूर आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। घायलों को तत्काल सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल सहित आसपास के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनके इलाज के लिए इमरजेंसी सेवाएं सक्रिय कर दी



गई। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने घायलों के लिए विशेष इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने त्रिशूर सरकारी मेडिकल कॉलेज और त्रिशूर जनरल अस्पताल में सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने को कहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धमाका इतना शक्तिशाली था कि इसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट के तुरंत बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही मिनटों में आग की ऊंची लपटों और घने धुएं ने पूरे परिसर को अपनी गिरफ्त में ले लिया। राहत और बचाव कार्य के दौरान भी बीच-बीच में छोटे धमाके होते रहे, जिससे बचाव दलों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मौके पर बड़ी मात्रा में बिना फटे पटाखों की मौजूदगी के कारण और विस्फोट होने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने घटनास्थल के भयावह मंजर का जिक्र करते हुए बताया कि चारों ओर तबाही का दृश्य था। मौके पर पहुंचे एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि वहां लगभग 40 मजदूरों के लिए खाने का इंतजाम किया गया था, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि हादसे के वक्त वहां इतने लोग मौजूद रहे होंगे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और अन्य आपातकालीन सेवाओं की टीमें मौके पर पहुंच गईं और राहत-बचाव अभियान शुरू किया गया। जिला प्रशासन ने त्रिशूर के सभी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखते हुए घायलों के त्वरित उपचार के निर्देश दिए हैं। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक विस्फोट एक अस्थायी शेड में हुआ, जहां पटाखों का निर्माण और भंडारण किया जा रहा था। हालांकि, विस्फोट के सटीक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## शक्ति के साथ भक्ति की भी आवश्यकता: संघ प्रमुख डॉ. भागवत

▸ त्रिपुरा में 'मां चिन्मयी सौंदर्य मंदिर' का डॉ. मोहन भागवत ने किया उद्घाटन

**एजेंसी, अगरतला (त्रिपुरा)।** त्रिपुरा के पश्चिम त्रिपुरा जिले के मोहनपुर महकमा अंतर्गत फकीरमुरा गांव में आदि शंकराचार्य के शुभ दिन पर मंगलवार को मां त्रिपुरेश्वरी को समर्पित 'मां चिन्मयी सौंदर्य मंदिर' का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने किया। इस अवसर पर डॉ. भागवत ने चिन्मया हरिहर विद्यालय में पूर्णतः मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य को अत्यंत सराहा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में अपने संबोधन में डॉ. मोहन भागवत ने गरिया पूजा के शुभ दिन उपस्थित दर्शकों का धन्यवाद करते हुए कहा, 'ज्ञान का अर्थ भाषण नहीं है, ज्ञान समझ है।' उन्होंने कहा कि दो हजार वर्ष से पूरे



विश्व ने विज्ञान से समाजवाद तक कई दर्शनाओं के परीक्षण और अनुभव से गुजरते हुए आया है, लेकिन वर्तमान समय में पृथ्वी ने यह महसूस किया है कि आज पृथ्वी को जीवन के प्रति भारत के दृष्टिकोण की आवश्यकता है, इसलिए आज विश्व को भारत की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ने सम्पूर्ण संसार को सही दिशा दिखाई है। मंदिर भारतीय सामाजिक जीवन के केन्द्रबिंदु हैं। आज शक्ति के समानांतर भक्ति की भी आवश्यकता है। इसके अलावा, समाज उन लोगों को याद करता है जिनमें सभी के साथ मिलकर सभी की सेवा करने का भाव होता है। यही है भारत की संस्कृति। सरसंघचालक ने टिप्पणी की कि दक्षिण के चार राज्यों में सबसे अधिक सेवा कार्य किए जा रहे हैं और कहा कि हमारे बीच लंबे समय से विविधता रही है। तब से हम एक हैं। विविधता में एकता हमारी शक्ति है, लेकिन भारत के इस उत्थान को रोकने के लिए बाहरी शक्तियां हमारे बीच विभाजन पैदा करने का प्रयास कर रही हैं। ऐसे माहौल में उन्होंने सभी को सतर्क रहने के लिए आमंत्रित किया। संघ प्रमुख ने अपने संबोधन में दोहराया कि आज के समय में केवल सत्य का समर्थक होना पर्याप्त नहीं है; उस सत्य की स्थापना के लिए शक्ति की आवश्यकता होती है।

भारत की शक्ति इसकी संस्कृति में निहित है। निश्चित रूप से भारत ने कभी आक्रामक मानसिकता को अपनाया नहीं है। भारत लगातार शांति और भाईचारे को बढ़ावा देता रहा है- आज की युद्ध-पीड़ित दुनिया में जिसके लिए शांति अत्यंत आवश्यक है।

## कांग्रेस के नेता मुद्दों पर बहस करने के बजाय जहरीली भाषा का ले रहे सहारा: चुग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'आतंकवादी' जैसे शब्द के इस्तेमाल की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर सीधा हमला बताया। चुग ने कहा कि यह सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि कांग्रेस की गिरती हुई राजनीतिक संस्कृति और सोच को उजागर करता है। चुग ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के उन चुनिंदा नेताओं में से हैं जिन्हें जनता ने बार-बार भारी बहुमत से चुना है। लगातार तीसरी बार देश की सेवा का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री



मोदी को गरीबों का मसीहा माना जाता है, जिन्होंने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया और यह साबित किया कि सही नीयत से गरीबी को दूर किया जा सकता है।

चुग ने कहा कि ऐसे जननेता के लिए 'आतंकवादी' जैसे शब्द का प्रयोग करना कांग्रेस नेतृत्व के मानसिक दिवालियापन, हताशा और निराशा को दर्शाता है।

### दिल्ली में लेखिका मधु किश्वर को नोटिस देने उनके ऑफिस पहुंची चंडीगढ़ पुलिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री से जुड़ी भ्रामक सोशल मीडिया सामग्री प्रसारित करने के आरोप में घिरीं लेखिका मधु किश्वर की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। किश्वर के खिलाफ दर्ज एफआईआर के संबंध में नोटिस देने के लिए चंडीगढ़ पुलिस की एक टीम दिल्ली स्थित उनके कार्यालय पहुंची। चंडीगढ़ की पुलिस के अनुसार 19 अप्रैल को किश्वर के खिलाफ एक एफआईआई दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप था कि किश्वर ने सोशल मीडिया पर साझा एक वीडियो को रिट्वीट करते हुए दावा किया कि मसाज ले रहे व्यक्ति प्रधानमंत्री हैं, जबकि जांच में पाया गया कि वीडियो में दिखाया गया व्यक्ति एक ट्रैवल ब्लॉगर है और उसकी पत्नी ने पुष्टि की है कि वह व्यक्ति उनका पति है।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने वाली है: रेखा गुप्ता

**एजेंसी, आसनसोल।** आसनसोल दक्षिण विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल के समर्थन में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जेके नगर इलाके में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने खुली गाड़ी से लोगों का अभिवादन किया और जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की तृणमूल सरकार पर जमकर निशाना साधा। अपने संबोधन में रेखा गुप्ता ने दावा किया कि आप सबका उत्साह और उमंग देखकर मुझे पूरा विश्वास है कि ममता सरकार अब जाने वाली है और बंगाल में भाजपा की सरकार बनने वाली है। आपका यही जोश अग्निमित्रा पाल को दोबारा विधायक बनाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निमित्रा पाल एक साहसी नेता हैं, जो जनता के लिए लड़ती हैं और तृणमूल के गुंडों को करारा जवाब देती हैं। उन्होंने



दावा किया कि अग्निमित्रा पाल के रहते किसी भी टीएमसी कार्यकर्ता की हिम्मत नहीं होगी कि वह आम जनता को परेशान करे। उन्होंने आगे कहा कि अग्निमित्रापाल के पीछे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का नेतृत्व है। उनके नेतृत्व में बंगाल ने ठान लिया है कि अब यहां विकास की राजनीति होगी। महिलाओं को सम्मान मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास और विश्वास की राजनीति करती है। रेखा गुप्ता ने खनन माफिया और सिंडिकेट पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने पर इन पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी और जो भी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, उनकी फाइलें खोलकर उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे डटकर खड़े रहें और इस बार बदलाव के लिए मतदान करें। उन्होंने कहा कि यह केवल भाजपा की जीत नहीं होगी, बल्कि पूरे बंगाल की जीत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की अस्मिता की रक्षा की जाएगी और घुसपैठ को पूरी तरह रोका जाएगा। इसके बाद अग्निमित्रा पाल ने भी पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा के घोषणापत्र में महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

### किसानों के मन में भरोसा रहना चाहिए कि उनका गेहूं जरूर खरीदा जाएगा: शिवराज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विदिशा संसदीय क्षेत्र में गेहूं उपार्जन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। इस बैठक में विशेषकर विदिशा, सांची, गंजबासौदा, बुधनी, भोजपुर, खातेगांव और इछावर समेत सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के विधायक एवं संबंधित जिलों के कलेक्टर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

समीक्षा के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने खरीदी व्यवस्था को सुचारु और पारदर्शी बनाने पर विशेष जोर दिया।

## बनारस कैंट स्टेशन पर 16 लाख की नई करेंसी के साथ पकड़ा गया तिलहर का रवि गुलाटी

▸ आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त टीम की चेकिंग में पकड़ा गया कॉस्मेटिक व्यापारी

**समृद्धि न्यूज़, तिलहर, शाहजहांपुर।** तिलहर के कॉस्मेटिक व्यापारी रवि गुलाटी को बनारस कैंट स्टेशन के प्लेटफार्म पर आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त टीम की चेकिंग में 16 लाख रुपए की नई करेंसी के साथ गिरफ्तार किया गया। इस खबर से नगर के अन्य व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला मौजमपुर बाजार में कॉस्मेटिक की शॉप के स्वामी रवि गुलाटी पुत्र ज्ञानचंद गुलाटी को मंगलवार को बनारस कैंट रेलवे पुलिस



ने उस समय पकड़ लिया। जब आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त टीम प्लेट फार्म आठ व नौ पर चेकिंग कर रही थी। संदिग्ध होने पर रवि के ट्रॉली बैग व अन्य बैग की तलाशी ली गई तो सबकी आंखें फटी रह गई। रवि गुलाटी के बैगों से करीब 16 लाख रुपए की 10,20,50,100, तथा 200 के नोट की नई करेंसी बरामद हुई। आरपीएफ के अधिकारियों के मुताबिक रवि गुलाटी बेगमपुरा ट्रेन से रवाना होने के लिए प्लेटफार्म पर खड़ा था। थाना राजौल नगर प्रभारी ने बताया कि यूं तो रवि गुलाटी ने पहली बार यहां से करेंसी ले जाने आने की बात कही, लेकिन इससे पूर्व भी कई बार उसकी लोकेशन ट्रैश हुई है। रवि गुलाटी उक्त बड़ी रकम के बाबत कोई दस्तावेज नहीं उपलब्ध करा सके। इसलिए अधिकारियों ने आय कर विभाग के अधिकारियों को बुलाया। फिलहाल समाचार भेजे जाने तक जांच पड़ताल जारी थी। उधर नगर में विवाह आदि समारोहों के आयोजकों को नए नोटों के हार बनाकर बिक्री करने वाले कॉस्मेटिक व्यापारियों में खासा हड़कंप मचा हुआ हैं।

कार्रवाई — सोशल मीडिया के जरिए नेटवर्क तैयार कर रहे थे

## गुजरात एटीएस ने देश विरोधी साजिश रचने वाले दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने साजिश रचने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों आरोपितों के पास से आपत्तिजनक साहित्य, संदिग्ध बातचीत और आतंकी गतिविधियों से जुड़ी जानकारी बरामद हुई है, जिसकी गहन जांच की जा रही है। गुजरात एटीएस के पीएसआई एपी परमार ने बताया कि उनको खुफिया सूचना मिली थी कि सिद्धपुर में रहने वाला 22 वर्षीय युवक इरफान पठान इस्लामी कट्टरपंथी विचारधारा रखता है और अपने साथियों के साथ मिलकर भारत में गजवा-ए-हिंद स्थापित करने के लिए हमले की साजिश रच रहा है। आरोपित फिलहाल फंड इकट्ठा करने और बम



बनाने की तैयारी भी कर रहा है। इसी आधार पर एटीएस ने अलग-अलग टीमें बनाकर इरफान को सिद्धपुर से गिरफ्तार कर लिया। पाटन जिला के सिद्धपुर निवासी 22 वर्षीय इरफान कालेखान पठान को पहले गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि वह कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के जरिए आईएसआईएस सहित अन्य आतंकी संगठनों के संपर्क में था। एपी परमार ने बताया कि पूछताछ और मोबाइल फोन की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इरफान अपने साथी मुर्शिद जाहिद अख्तर शेख (21), निवासी साकीनाका, मुंबई के साथ मिलकर देश में गजवा-ए-हिंद स्थापित करने, राजनीतिक नेताओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े लोगों को निशाना बनाने और शरीयत लागू करने की साजिश रच रहा था। मुर्शिद मुंबई में चिकन बिरयानी का होटल चलाता है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपित पिछले करीब 6 महीनों से इस साजिश में सक्रिय थे और सोशल मीडिया के माध्यम से समान विचारधारा वाले युवाओं को जोड़कर अपना नेटवर्क तैयार कर रहे थे। वे पाकिस्तान और अफगानिस्तान से हथियार मंगाने, फंड इकट्ठा करने और आरडीएक्स सहित अन्य बम बनाने की ट्रेनिंग लेने की तैयारी में थे। एटीएस ने महाराष्ट्र पुलिस की मदद से मुंबई से मुर्शिद को गिरफ्तार किया।

# एसपी ने सीओ कार्यालय व थाना कैसरगंज का किया औचक निरीक्षण

**▸ प्रत्येक प्रकरण में फरियादियों से फीडबैक प्राप्त करने पर दिया जाए विशेष बल: विश्वजीत श्रीवास्तव**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़**




सोमवार को देर रात पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने थाना कैसरगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अभिलेखों, महिला हेल्पडेस्क एवं लंबित प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का विधिवत पंजीकरण कर उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण में फरियादियों से फीडबैक प्राप्त करने पर विशेष बल दिया गया। एसपी ने थाना परिसर में आने वाले आगंतुकों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने, उनके बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। मालखाना निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं माल सामग्री को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, हवालात, बैरक, मेस एवं शौचालयों का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता, पानी की उपलब्धता एवं संसाधनों के बेहतर रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं उनकी उचित दिशा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एसपी ने सीओ कैसरगंज कार्यालय एवं परिसर का निरीक्षण किया। कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन कर उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परिसर में साफ-सफाई, अनुशासन एवं कार्य प्रणाली को प्रभावी बनाए रखने पर बल दिया। एसपी ने निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए उनका त्वरित एवं विधिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा थाना व कार्यालय स्तर पर सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखा जाए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कैसरगंज धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, थाना प्रभारी कैसरगंज एवं थाना व कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, नगदी सहित गृहस्थी स्वाहा, मवेशी झुलसे



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के ललुही गांव में मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे अज्ञात कारणों से लगी आग ने एक घर को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय परिजन कुछ समझ पाते उससे पहले ही आग तेजी से फैल गई और पूरे मकान में फैलकर भारी नुकसान कर गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास के अन्य घरों को बचाया जा सका। पीड़ित गुरदीन के अनुसार आग में एक बाइक, करीब तीन हजार रुपये नगद और पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। वहीं पास में बंधी एक गाय भी आग की चपेट में आकर झुलस गई, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रधान प्रतिनिधि योगेश प्रताप सिंह उर्फ गोपी ने राजस्व टीम को अवगत कराया। क्षेत्रीय लेखपाल कौशलेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया और रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

उन्होंने बताया कि जल्द ही पीड़ित परिवार को अहेतुक सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## संघ ने चलाया सरयू तट पर नदी का सफाई अभियान




**▸ मातृशक्ति के द्वारा उतारी मां सरयू की आरती**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** समिति के तत्वाधान में नगर के झिंगहाघाट स्थित सरयू तट पर नदी की सफाई के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में नगर के सैकड़ो नागरिकों की सहभागिता से नदी की साफ सफाई की गई एवं मातृशक्ति के द्वारा मां सरयू की आरती उतारी गई। कार्यक्रम में नगर की नारी शक्तियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी सहभाग किया। समिति के संयोजक धनंजय सिंह के नेतृत्व में नगर के लोग फवड़ा तसला एवं पचागुर की सहायता से नदी के तलहटी से गाद एवं जलकुंभी को हटाकर संकल्प एवं आवाहन किया कि सनातन संस्कृति का प्रतीक मां सरयू की अविरल धारा का प्रवाह पुनः निर्मल एवं आचमन योग्य जल के प्रवाह के साथ हो इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हम सबको दृढ़ संकल्पित होना पड़ेगा। प्लास्टिक, पॉलिथीन, पूजन सामग्री, फूल आदि का विसर्जन सनातन धर्म के अनुयाई नदी में सीधे ना डालें ऐसी सनातन प्रेमियों से अपील भी की गई।

अवसर पर कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अजय , अरविंद सिंह, भूपेंद्र, मनोज, पंकज केवट, रंजीत वाल्मीकि, मनोज, सूर्य प्रताप सिंह, बुद्धेश अग्रवाल, हरजीव अग्रवाल सहित सैकड़ो की संख्या में समिति के स्वयंसेवक बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

## कूड़ा जलाते समय बुजुर्ग झुलसा, तेज लपटों से कपड़े में लगी आग

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के रामगांव इलाके में कूड़ा जलाते समय एक 70 वर्षीय बुजुर्ग झुलस गया। मंगलवार को हुई इस घटना में तेज लपटें उठने से उनके कपड़ों में आग लग गई। बुजुर्ग को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मूर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के भगड़िया ग्राम निवासी गोरखनाथ (70) रामगांव इलाके में अपने बेटे के घर आए हुए थे। मंगलवार को वह घर के सामने पड़े कूड़े को जला रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज लपटें उठीं और उनकी धोती में आग लग गई। शोर सुनकर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। तब तक गोरखनाथ के दोनों पैर और एक हाथ आग की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस चुके थे।

## 200 रुपए से अधिक का नहीं मिल रहा पेट्रोल, पंप पर भीड़

### छात्र घायल, पुलिस ने संभाली कमान

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**



पेट्रोल पंप पर मंगलवार को भारी भीड़ के चलते हालात बेकाबू हो गए। सुबह से लगी लंबी कतारों के कारण आसपास के स्कूलों के छात्रों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भीड़ के बीच फंसे सरस्वती स्कूल के एक छात्र के चोटिल होने की भी सूचना है। श्री शंकर इंटर कॉलेज और सरस्वती स्कूल के छात्रों के आने-जाने में बाधा उत्पन्न होने पर शिक्षक बैकुंठ नाथ अवस्थी ने एसडीएम मोनालिसा जौहरी और यातायात निरीक्षक राम प्रकाश यादव से शिकायत की। इसके बाद कोतवाली से अतिरिक्त पुलिस बल और यातायात कर्मियों को मौके पर तैनात किया गया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक शशि प्रताप सिंह, कस्बा इंचार्ज द्वितीय रिजवान उल्ला खान और उपनिरीक्षक मनीष यादव ने भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन अत्यधिक भीड़ के कारण स्थिति बार-बार बिगड़ती रही। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने यातायात उपनिरीक्षक रवि यादव के साथ मोर्चा संभाला और कड़ी धूप में व्यवस्था को सामान्य करने में जुटे रहे। इसी दौरान पेट्रोल पंप पर डीजल समाप्त हो जाने से कुछ हद तक भीड़ में कमी आई, लेकिन स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में नहीं आ सकी। भारी भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था भी बार-बार चरमराती रही। उपभोक्ताओं में इस बात को लेकर खासा आक्रोश देखने को मिला कि पेट्रोल पंप पर ?200 से अधिक का पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है। घंटों इंतजार के बाद भी सीमित मात्रा में ईंधन मिलने से लोग नाराज नजर आए।

वहीं, इस पूरे घटनाक्रम ने जिला पूर्ति अधिकारी के दावों की भी पोल खोल दी है, क्योंकि जमीनी स्तर पर ईंधन की किल्लत और अव्यवस्था साफ दिखाई दे रही है।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस महानिरीक्षक ने थाना परसपुर का किया औचक निरीक्षण



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र, अमित पाठक द्वारा जनपद गोण्डा के थाना परसपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के अभिलेखों, जनसुनवाई रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर तथा मिशन शक्ति केन्द्र आदि को चेक किया गया। पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा अभिलेखों के अद्यतन एवं सुव्यवस्थित संधारण पर विशेष बल दिया गया तथा जनसुनवाई से संबंधित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिला हेल्प डेस्क के प्रभावी संचालन तथा पीड़ित महिलाओं के साथ संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया गया।

### जनगणना प्रशिक्षण की तैयारियों को लेकर डीएम की समीक्षा बैठक संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जनपद मे जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने हेतु जनगणना प्रगणक एवं सुपरवाइजर के प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारी (एसडीएम), तहसीलदार, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी जुड़े रहे। बैठक के दौरान 23 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि तहसील स्तर एवं नगरीय निकाय स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरी गंभीरता एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, प्रशिक्षण सामग्री एवं तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीएम ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण के उपरांत मूल्यांकन (टेस्ट) कराया जाए, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता का आकलन किया जा सके तथा यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी कार्मिक जनगणना कार्य की प्रक्रिया, प्रारूप एवं तकनीकी पहलुओं को भली-भांति समझ चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें शत-प्रतिशत शुद्धता एवं पारदर्शिता अपेक्षित है। अतः प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक बिंदु को गंभीरता से समझाया जाए तथा फील्ड स्तर पर किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना को समाप्त किया जाए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें एवं निर्धारित समयसीमा में सभी तैयारियां पूर्ण कर लें, जिससे जनपद में जनगणना कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके।

### वन विभाग की निरंतर सघन सतर्कता, वन्यजीव की गतिविधियों के मद्देनज़र ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**बलरामपुर।** जनपद के विभिन्न वन रेंजों में वन्यजीव/तेन्दुए की संभावित गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर गश्त एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भांभर रेंज में गठित टीमों द्वारा प्रातः 6:00 बजे से 9:00 बजे तक सेमरहवा, नरिहवा एवं जोगिहवा गांवों के समीप लगभग 4-5 किमी पैदल ट्रैकिंग करते हुए छिहुली एवं अर्रा नाला क्षेत्र में सघन गश्त की गई। इसके साथ ही मडनी, गोडनी एवं रेहरा गांवों में भ्रमण कर ग्रामीणों को सतर्क रहने हेतु जागरूक किया गया।

## शिक्षक संकुल बैठक में शैक्षिक गुणवत्ता वृद्धि के लिए बनी कार्ययोजना

**▸ शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और वृद्धि के लिए 30 दिन की बनाई कार्ययोजना**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** न्याय पंचायत शिवदहा मे संकुल स्तरीय बैठक आयोजित हुई। महानिदेशक स्कूल शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय निशातगंज लखनऊ के आदेश के अनुपालन के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देशन तथा खंड शिक्षा अधिकारी पयागपुर डाली मिश्रा के कुशल नेतृत्व में न्याय पंचायत शिवदहा की शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय सेवढ़ा में किया गया। जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और वृद्धि के लिए 30 दिन की कार्ययोजना बनाई गई। बैठक का नेतृत्व वरिष्ठ पूर्व एआरपी राजेश कुमार मिश्र प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय पिपरा कमाल ने और संचालन अजय कुमार श्रीवास्तव नोडल शिक्षक संकुल शिवदहा ने किया। बैठक में उपस्थित शिक्षकों को दो समूहों में बांट कर कक्षा एवं विषय अनुरूप गुणवत्ता आधारित गतिविधि सहित आदर्श शिक्षण योजना का निर्माण करा कर प्रस्तुतीकरण कराया गया। बैठक में बच्चों के स्वागत, शिक्षक-छात्र आत्मीय संबंध, बेस लाइन आकलन, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सहयोग,आउट ऑफ स्कूल/ड्राप आउट बच्चों की पहचान और शत प्रतिशत नामांकन, रोचक गतिविधियों का कक्षा शिक्षण में अनिवार्य समावेशन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई गई। जिसमें खेल, कहानी, गतिविधि, संवाद और नवाचार के माध्यम से बच्चों को विद्यालय से जोड़ने पर विशेष फोकस किया गया। विद्यालयवार बुलावा टीम, घर-घर संपर्क टीम, मोबाइल और व्हाट्सएप के माध्यम से अभिभावकों से संवाद,एसएमसी व समुदाय से समन्वय और सहयोग के लिए विद्यालय प्रभारी नियुक्त किए गए। बैठक में प्रदीप तिवारी, अखिलेश यादव, हरिओम, चंद्र शेखर तिवारी, अनिल सिंह, सर्वेश श्रीवास्तव,अंकुर शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर आदित्य विद्यार्थी,क्षमा मिश्रा, मोनिका यादव, पेशकार तिवारी, दिनेश कुमार, एकता सिंह, मनोज लता यादव, पुनीत कुमार, संतोष यादव,महिमा दुबे,उमा शंकर शुक्ला, राम धीरज, सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

## लव जिहाद के खिलाफ लोगों ने सौंपा ज्ञापन

### मुख्यमंत्री से सख्त कानून बनाने की मांग, उठी आवाज



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बड़ी संख्या में लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में 'लव जिहाद' को रोकने के लिए कठोर कानून बनाने की मांग की गई। ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को दिया गया। इस अवसर पर समाजसेवी धनंजय सिंह ने कहा कि 'लव जिहाद' देश के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। उन्होंने दावा किया कि यह हिंदू बेटियों को 'लव जिहाद' के जाल में फंसाकर उनके धर्मांतरण का कारण बन रहा है। सिंह ने सरकार से हिंदू बेटियों की सुरक्षा और धर्मांतरण रोकने के लिए कठोर कानून बनाने की अपील की।इस मौके पर बेबी श्रीवास्तव, अभिलाषा दूबे, अंकुशा, प्रत्युषा, रीता गुप्ता, नंदिनी, सतेंद्र शुक्ला, रामचंदर पाठक, कृष्ण कुमार मिश्रा, अरुणवीर सिंह, अनिल वर्मा, विकास जायसवाल, रमेश जायसवाल, अभिषेक द्विवेदी, महेंद्र विक्रम, अनुज गौड़, सुमित और आदित्य सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## अभियोजकों की कार्यशाला में नवीन आपराधिक संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया गया जोर



**समृद्धि न्यूज़**

**बलरामपुर।** निदेशक अभियोजन ललित मुद्गल द्वारा आज जनपद में संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय के सुदृढ़ीकरण एवं नवीन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) रूम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अभियोजन विभाग के अधिकारियों एवं अभियोजकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के उपरांत निदेशक अभियोजन मुद्गल की अध्यक्षता में अभियोजकों की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद में संचालित अभियोजन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी बनाने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए निदेशक अभियोजन ने कहा कि अभियोजन विभाग द्वारा लागू की गई नवीन आपराधिक संहिताएं–भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम–जनसामान्य को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि इन नवीन कानूनों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े कमजोर वर्ग के लोग भी इनका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि नवीन आपराधिक संहिताओं के माध्यम से न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं पीड़ित-केंद्रित बनाया गया है। नए कानूनों में कई महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिनमें अपराधियों की संपत्ति जब्त कर पीड़ितों को क्षतिपूर्ति प्रदान करने का प्रावधान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। निदेशक अभियोजन ने यह भी कहा कि नवीन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम की स्थापना से न्यायिक प्रक्रिया में तकनीकी सुदृढ़ता आएगी और गवाहों की गवाही की प्रक्रिया को अधिक सरल, सुरक्षित एवं समयबद्ध बनाया जा सकेगा। इससे न्यायिक कार्यवाही में तेजी आएगी तथा अभियोजन की प्रभावशीलता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर अपर निदेशक अभियोजन परिक्षेत्र गोंडा विजय शंकर मिश्रा, अपर निदेशक अभियोजन बलरामपुर श्री हवलदार सिंह यादव, अपर निदेशक अभियोजन अयोध्या श्री सत्यव्रत त्रिपाठी सहित अन्य अभियोजन अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मामूली विवाद पर हमला, दो महिलाओं समेत चार लोग घायल

**▸ मेडिकल कॉलेज में भर्ती, पुलिस जांच में जुटी**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के कोतवाली देहात इलाके में एक ईट भट्टे पर काम करने वाले परिवार पर हमला किया गया है। मामूली विवाद के बाद पड़ोसी विजय प्रताप और उसके परिवार ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बेरिया ग्राम की निवासी लालती अपने परिवार के साथ सपना ईंट भट्टे पर काम करती हैं। दो दिन पहले उनका पड़ोस में रहने वाले विजय प्रताप के परिवार से मामूली कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश के चलते सोमवार देर रात जब परिवार के पुरुष एक वैवाहिक कार्यक्रम में गए हुए थे, तब विजय ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उनके घर पर हमला कर दिया। हमलावरों ने घर पर मौजूद महिलाओं की लाठी-डंडों से पिटाई की। इस हमले में लालती, शांति, सुनीता और एक दस साल की बच्ची घायल हो गई।

सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य दो को भी चोटें लगी हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें आपसी विवाद में मारपीट की सूचना मिली है।

पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## देवीपाटन मंडल में नवनियुक्त आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल का आगमन, अधिकारियों ने किया स्वागत



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

देवीपाटन मंडल में नवनियुक्त आयुक्त महोदया दुर्गा शक्ति नागपाल जी के आगमन पर आज गोंडा के सर्किट हाउस में उनका गरिमामय स्वागत किया गया। आयुक्त महोदया के आगमन पर सर्किट हाउस में मंडल एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इसके बाद उन्होंने आयुक्त कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयुक्त महोदया ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से संक्षिप्त परिचय प्राप्त करते हुए मंडल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों की जानकारी ली। उन्होंने शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाने तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाने की बात कही। आयुक्त महोदया ने कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जायेगा, जिससे जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। इस दौरान अपर आयुक्त व संयुक्त विकास आयुक्त मौजूद रहे।

## पुलिस ने हत्याभियुक्त को किया गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** वादिनी शिव कुमारी पत्नी अन्नू चौबे निवासी ग्राम बमडेरा थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा द्वारा थाना कटराबाजार में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 17.04.2025 को शाम लगभग 4 बजे वह अपने पति के साथ अपने खेत में गेहूँ काटने जा रही थी की रास्ते में विपक्षीगण हसिया, कुदाल व लाठी से हमला करके मार पीटकर वादिनी के पति की हत्या कर दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कटराबाजार में मु0अ0सं0 - 88/2026 धारा 103(1), 115(2), 352, 351(3), 118(1) बीएनएस बनाम रामसिंगार शुक्ला आदि 03 अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# मोदी विजन से आखिरी पायदान पर खड़े गरीब का हो रहा उत्थान : केशव प्रसाद मौर्य

## पूर्ववर्ती सरकारों ने जनजातियों को वोट बैंक की तरह किया इस्तेमाल



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को चरितार्थ करते हुए उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के दायरे को और अधिक व्यापक बनाते हुए प्रदेश की अनुसूचित जनजातियों एसटी को योजना की पात्रता सूची में शामिल करने का निर्णय लिया है, जो अब तक इससे वंचित थीं। प्रदेश की डबल इंजन सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। सरकार का दृढ़ विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और जनता का विश्वास सरकार की नीतियों एवं कार्यों पर निरंतर मजबूत हो रहा हैउपमुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा, पूर्ववर्ती सरकारों ने इन जनजातियों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास नहीं किया। उन्होंने पिछड़ी और वंचित जातियों को केवल एक वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया और सत्ता में रहते हुए सदैव इनका शोषण किया। हमारी सरकार इन जातियों को उनका हक और छत देकर उनका मान बढ़ा रही है। हमारी सरकार का लक्ष्य जातियों को तोड़ना नहीं बल्कि उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। मोदी के नेतृत्व में हम उस गरीब का उत्थान कर रहे हैं जिसे दशकों तक पिछली सरकारों ने केवल वोट बैंक समझा। मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रदेश का कोई भी जनजातीय परिवार बिना छत के न रहे। 2018 में शुरू हुई इस योजना में शुरुआत में केवल वनटांगिया और मुसहर जातियों को शामिल किया गया था।

### महिलाओं का आक्रोश सपा-कांग्रेस के राजनीतिक अस्तित्व को कर देगा समाप्तः केशव

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ में कालिदास मार्ग से लोक भवन तक आयोजित एक भव्य मार्च के दौरान विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। भारी संख्या में जुटी महिलाओं की उपस्थिति को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि नारी शक्ति का अपमान करने वाली पार्टियां, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस, अब अपने अंत की ओर हैं। महिलाओं का बढ़ता आक्रोश सपा और कांग्रेस के लिए राजनीतिक विनाश का कारण बनेगा। जब तक आरक्षण नहीं, तब तक संघर्ष जारी के संकल्प के साथ महिलाओं ने अपने अधिकारों के प्रति हुंकार भरी। उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में महिलाओं में जो आक्रोश देखने को मिल रहा है, वह सपा और कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी है। आज की यह जनभागीदारी दर्शाती है कि महिलाओं का धैर्य अब जवाब दे रहा है। सपा और कांग्रेस ने महिलाओं का हमेशा अहित किया है, और अब यही महिला शक्ति उनके राजनीतिक अस्तित्व को भस्म कर देगी। उपमुख्यमंत्री ने आगामी चुनावों को लेकर विपक्ष को चेतावनी देते हुए कहा, जिन दलों को महिलाएं अपना समर्थन नहीं देतीं, उनका आगामी विधानसभा चुनाव में खाता तक नहीं खुलेगा।

# सरकार कर रही विपक्ष जैसा व्यवहार : अखिलेश



- जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही बीजेपी
- सपा सरकार बनी तो प्राइमरी स्कूल होंगे बेहतर

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं और आम लोगों के पार्टियों में शामिल होने का क्रम जारी है। लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के मुख्यालय में बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल से आए नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ली। सपा चीफ अखिलेश यादव ने प्रेस कॉफ्रेंस में एक नेता को अहम जिम्मेदारी दे दी। अखिलेश ने बसपा से आए एमएच खान को प्रेस वार्ता में ही प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी और कहा कि अब आप टीवी पर हमारा पक्ष रखेंगे। अखिलेश ने चाय की दुकान बंद कराने पर कहा कि यह कैसा लोकतंत्र है कि एक आदमी जिसने मुझे चाय पिला दी, उसकी दुकान बंद करा दी इसी बात की नाराजगी रही होगी शायद कि उसने कह दिया कि मेरे से अच्छी चाय कोई नहीं बना सकता। लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी की पदयात्रा पर कहा कि उन्होंने सुना है कुछ लोग पदयात्रा निकाल रहे थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शायद ही कभी ऐसा हुआ हो कि कोई सरकार अपने ही बनाए कानून के खिलाफ इस तरह संघर्ष करती दिखे।उन्होंने दावा किया कि इस बार चुनाव में एक समुदाय जिसे वे पीडीए और पीडीए परिवार कहते हैं-एकजुट होकर एक दल को हराने जा रहा है। इतनी भीषण गर्मी में भी कुछ लोग काला चश्मा लगाए बिना घूम रहे थे, मानो विपक्ष में बैठने की प्रैक्टिस कर रहे हों। यह पहली ऐसी सरकार है जो सत्ता में रहते हुए भी विपक्ष जैसा व्यवहार कर रही है। यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी हमेशा से महिला आरक्षण के पक्ष में रहे हैं, लेकिन अगर कोई इसे रोकना चाहता है तो वह बीजेपी है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सही तरीके से गिनती ही नहीं होगी, तो आरक्षण कैसे दिया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### फॉर्च्यूनर का दरवाजा अचानक खुलने से बाइक सवार टकराया

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी के गोमतीनगर इलाके में सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा आर्यन रेस्टोरेंट के सामने हुआ। जहां गलत दिशा में खड़ी फॉर्च्यूनर कार के ड्राइवर ने अचानक दरवाजा खोल दिया। जिससे बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो गया। पत्रकारपुरम गोमतीनगर निवासी मनीष यादव ने बताया कि वह अपनी बाइक से विवेक खंड स्थित ऑफिस जा रहे थे। इस दौरान सड़क के गलत दिशा में खड़ी फॉर्च्यूनर (यूपी 91वाई5551) के चालक ने अचानक दरवाजा खोल दिया। जिससे उनकी बाइक दरवाजे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मनीष यादव गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गए। इस दौरान फॉर्च्यूनर सवार घायल को वहीं छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों की मदद से मनीष को पास में मौजूद उनके एक परिचित की गाड़ी से डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में भर्ती कराया। होश आने पर डॉक्टरों ने बताया कि उनके दाहिने पैर में गंभीर चोटें आई हैं और दो हड्डियां टूट गई हैं। शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें पाई गई हैं। जिसके बाद मनीष ने शिकायत दर्ज कराई। मामले में इंस्पेक्टर गोमतीनगर ब्रजेश चंद्र तिवारी का कहना है पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

### बंद घर से जेवर-नकदी गायब, चोरों ने चाबी ढूंढ़कर अलमारी खोली

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र स्थित खुशहालगंज में



एक बंद मकान से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी हो गई। यह घटना तब हुई जब मकान मालिक अपने परिवार के साथ बाहर गए हुए थे। खुशहालगंज के पीड़ित शान बाबू पुत्र मो. नबी अपने घर से कुछ दूर स्थित प्लॉट पर गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने घर को निशाना बनाया और सुनियोजित तरीके से घर में घुसे। चोरों ने घर के अंदर अलमारी की चाबी ढूंढ़ ली। उसी के जरिये अलमारी को खंगाल लिया और जेवर पार कर दिए। बक्सों और कमरों को भी खंगाला। जेवर और नकदी मिलाकर करीब 8 लाख रुपए की चोरी हुई। परिवार के वापस लौटने पर उन्हें घर का सामान बिखरा हुआ और अलमारियां टूटी मिलीं। पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार, 20 अप्रैल की रात वह घर पर मौजूद नहीं था। घर के पास ही स्थित प्लॉट पर चले गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर को निशाना बना लिया। चोर घर में घुसकर अलमारी की चाबी ढूंढ़ते हुए उसमें रखा कीमती सामान पार कर ले गए। चोरी हुए सामान में सोने-चांदी के कई जेवरात शामिल हैं, जिनमें हार सेट, लौंग हार, झूमर, टीका, झुमकी, अंगूठियां, पायल, बाली, हाथ फूल और बच्चों के कड़े समेत अन्य जेवर शामिल हैं। इसके अलावा चोर 65 हजार रुपए की नकदी भी उठा ले गए। पीड़ित के मुताबिक, जब वह तड़के करीब 4 बजे घर लौटे तो अंदर का नजारा देख सन्न रह गए। घर का सामान बिखरा पड़ा था और आलमारी का सारा कीमती सामान गायब था। अनुमान के मुताबिक करीब 8 लाख रुपए की चोरी हुई है।

### जंगल की आग गांव तक पहुंची, युवक झुलसा 15 बकरी और 3 भैंस जिंदा जलीं

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी के दुबग्गा क्षेत्र स्थित मलहा गांव में मंगलवार को जंगल में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया। तेज हवाओं के कारण आग गांव के मकानों तक फैल गई। जिससे कई घर इसकी चपेट में आ गए। एक युवक झुलस गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। 15 बकरियां और 3 भैंस जिंदा गई। जंगल में लगी आग अचानक इतनी भीषण हो गई कि उसकी लपटें तेजी से गांव के किनारे तक पहुंच गई। आग की तेज गति के कारण ग्रामीणों को संभलने का ज्यादा समय नहीं मिला और पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। आग की लपटें घरों तक पहुंचने पर ग्रामीण अपना सामान सुरक्षित स्थानों पर ले जाने लगे। कई लोगों ने बाल्टियों और पाइप की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के कारण उनके प्रयास सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, चंदर रावत की 15 बकरियां जलकर मर गईं। महादेव, महावीर और मुनेश्वर की 1-1 भैंस जिंदा जल गई। महावीर का 22 वर्षीय बेटा मोहित आग बुझाने के प्रयास में झुलस गया, जिसे उपचार के लिए भेजा गया है। आग की लपटों ने राम विलास की पान-मसाले की गुमटी जल गई। उसमें रखा करीब डेढ़ लाख रुपए का सामान राख हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां करीब एक घंटे की देरी से मौके पर पहुंचीं, जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया और नुकसान बढ़ गया। फिलहाल प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच में जुटा है।

# महिला विरोधी है इंडिया गठबंधनः पंकज चौधरी

- पंकज चौधरी का विपक्ष पर तीखा हमला



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने मंगलवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन को महिला विरोधी गठबंधन करार दिया और कहा कि उसे इसके परिणाम 2027 के राज्य विधानसभा चुनाव में भुगतने होंगे। महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने और लोकसभा सीट की संख्या बढ़ाकर 816 करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा लाया गया संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पिछले शुक्रवार को निचले सदन में पारित नहीं हो पाने के बाद चौधरी की यह टिप्पणी आयी है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने उत्तर प्रदेश विधान भवन के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, नारी का उत्थान व सम्मान, भाजपा की यही पहचान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तीकरण के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम का मुख्य उद्देश्य देश की माताओं और बहनों को नेतृत्व का अधिकार देना है, ताकि लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीट पर महिलाएं चुनाव लड़ सकें और नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इसके बावजूद समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस सहित विपक्ष ने इसमें बाधा डाली। उन्होंने कहा, कुछ लोगों ने कहा कि इससे उत्तर और दक्षिण भारत में भेद उत्पन्न हो जाएगा। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि मुस्लिम महिलाओं का आरक्षण भी होना चाहिए। हमारे नेताओं ने सदन में इन सभी आपत्तियों का विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल जहां एक तरफ महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ नकाब और वोट बैंक के चक्कर में उन्होंने 20 प्रतिशत अल्पसंख्यक महिलाओं के नाम पर 80 प्रतिशत बहुसंख्यक महिलाओं के हितों को ठेस पहुंचाने का काम किया है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी का सूपड़ा साफ होना है। 2027 में बिना महिलाओं के कोई चुनाव जीत सकता है क्या? अगर महिलाओं को आरक्षण नहीं दिया गया, तो सपा-कांग्रेस को आने वाले चुनाव में कोई वोट नहीं मिलेगा। इसके लिए तैयार हो जाइए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा है कि हम हिम्मत नहीं हारेंगे। हम महिलाओं को आरक्षण दिलाकर रहेंगे। इसी संकल्प के साथ हमें यहां से जन आक्रोश मार्च निकालना है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा, आज प्रदेश की महिला शक्ति सड़कों पर है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता के कारण नारी शक्ति वंदन (संशोधन) अधिनियम को संसद में रोकने का काम किया गया है। आज उत्तर प्रदेश की आक्रोशित बहनें सड़क पर निकलकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का बैंड बजाने का काम कर रही हैं। ब्रजेश पाठक ने कहा कि इन पार्टियों को आने वाले चुनावों में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

उन्होंने कहा, हम सब अच्छी तरह जानते हैं कि समाजवादी पार्टी की सरकार जब-जब प्रदेश में होती है, गुंडे-बदमाश खुलेआम बहन-बेटियों को परेशान करने का काम करते हैं। इसीलिए नारे लगते हैं, देख सपाई-बिटिया घबराई। वक्त है कि सब एकजुट होकर सपा व कांग्रेस को महिला शक्ति का अहसास कराएं।

# नागरिकों के प्रति उत्तरदायित्व हमारी प्राथमिकताः निरंजन

- आशुतोष निरंजन ने संभाली परिवहन आयुक्त की कुर्सी



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** आईएएस अफसर आशुतोष निरंजन ने आज परिवहन आयुक्त के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं, कार्यक्रमों एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने परिवहन विभाग की प्राथमिकताये गिनाई और साफकहा, दायित्व निर्वहन में कोताही कतई बर्दाश्त नहीं कि जायेगी।नागरिकों के प्रति उत्तरदायित्व को हमें प्राथमिकता देनी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ करें तथा शासन की मंशा के अनुरूप कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें। उन्होंने साफ कहा, कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं। लापरवाही या जवाबदेही में कमी की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। अधिकारी एवं कार्मिक समय से कार्यालय में उपस्थित रहें और दायित्वों का समयबद्ध निस्तारण करें।नागरिकों के प्रति उत्तरदायित्व को प्राथमिकता देते हुए कार्य करें जिससे विभाग के प्रति आमजन में सकारात्मक एवं विश्वसनीय छवि स्थापित हो सके।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) लखनऊ का जेईई मेन 2026 में शानदार प्रदर्शन




**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (AESL), लखनऊ के छात्रों ने JEE Main 2026 में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी सफलता का परचम लहराया है। राणा शत्रुजीत ने 99.90 परसेंटाइल हासिल कर सिटी टॉपर का स्थान प्राप्त किया, जो सभी बैचों में निरंतर उत्कृष्ट परिणाम और उच्च स्तर की तैयारी को दर्शाता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा कल शाम जारी किए गए परिणामों के अनुसार, आकाश इंस्टिट्यूट, लखनऊ के 23 छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। JEE Main 2026 (सेशन 2) में आकाश लखनऊ क्षेत्र के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रसुख जैन ने 99.88 परसेंटाइल के साथ शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में जगह बनाई। उनके बाद अक्षत यादव ने 99.73 परसेंटाइल और अंशिका अग्रहरी ने 99.49 परसेंटाइल हासिल किए। मोहम्मद अली ने भी 99.24 परसेंटाइल प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर AESL के रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने कहा, 'लखनऊ के छात्रों की सफलता उनकी मेहनत और आकाश के मजबूत शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है, जो हर स्तर पर छात्रों के विकास में सहायक है। उनकी लगन, निरंतर प्रयास और सुधार की भावना ने इन शानदार परिणामों को संभव बनाया है। मैं सभी छात्रों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। इन परिणामों ने एक बार फिर छात्रों की कड़ी मेहनत और संस्थान की अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर किया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय आत्म-अनुशासन, नियमित अभ्यास, कड़ी ट्रेनिंग, समय-समय पर मिले मार्गदर्शन और नियमित मूल्यांकन को दिया। इन सभी कारकों ने उन्हें अपनी कमजोरियों को समय रहते पहचानने और लगातार सुधार करने में मदद की। एक संरचित पाठ्यक्रम, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित मॉक टेस्ट के सहयोग से उन्होंने अपनी तैयारी को मजबूत किया और परीक्षा के लिए खुद को पूरी तरह तैयार किया। JEE Main परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है, जिससे छात्रों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने का अवसर मिलता है। इसी परीक्षा के माध्यम से छात्रों को NITs, IIITs और अन्य सरकारी संस्थानों में प्रवेश मिलता है, साथ ही JEE Advanced के लिए पात्रता भी प्राप्त होती है, जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IITs) में प्रवेश का मार्ग है।

# सपाइयों का बीजेपी ऑफिस के बाहर हंगामा, पार्टी का झंडा फूंका

समृद्धि न्यूज़



**लखनऊ।** राजधानी में सपाइयों ने बीजेपी का झंडा जलाया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो उनसे धक्का-मुक्की की। पुलिस ने एक-एक कार्यकर्ता को टांग कर गाड़ी में डाला और इको गार्डन ले जाकर छोड़ दिया। महिला सपा विंग की कार्यकर्ताओं ने कहा हमारी पार्टी का झंडा और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीर जलाई गई थी। जिसका विरोध करते हुए अब हम लोग झंडा जला रहे हैं। महिला सपा विंग की रिंकी और रंजन अपने साथी कार्यकर्ताओं के साथ शाम करीब पांच बजे बीजेपी का झंडा लेकर हजरतगंज स्थित पार्टी कार्यालय के बाहर पहुंची पुलिस और प्रदर्शनकारी महिलाओं के बीच में जमकर धक्का मुक्की और नोकझोंक हुई। झंडा जलाने के बाद रिंकी यादव ने कहा हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी का अपमान हुआ है, जिसका हमने बदला लिया। यह सरकार सिर्फमहिलाओं की बात करती है। यह सरकार महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर कोई काम नहीं करती। यह पुलिस वाले प्रशासन के लोग खड़े होकर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष की फेटोजलवाते हैं। जब हमारी पार्टी का झंडा जलता है तब कोई पुलिस वाला नहीं आता। आज हम लोग भी झंडा जल रहे हैं। रंजन यादव ने कहा रोज महिलाओं का अपमानित किया जाता है तब योगी और मोदी की पुलिस कहां चली जाती है। हमारी पार्टी का जो झंडा जला था। उसके बाद हमने भी झंडा जला दिया है। हम लोग यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। पूरे प्रदेश में महिलाएं पीड़ित हैं। महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। तमाम तरीके के अपमान होते हैं। तब कोई नहीं बोलता।

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का सघन अभियान



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न हो रहे यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने सोमवार को एक व्यापक एवं बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है। जोन-4 में सहायक नगर आयुक्त एवं जोनल अधिकारी श्रीमती शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के तहत एचसीएल पुलिस चौकी से एचसीएल गेट नंबर-1 तक तथा चिनहट तिराहे के आसपास विशेष रूप से अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम की प्रवर्तन टीम-296 एवं कर अधीक्षक बनारसी दास की देखरेख में अतिक्रमण हटाया गया, जिससे बाधित यातायात को सुचारू किया जा सका। कार्रवाई के दौरान एक पान की गुमटी, एक स्टील काउंटर, दो लोहे के काउंटर तथा चार ठेले जब्त किए गए।जोन-7 में भी जोनल अधिकारी श्री रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नालियों, नालों और सड़कों की दोनों पट्टियों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। विशेष रूप से लेखराज मेट्रो स्टेशन के आसपास अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया गया। कार्रवाई के दौरान एक ठेलिया और चार कुर्सियां जब्त की गईं, जबकि चार लोहे के काउंटर, तीन ठेले, दो ठेलिया और चार गुमटियां हटाई गईं। इस अभियान में कर अधीक्षक श्री विनय मौर्य, ईटीएफटीम तथा प्रवर्तन दल-296 की सक्रिय भागीदारी रही।

## निजीकरण व उत्पीड़न के खिलाफ जन-जागरण तेज

**समृद्धि न्यूज़ लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर संचालित प्रदेशव्यापी जन-जागरण अभियान के अंतर्गत आज हापुड़ एवं अमरोहा में प्रभावी विरोध सभाएं आयोजित की गईं।

इस अभियान का उद्देश्य बिजली कर्मचारियों, अभियंताओं एवं संविदा कर्मियों पर हो रहे उत्पीड़न, बिजली क्षेत्र में तेजी से बढ़ते निजीकरण तथा तानाशाहीपूर्ण नीतियों के विरुद्ध व्यापक जनसमर्थन तैयार करना है।

### 46 सुपरवाइजर और प्रगणक पहले दिन के प्रशिक्षण में मिले गैरहाजिर

# जनगणना प्रशिक्षण से गैरहाजिर कर्मियों पर एफआईआर की चेतावनी

समृद्धि न्यूज़



**लखनऊ।** नगर निगम जोन-3 में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर सख्त रुख अपनाया। अलीगंज स्थित गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेज में आयोजित इस प्रशिक्षण के पहले दिन जिलाधिकारी विशाख जी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अनुपस्थित कर्मियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने या जनगणना कार्य से इनकार करने वाले प्रगणक और सुपरवाइजरों के खिलाफ जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 11 के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी। जिलाधिकारी लखनऊ ने बताया कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों को जनगणना कार्य के लिए नियुक्त किया गया है, उनका प्रशिक्षण में शामिल होना अनिवार्य है। जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 11 के अनुसार, यदि कोई नियुक्त अधिकारी बिना उचित कारण अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करता या जानबूझकर लापरवाही करता है, तो उसे 3 साल तक की सजा, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। यह एक संज्ञेय अपराध है। नगर निगम जोन-3 क्षेत्र में अलीगंज स्थित गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेज में जनगणना प्रगणक और सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण किया और स्पष्ट निर्देश दिए कि अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में भोजन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, इसलिए अनुपस्थिति का कोई बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ चरणबद्ध कार्रवाई की जाएगी। पहले उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर सेवा नियमों के तहत निलंबन किया जाएगा। लगातार अनुपस्थित रहने या कार्य से बचने पर धारा 11 के तहत एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने 21 अप्रैल 2026 को प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे सुपरवाइजर और प्रगणकों की सूची जारी की है। इन सभी के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। अनुपस्थित सुपरवाइजर में कुरैशिया अब्बासी (सीनियर असिस्टेंट, डिस्ट्रिक्ट इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल), अकरम (डिस्ट्रिक्ट इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल), अतुल जायसवाल (डिस्ट्रिक्ट इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल), सचिदानन्द (डिस्ट्रिक्ट इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल), अभिषेक कुमार (जूनियर इंजीनियर, यूपी एसबीसीएलबीसीयू-1), सुशील कुमार गुप्ता (असिस्टेंट इंजीनियर, यूपी एसबीसीएलबीसीयू) एवं कविता राज (सीनियर असिस्टेंट, डिस्ट्रिक्ट इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल) के नाम शामिल है।

# जनाक्रोश रैली के बाद कई चौराहों पर जाम



- पैदल लौट रहीं महिलाएं धूप में बेहाल

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार को भीषण जाम लग गया। जनाक्रोश महिला पद यात्रा के मद्देनजर किया गया रूट डायवर्जन प्लान रैली पूरी होने के बाद फेल हो गया। हजरतगंज में गाड़ियां इकट्ठा पहुंच गई जिससे ट्रैफिक्क जाम लग गया। इस वजह से पूरे शहर का ट्रैफिक्क प्रभावित हो गया। मुख्य रूप से हजरतगंज, हुसैनगंज, कैसरबाग, गोमतीनगर का 1090 चौराहा, निशातगंज, ग्रीन कॉरिडोर की तरफ से हजरतगंज आने वाली वाली सभी सड़कें जाम चोक हो गई। मुख्य चौराहों पर भीषण जाम की वजह से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रैली से लौट रहीं महिलाएं धूप में बेहाल हुईं। कार्यक्रम को देखते हुए सुबह 6 बजे से कई रास्तों पर ट्रैफिक्क प्रतिबंधित किया गया और वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए थे। वैकल्पिक मार्ग होने के बावजूद ट्रैफिक्क बुरी तरह लगा। लालबत्ती चौराहा, हजरतगंज, विधानसभा मार्ग, जीपीओ, डीएसओ चौराहा, सिकंदरबाग, परिवर्तन चौक, लालबाग, कैपिटल तिराहा समेत कई प्रमुख मार्गों पर सामान्य यातायात रोका गया था। वाहनों को कटाईपुल, जी-20 चौराहा (शहीदपथ), कमता तिराहा, कैंट, डालीगंज, पिपराघाट, ग्रीन कॉरिडोर, कैसरबाग, चिरैयाझील, दिलकुशा जैसे वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया गया था। बसों के लिए भी यही रूट निर्धारित थे। रोडवेज और सिटी बसों के रूट में भी बदलाव किया गया था। बसों को सिकंदरबाग, हजरतगंज और विधानसभा मार्ग से होकर जाने की अनुमति नहीं थी। इन्हें ग्रीन कॉरिडोर, डालीगंज और कैंट होते हुए चलने के लिए निर्देश थे।

# सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया के प्रयासों से रोशन हुए स्वास्थ्य केंद्र

**सिंधौली और गंगसरा में 10 किलोवाट सोलर पावर प्लांट का हुआ उद्घाटन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आज एक मील का पत्थर स्थापित हुआ। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया के विशेष प्रयासों और दूरदर्शिता के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंगसरा को निर्बाध बिजली की सौगात मिली है। राज्यसभा सांसद ने सीएसआर योजना के अंतर्गत इन दोनों केंद्रों पर 10-10 किलोवाट के सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। विकास के प्रति राज्य सभा सांसद की प्रतिबद्धता क्षेत्रीय जनता और स्वास्थ्य विभाग के लिए यह गर्व का क्षण रहा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि जनसेवा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार उनकी प्राथमिकता है। यह पावर प्लांट न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इससे बिजली कटौती के दौरान भी मरीजों के इलाज, टीकाकरण और आपातकालीन सेवाओं में कोई बाधा नहीं आएगी। इस दौरान स्थानीय नागरिकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से बिजली की समस्याओं के कारण इलाज में आने वाली चुनौतियों को उन्होंने गंभीरता से लिया। सांसद के व्यक्तिगत रुचि लेने और सीएसआर फंड के माध्यम से इस परियोजना को धरातल पर उतारने के कारण ही सिंधौली और गंगसरा के अस्पताल आधुनिक तकनीक से लैस हो पाए हैं। सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया का यह कदम दर्शाता है कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर संकल्पित हैं। इस पावर प्लांट के लग जाने से अब गरीब मरीजों को अंधेरे में इलाज कराने से मुक्ति मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक प्रभावी होंगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विवेक मिश्रा, चिकित्सा अधिकारी सिंधौली डॉक्टर मोहम्मद जफर सैफी, चिकित्सा अधिकारी गंगसरा डॉ नरेंद्र पाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुनेश्वर सिंह, जिला मंत्री विपिन शुक्ला, मंडल अध्यक्ष राजेश राजपूत, रमेश मिश्रा, बलदेव सिंह, भूपेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, सत्यपाल सिंह, जिवेन्द्र गुप्ता, सत्येंद्र सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी पुष्पेंद्र सिंह पुत्र सुरेश पाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार की दोपहर लगभग 2:30 बजे वह अपने घर पर था तभी उसका पड़ोसी अवनीश सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह उसके दरवाजे पर आया और गालियां देने लगा। जब गलियों का विरोध किया तब उसने उसके मकान की नाली के पाइप तोड़ डाले। जब उसने 112 पर कॉल की तो उक्त व्यक्ति नाराज हो गया और जान से मारने की नीयत से उसने ईट से वार कर दिया । जिस पर वह घर में घुस गया और अपनी जान बचाई। इसके बाद भी अवनीश घर में घुस आया और ईट से उसकी बाइक और दरवाजे तोड़ दिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## फोरलेन निर्माण बना मुसीबतः नालों की ऊंचाई बढ़ने से बस्तियों में भरा गंदा पानी, डीएम के आदेश पर जांच

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बरेली मोड़ से जलालाबाद तक बन रहे स्टेट हाईवे फोरलेन निर्माण में लापरवाही का मामला सामने आया है। नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क किनारे बनाए गए नालों की ऊंचाई अधिक होने के कारण आबादी के गंदे पानी की निकासी बाधित हो गई है, जिससे कई इलाकों में जलभराव की समस्या खड़ी हो गई है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या की शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी नूरजहां से की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी ने सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार के खिलाफ जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार से शिकायत की। मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता पवन कुमार महेन्द्रनाथ और अवर अभियंता कुलदीप कुमार को मौके पर भेजा। अधिकारी आनन-फानन में नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और अधिशासी अधिकारी नूरजहां के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जलभराव की स्थिति का जायजा लिया गया। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि व पूर्व चेयरमैन रईस मियां, सभासद रामलडैतेराठौर, लालजीत, अकरम खां, सफाई नायक संजय कुमार, राज किशोर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। नगरवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो हालात और बिगड़ सकते हैं। प्रशासन ने मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# खुटार में चोरों का बढ़ा आतंक, एक ही रात में दो घरों से चोरी

**पुलिस गश्त पर सवाल, भय में जीने को मजबूर ग्रामीण**

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





खुटार थाना क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो अलग-अलग गांवों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैला दी। गुरघिया और मोहनपुर गांव में हुई इन घटनाओं के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है, जबकि पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम गुरघिया निवासी परशुराम के घर को चोरों ने निशाना बनाया। देर रात जब पूरा परिवार छत पर सो रहा था, उसी दौरान चोर घर में घुस गए और करीब 10 हजार रुपये की नकदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद परिवार में हड़कंप मच गया। इसी क्रम में पड़ोसी गांव मोहनपुर में भी चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। यहां रामाकांत के घर में चोरों ने उस समय धावा बोला जब परिवार के कुछ सदस्य शादी समारोह में गए हुए थे। उनके पुत्र आदर्श मिश्रा ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ रात करीब एक बजे घर लौटे और सो गए। घर की महिलाएं बरामदे में सो रही थीं। इसी बीच मौका पाकर चोर घर में घुस गए और लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी कर फरार हो गए। सुबह घटना का पता चलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वहीं, शाहजहांपुर से आई फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। टीम ने घर के भीतर और आसपास से जरूरी सुराग जुटाए हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। लगातार दो गांवों में हुई चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में रोष है। लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

# चीनी मिल यूनिट हेड में किया कई गांवों का निरीक्षण

**गन्ना क्षेत्र बढ़ाने तथा रैटून में समय पर निराई-गुड़ाई, सिंचाई और संतुलित उर्वरक उपयोग पर विशेष जोर**

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल के युनिट हेड भुपेंद्र सिंह व एजीएम केन सतीश सिंह के साथ पुवायां गेट क्षेत्र के मुढ़िया जवान, ढाका घनश्याम, ढुकरी बुजुर्ग एवं बरगदा गांवों का दौरा किया। इस दौरान गन्ना रोपाई एवं रैटून फसल प्रबंधन कार्यों का निरीक्षण किया गया। गन्ना क्षेत्र बढ़ाने तथा रैटून में समय पर निराई-गुड़ाई, सिंचाई और संतुलित उर्वरक उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। किसानों को टॉप बोरर नियंत्रण हेतु कीटनाशकों के सही उपयोग की तकनीकी जानकारी दी गई तथा खेत पर प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही, समेकित पोषक तत्व प्रबंधन और समेकित कीट प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। बेहतर टिलरिंग और अधिक उत्पादन के लाभ भी समझाए गए। किसानों ने उन्नत प्रजातियों के गुणवत्तापूर्ण बीज की मांग रखी। दोपहर में यूपी वेस्ट क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ बैठक कर बीज व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण गन्ना बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने, किसानों से संपर्क कर जानकारी जुटाने तथा समय पर केन विभाग को सूचित करने के निर्देश दिए गए, ताकि आवश्यकतानुसार बीज की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## खबरें एक नजर में

### बी.एससी.(पीसीएम) का परिणाम घोषित, अनन्या, कनक व कृष्णा रहीं शीर्ष पर

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज का बी.एससी. (गणित) विषम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार सिंह ने बताया कि पंचम सेमेस्टर में कृष्णा चौहान ने 7.74 एसजीपीए (सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट एवरेज) के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया और मुस्कान व अनुज कुमार ने क्रमशः 7.48 व 7.39 एसजीपीए के साथ द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, तृतीय सेमेस्टर में कनक यादव ने 8.26 एसजीपीए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि काजल पाल व शुभांक राज मौर्या ने क्रमशः 7.83 व 7.74 एसजीपीए के साथ द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम सेमेस्टर में अनन्या शर्मा ने 8.30 एसजीपीए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इशिता शर्मा व अक्षरा सक्सेना ने क्रमशः 8.22 व 8.04 एसजीपीए के साथ द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी महाराज, कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश मिश्रा, प्राचार्य प्रो. डा.राकेश कुमार आज़ाद, उपप्राचार्य प्रो. डा. अनुराग अग्रवाल, भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ राजनंदन सिंह राजपूत, डॉ हर्ष पाराशरी, डॉ अमित कुमार, डॉ संदीप दीक्षित, डॉ चंदन गोस्वामी, सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ शशांक गुप्ता, भानु प्रताप सिंह, अमित राज चौहान सहित सभी शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई और आशीर्वाद दिया।

### आम के पेड़ से लटककर युवक ने दी जान, फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

**कांट, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गुरथना में मंगलवार सुबह एक व्यक्ति द्वारा आम के पेड़ से लटककर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 10 बजे आनंद यादव (प्रधान पति) पुत्र बल सिंह यादव निवासी ग्राम गुरथना ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी आम की बाग में एक व्यक्ति पेड़ से लटका हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि मृतक की पहचान मनोहर सिंह उर्फ बलदेव सिंह (उम्र करीब 45 वर्ष) पुत्र बहोरन सिंह निवासी ग्राम पिपरोला थाना कांट के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि वह गुरथना में अपने रिश्तेदारी में आए हुए थे।प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक ने आम के पेड़ में गमछे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या की है। घटना की जानकारी मिलते ही फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बहला-फुसलाकर दो युवतियों को भगा ले जाने वाले आरोपी गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चिन्हित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा तत्परता एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना के आधार पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली पर दर्ज रिपोर्ट के आधार पर 16 अप्रैल को मु.अ.सं. 105/26 धारा 87 बी.एन.एस. के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था, जिसमें आरोप अंकित किया गया कि विपक्षी अभियुक्त द्वारा प्रार्थी पक्ष की दो पुत्रियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल विवेचनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की गई। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर एक अन्य अभियुक्त नंदकिशोर पुत्र कामता प्रसाद निवासी मोहल्ला ओमनगर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद का नाम प्रकाश में आया। पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास, संभावित स्थानों पर दबिश एवं मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर 20 अप्रैल को समय करीब 22:30 बजे बरेली मोड़ क्षेत्र से वांछित अभियुक्त रवि पुत्र सतीश निवासी ग्राम सेगनपुर थाना अयाना जनपद औरैय्या को धारा 87 बी.एन.एस. तथा प्रकाश में आये अभियुक्त नंदकिशोर (उम्र लगभग 18 वर्ष) को धारा 137(2)/87 बी.एन.एस. के अंतर्गत विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही अमल में लाते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। प्रकरण में अन्य तथ्यों एवं संभावित संलिप्तता के संबंध में जांच प्रचलित है तथा आवश्यकतानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# हाईवे पर तीन कारों और बाइक की टक्कर, 13 लोग घायल

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार देर रात खुटार क्षेत्र के एक हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन कारों और एक बाइक की आपस में टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कुल 13 लोग घायल हो गए। घायलों में से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखीमपुर खीरी जिले के मैलानी थाना क्षेत्र के गांव सपहा निवासी बांकेलाल अपने भतीजे की बारात लेकर खुटार के गांव सिहुरा खुर्द कलां गए थे। देर रात करीब साढ़े दस बजे बारात से लौटते समय उनकी कार हाईवे पर पहुंची, जहां आगे चल रही एक बाइक से अचानक टकरा गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार संतुलन खो बैठे, जिससे कार चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका।

इसी बीच पीछे से आ रही दूसरी कार भी अनियंत्रित होकर पहले से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से टकरा गई और सड़क किनारे डिवाइडर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि एक कार पलट गई, जिससे उसमें सवार कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग तुरंत सहायता के लिए दौड़ पडा। घटना में घायल लोगों में राजेंद्र, अरुण, पुनीत समेत अन्य कई लोग शामिल हैं, जिन्हें पुलिस की मदद से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल तीन व्यक्तियों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। जहां राजेंद्र ने अपना दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है, लेकिन मामले की जांच की जा रही है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना इस तरह की घटनाओं की मुख्य वजह बन रहा है। पुलिस ने वाहन चालकों से सावधानी बरतने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की है।

## गुरुनानक पाठशाला कन्या हाईस्कूल में निबंध पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिता



**शाहजहांपुर।** लायन क्लब शक्ति शाहजहांपुर के द्वारा लायंस क्लब इंटरनेशनल एनवायरनमेंट सर्विस वीक के अंतर्गत मंगलवार को गुरुनानक पाठशाला कन्या हाईस्कूल में निबंध पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। लायन ललिता यादव ने बताया लगभग 50 बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इसमें सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार दिए जाएंगे। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होते हैं तथा उनका मनोबल बढ़ता है। इस प्रतियोगिता को कराने में विद्यालय प्रधानाचार्या, शिक्षिकाओं व बच्चों का योगदान रहा। वही दूसरी ओर लायन क्लब शक्ति द्वारा पर्यावरण सेवा सप्ताह के अंतर्गत साउथ सिटी कॉलोनी में पौधारोपण किया गया। जिसमें आम और फूलदार पौधे लगाए गए तथा लोगों को पौधे लगाने के लिए पौधे वितरित किए तथा लोगों को जागरूक किया। हमारे क्लब के द्वारा अभी तक लगभग 50 पौधे लगाए जा चुके हैं। पर्यावरण को बचाने के लिए सभी आगे बढ़कर आए और अपने पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं। एक्टिविटी में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, लायन कमल नारंग, लायन अनु ,शिखा आदि मौजूद रहे।

## टायर फटते ही पलटा मैजिक लोडर, दो की मौत, दो घायल

**ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचकर परिजनों से की मुलाकात**

**कांट, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के जलालाबाद रोड स्थित ग्राम जरावन-जसनपुर पुलिया के पास मंगलवार सुबह करीब 10 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सब्जी लादकर जलालाबाद से कांट आ रहा मैजिक लोडर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, हादसा वाहन का अगला बायां टायर फटने के कारण हुआ। टायर फटते ही चालक नियंत्रण खो बैठा और मैजिक लोडर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में रामप्रकाश (44) पुत्र गिरवर निवासी ग्राम बबौरी और खुशीराम (60) पुत्र मकरंद निवासी ग्राम खपटी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं धर्मेंद्र (40) निवासी रतनापुर और रामदास (50) निवासी करमौली घायल हो गए। कांट पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल भेजवाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्य ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। हादसे की सूचना पर ददरौल विधायक अरविंद सिंह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मिलकर सांत्वना दी तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# गाड़ी के आगे गाड़ी लगाने पर मचा बबाल, पांच गम्भीर घायल

**सामुदायिक विवाद की सूचना पर रात में ही एसपी ग्रामीण मौके पर पहुंचीं, तड़के सुबह तक आठ आरोपी हुए गिरफ्तार**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



गांव महियावर निवासी सुरेशपाल सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 20/21 अप्रैल की रात करीब 12 बजे रात्री वह अपने भाई अमर सिंह व शिव नरायन सिंह पुत्रगण धूमपाल सिंह तथा अंकित सिंह पुत्र सुरेशपाल सिंह , मोनू सिंह पुत्र रावेन्द्र सिंह अपनी गाडी से तिलहर के बालाजी मैरिज लान जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते मे भक्सी तिराहे पर मतीउल्ला की चाय की दुकान के पास पानी की बोतल लेने के लिये रुके। आरोप है कि वहां तिलहर के मोहल्ला जेरबर गद निवासी हसीव पुत्र सरीफ अपनी मीट बाली गाडी से आया और उनकी गाडी के सामने गाड़ी रोक दी। हसीब से गाडी साइड से लगाने को कहा तो गालिया देने लगा। आरोप है कि हसीव की तरफ से अजीम पुत्र सरीफ , तारीफ पुत्र आसिक अली, साहिद पुत्र अशरफ, मो अनीश पुत्र रहीश अहमद, तसलीम पुत्र सरीफ, सरीफ पुत्र अहमद उल्ला, मुकररम पुत्र मती उल्ला जाफर पुत्र सरीफ तथा 5 -7 अज्ञात व्यक्ति आ गये और गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर जान से मारने की नियत से लाठी डन्डो से अमर सिंह , शिवनराय सिंह, मोनू सिंह पुत्र रामेन्द्र सिंह, अंकित सिंह को बुरी तरह से मार पीट कर लहू लुहान कर दिया। घायलों को सीएचसी भिजवाया गया। जहां से डॉक्टर ने गंभीरावस्था में पीड़ित पक्ष के चार अमर सिंह , शिवनारायण, मनू व अंकित तथा आरोपी पक्ष का एक व्यक्ति हसीव को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। देर रात हुए इस हमले को लेकर सामुदायिक विवाद की जबरदस्त चर्चा रही। रात करीब देश बजे एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे कोतवाली पहुंची। और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। रात में ही जान लेवा हमले व हत्या के प्रयास मामले में नौ नामजद तथा पांच से सात अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। रात में ही पुलिस हरकत में आ गई और सुबह करीब चार बजे आठ आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। उधर कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि किसी प्रकार का सामुदायिक विवाद नहीं है। अफवाहों पर ध्यान न देने की जनता से अपील की है।

# अवैध प्लाटिंग पर फिर गरजा प्राधिकरण का बुलडोजर

**बिना लेआउट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना लगभग 6,500 वर्गमीटर भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग को जेसीबी से ध्वस्त कराया**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम के मार्गदर्शन में प्राधिकरण सीमा के अन्तर्गत भूउपयोग के विपरीत तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किए जा रहे अवैध प्लाटिंग, कमरे व बाउंड्रीवाल को प्राधिकरण की टीम ने ध्वस्त कराया है। लगभग एक वर्ष पूर्व शाहजहांपुर में शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन हुआ और तब से शहर के आसपास की जमीनें बेशकीमती हो गई और लोगों की जमीनों को बड़े बड़े कालोनाइजरों द्वारा खरीदकर प्लाटिंग का कार्य किया जाने लगा। विगत चार महीने से लगातार इस तरह के अवैध प्लाटिग निर्माण को प्राधिकरण की जेसीबी ध्वस्त करा रही है और अब तक प्राधिकरण द्वारा लगभग डेढ़ लाख वर्गमीटर से अधिक भूमि पर किये गये अवैध प्लाटिंग, बाउण्ड्रीवाल निर्माण को जमीनदोज किया जा चुका है। इसी क्रम में 21 अप्रैल को डीएम के मार्गदर्शन में प्राधिकरण सचिव अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम जेई रमेश वर्मा, कनिष्ठ सहायक अपार कपूर, थाना रामचन्द्र मिशन के प्रभारी निरीक्षक तथा नगर निगम की ईटीएफ टीम के द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम मिश्रीपुर में बिना विधिक तरीके से लेआउट पास कराए और मानचित्र स्वीकृत कराये बिना लगभग 6,500 वर्गमीटर भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग को जेसीबी द्वारा ध्वस्त कराया गया। प्राधिकरण के सचिव अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि जनमानस से बार-बार यह आग्रह किया जा रहा है कि प्राधिकरण की सीमा के अंतर्गत कोई भी भूमि क्रय करने से पूर्व यह अवश्य देख लें कि उस भूमि का लेआउट पास है या नहीं तथा जिस स्थल पर उनके द्वारा जमीन ली जा रही है। वह जमीन वास्तव में महायोजना-2031 में आवासीय परियोजना के लिए आरक्षित है अथवा नहीं। यह भी देखने में आ रहा है कि अपनी महत्वपूर्ण कमाई को बिना प्राधिकरण के संपर्क में आए बाजार में घूम रहे ऐसे अवैध प्लाटिंग होल्डरों के चंगुल में सीधी साधी जनता फंस जाती है और बाद में पता चलता है कि उन्होंने अपने जीवन की जो गाढ़ी कमाई का धन जमीन खरीदने में लगाया है, वह जमीन आवासीय प्रयोजन के लिए नहीं है। उनका नुकसान होता है। सचिव प्राधिकरण द्वारा यह भी बताया गया कि किसी भी दशा में कोई भी नया निर्माण प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना न करें। यदि किसी के द्वारा चोरी छिपे कोई निर्माण कराया जा रहा है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। किसी भी कॉलोनी में प्लाट खरीदने से पूर्व यह भी जाँच करले कि उक्त कॉलोनी न्ब्त्म्। में पंजीकृत है अथवा नहीं। ऐसी दशा में, बिना नक्शा पास कराए प्राधिकरण से क्रय किए जाने वाली भूमि के बारे में वस्तुस्थिति पता कराये बगैर कोई भी व्यक्ति कॉलोनाइजरों से भूमि न खरीदे। यह भी स्पष्ट करना है कि महायोजना विकास क्षेत्र-2031 के अंतर्गत किसी भी प्रकार का ले-आउट-मानचित्र स्वीकृत करने का अधिकार शाहजहाँपुर विकास प्राधिकरण में निहित है। किसी अन्य विभाग को शाहजहाँपुर महायोजना-2031 क्षेत्र के अंतर्गत मानचित्र स्वीकृत करने का अधिकार नहीं है।

# शाहजहांपुर में बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़, एक घायल

- तीनों आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, दो आरोपी भेजे गए जेल

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**





बीती रात थाना पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि दो अन्य आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

दरअसल, यह पूरा मामला बीती रात का है, जब पुवायां थाना पुलिस रात्रि गश्त और संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से सिसोरा, थाना मोहम्मदी जनपद खीरी की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मोहम्मदी रोड पर अंडरपास के पास चेकिंग शुरू की। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन बाइक सवार भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी सौरभ मिश्रा निवासी हरदयाल कूंचा कस्बा पुवाया घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सौरभ मिश्रा निवासी हरदयाल कूंचा पुवायां, अर्पित सक्सेना निवासी बडागांव पुवायां और मौसम दीक्षित उर्फ आशुतोष निवासी सिसोर थाना मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से अवैध असलहा और अन्य सामान भी बरामद किया है, जिसमें एक तमंचा 315 बोर, जिंदा और खोखा कारतूस, छीना गया मोबाइल, 840 रुपये नकद और एक पल्सर मोटरसाइकिल शामिल है।

पुलिस के मुताबिक, ये सभी अभियुक्त लूट, मोबाइल छिनैती और चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देने के आदी अपराधी हैं। इनके खिलाफ शाहजहांपुर और खीरी जनपद में करीब 20 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना पुवायां में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। सीओ प्रवीण मलिक ने बताया एक आरोपी मुठभेड़ में घायल हुआ है दो अन्य इसके साथी भी गिरफ्तार किए गए है। उनके कब्जे से अवैध असलाह बरामद किए गए।

### मारपीट का 6 लोगों के विरुद्ध मुकदमा हुआ पंजीकृत

**सिंधौली शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र सिधौली के गांव सैंजनी निवासी प्रेमा देवी पत्नी रामवीर ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया उसके परिवार की नीलम पत्नी सुरजीत, दुर्गा पत्नी अजीत उसे कई दिनों से बिना कारण पीड़िता के साथ गाली गलौज करती आ रही है। घटना 18अप्रैल 2026की है उक्त लोगों ने जब गाली गलौज किया तो उसने गलियों का विरोध किया। इस पर खुन्नस खाए देशराज, माया, अजीत, सुरजीत, लाठी डंडों से लैस होकर आए और पीड़िता के साथ मारपीट करने लगे (जब उसका पति उसे बचाने आया तो उसको भी मारा पीटा जिससे दोनों के बंद व खुली चोटें आई पुलिस ने तहरीर के आधार पर नीलम पत्नी सुरजीत,दुर्गा पत्नी अजीत, देशराज पुत्र धनीराम, माया पत्नी देशराज, अजीत व सुरजीत पुत्रगण देशराज के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की।

## खबरें एक नजर में

### जिला पंचायत क्षेत्र में बगैर नक्शा पास, निर्माण कार्य होंगे ध्वस्त

**शाहजहांपुर।** जिला पंचायत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे, निर्माण कार्यों जोकि बगैर नक्शा पास है। उनके ऊपर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में 300 वर्गमीटर आवसीय भवनों को छोड़कर सभी निर्माणों के ऊपर नक्शा पास न होने पर जिला पंचायत ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। इन सभी 100 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किया गया है, कि वह लोग एक सप्ताह में नक्शा पास करा ले, अन्यथा की स्थिति में इनके खिलाफ बुलडोजर की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बगैर नक्शा पास स्कूल, मैरिज लॉन, कालोनियों, प्लाटिंग को चिंहित कर नोटिस भेज दिए गए हैं। फोन कर अलर्ट भी किया गया है कि वह लोग जिला पंचायत आकर नक्शा पास कराएं, अन्यथा कार्यवाही को तैयार रहे। हालांकि इसके लिए जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी ने डीएम से ध्वस्तीकरण कार्यवाही के लिए अनुमोदन ले लिया है, डीएम ने स्पष्ट किया है कि जिला पंचायत के अंतर्गत आने वाले अनाधिकृत निर्माण कार्यों पर सख्त एक्शन लिया जाए।

### बुजुर्ग महिला को सकुशल परिजनों से मिलाया

**शाहजहाँपुर।** थाना रोजा पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत एक सराहनीय कार्य करते हुए रास्ता भटकी बुजुर्ग महिला को सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाया। पुलिस महानिदेशक द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना रोजा की मिशन शक्ति टीम लगातार सक्रिय है। 20 अप्रैल 2026 की रात लगभग 10 बजे गश्त के दौरान हथौड़ा क्षेत्र में पुलिस टीम को एक बुजुर्ग महिला मिली, जो अपना नाम-पता बताने में असमर्थ थी। टीम ने काफी प्रयास किए, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद महिला को रात में सुरक्षित रूप से वन स्टॉप सेंटर में ठहराया गया। अगले दिन 21 अप्रैल को महिला के परिजनों की जानकारी मिलने पर उन्हें थाने बुलाया गया। परिजनों ने बताया कि वृद्धावस्था के कारण महिला की याददाश्त कमजोर हो गई है और वह अक्सर घर से निकल जाती हैं। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने बुजुर्ग महिला को सकुशल उनके पुत्र और पोत्र के सुपुर्द कर दिया। इस मानवीय पहल से पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। थाना रोजा मिशन शक्ति टीम की यह संवेदनशीलता और तत्परता सराहनीय है।

### दो नाबालिग चोर गिरफ्तार 10 लाख के जेवर मिले

**शाहजहांपुर।** थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने सिऊरा गांव में हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिग चोरों को पकड़ते हुए उनके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण के साथ कुछ नकदी मिली है। बरामद माल की कीमत करीब दस लाख रुपये आंकी गई है। जानकारी के अनुसार, बीते 15 अप्रैल की रात्रि को विजरात सिंह के घर में छत के रास्ते घुसकर चोरों ने जीने का ताला तोड़ दिया और घर में रखे सोने-चांदी के जेवर व नकदी लेकर फरार हो गए थे। पीड़ित ने 18 अप्रैल को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम लगातार सुरागरसी में जुटी थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस को पता चला कि वारदात को अंजाम क्षेत्र के ही दो नाबालिगों ने दिया है। इसके बाद साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दोनों को उस समय दबोच लिया, जब वे चोरी के आभूषण बेचने की फिराक में जा रहे थे। पुलिस पूछताछ में दोनों नाबालिगों ने बताया कि वारदात के बाद उन्होंने जेवर और नकदी आपस में बांट ली थी। एफआईआर दर्ज होने की जानकारी मिलने के बाद वे शहर छोड़ने की योजना बना रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों नाबालिगों को पकड़कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है।

### खेत पर पानी चलाने गए किसान को चार दबंगों ने पीटा, लाठी-डंडों और बेल्ट से किया हमला

**जलालाबाद।** क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर में खेत पर पानी चलाने गए एक किसान पर गांव के ही चार दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने किसान को अकेला पाकर लाठी-डंडों और बेल्टों से बेरहमी से पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। घटना के दौरान किसान के पास मौजूद नगदी और मोबाइल भी कहीं गिर गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम रघुनाथपुर निवासी संतोष पुत्र बुधपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 16 अप्रैल की रात करीब 8 बजे वह अपने खेत पर समरसेबल से पानी चलाने गया था। इसी दौरान गांव के ही वेदपाल सिंह, रंजीत सिंह, सुमित सिंह और राजेश उर्फ कल्लू वहां पहुंचे। दबंगों ने पहले संतोष से पानी की मांग की, जिसे उसने सहर्ष दे दिया। आरोप है कि जब आरोपियों को यकीन हो गया कि संतोष खेत पर बिल्कुल अकेला है, तो उन्होंने बिना किसी कारण उसे भद्दी-भद्दी गालियाँ देना शुरू कर दिया। जब संतोष ने विरोध किया, तो चारों ने उस पर लाठी-डंडों और बेल्ट से हमला बोल दिया। पीड़ित के अनुसार, मारपीट के दौरान उसकी जेब में रखे करीब 5000 रुपये और मोबाइल फोन भी कहीं गिर गए, जो उसे दोबारा नहीं मिले। मारपीट में संतोष के चेहरे, कमर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों ने जाते समय उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित किसान का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी वेदपाल सिंह, रंजीत सिंह, सुमित सिंह और राजेश के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच उप-निरीक्षक राजपाल सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दूसरी शादी करने तथा दहेज उत्पीड़न में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव भूरखेड़ा निवासी प्रांजुल देवी पत्नी विशाल शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि थाना खुटार के गांव हरनाई निवासी उसके पिता अनिल कुमार पुत्र लाल बहादुर शर्मा ने उसकी शादी 28 नवंबर 2021 को थाना पुवाया के गांव भुरखेड़ा निवासी विशाल शर्मा पुत्र अखिलेश शर्मा के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार की थी। शादी में पिता ने सामर्थनुसार दान दहेज भी दिया था। शादी के कुछ दिन बाद तक सब ठीक-ठाक चलता रहा। जिसके बाद पति विशाल शर्मा, ससुर अखिलेश शर्मा, सास नीरज शर्मा, देवर करण शर्मा, जनपद खीरी के थाना जहांनी खेड़ा के गांव जहांनीखेड़ा निवासी नंदोई विवेक शर्मा पुत्र सुशील शर्मा तथा नंद प्रीति ने एक राय होकर एक चार पहिया गाड़ी एवं पांच लाख रुपए के रूप में अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। जिस पर मैंने पिता द्वारा अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता जताई। जिसके बाद उक्त लोग मेरा शारीरिक तथा मानसिक उत्पीड़न करने लगे और मैं लोकलाज के भय से चुप रही। जिसके बाद भी दहेज के लोभी नहीं माने और 16 व 18 अप्रैल को मेरे साथ मारपीट की और जनपद के गांव डिंगरपुर की शीतल पुत्री रामकिशोर के साथ शादी करने की बात कहते हुए घर से निकाल दिया। जिसके बाद पुवायां जाकर जानकारी की तो ज्ञात हुआ कि मेरे पति ने मुझे बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर ली है। पति की दूसरी शादी करवाने में नगर के लिटिल फ्लावर के पास के सुधांशु त्रिवेदी पुत्र छुन्नालाल, जनपद खीरी के थाना पसगवा निवासी शशांक शर्मा पुत्र आलोक शर्मा की मिली भगत से दूसरी शादी कराई गई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर के माध्यम से उक्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने उक्त आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## नगर आयुक्त ने संभव में सुनीं समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 05 समस्यायें, शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 1 समस्या का निस्तारण किया गया, शेष के निस्तारण हेतु त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, मुख्य अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, जन-प्रतिनिधिगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

## 75 दिनों में 5000 गन्ना किसानों का शोध परिषद पर प्रशिक्षण: वीके शुक्ल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ-साथ शोध प्रक्षेत्र भ्रमण तथा प्रयोगशाला भ्रमण

उत्तर प्रदेश में गन्ना उत्पादन को वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों से सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत पिछले 75 दिनों में लगभग 5000 गन्ना किसानों को शोध परिषद में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अभियान की जानकारी देते हुए वीके शुक्ल ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के गन्ना किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर, बाराबंकी, बहराइच, अयोध्या, बलरामपुर, गोण्डा, अम्बेडकरनगर, जौनपुर, कुशीनगर, आजमगढ़, गोरखपुर एवं बस्ती जनपदों के 1697 किसानों को प्रशिक्षित किया गया। वहीं मध्य उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर, हरदोई, सीतापुर, बरेली, पीलीभीत, बदायूं, फर्रुखाबाद, कासगंज, कानपुर, रामपुर, रायबरेली, मुरादाबाद, सम्भल, बिजनौर, अमरोहा एवं लखीमपुर के 2352 किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, गाजियाबाद एवं हापुड़ जनपदों के 834 किसानों को भी इस कार्यक्रम का लाभ मिला। प्रशिक्षण कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि किसानों को केवल सैद्धान्तिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उन्हें शोध प्रक्षेत्र (फील्ड) भ्रमण तथा प्रयोगशाला भ्रमण के माध्यम से व्यावहारिक जानकारी भी दी गई। इस दौरान किसानों को उन्नत गन्ना किस्मों, कीट एवं रोग प्रबंधन, उर्वरक संतुलन, जल प्रबंधन तथा आधुनिक खेती तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेष रूप से गन्ने के साथ आठ प्रकार की अन्तः फसली खेती (इंटरक्रॉपिंग) प्रणाली किसानों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इससे किसानों को अतिरिक्त आय के अवसरों के साथ-साथ भूमि की उत्पादकता बढ़ाने के तरीके भी सीखने को मिले। प्रसार अधिकारी संजीव कुमार पाठक ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रहेंगे, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो और वे वैज्ञानिक खेती अपनाकर अधिक लाभ अर्जित कर सकें। उन्होंने किसानों से अपील की कि दे प्रशिक्षण में सीखी गई तकनीकों को अपने खेतों में अपनाकर प्रदेश की कृषि प्रगति में योगदान दें।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाहजहांपुर।** नेशनल हाईवे 730 सी पर सोमवार देरशाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी।

मदनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कार चालक और उसमें सवार दूल्हा और बाराती मौके से फरार हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने अपने वाहन रोककर घायल की मदद करने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर थाना मदनापुर पुलिस, डायल 112 पीआरवी और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## धरनारत भाकियू नेताओं के खिलाफ बीडीओ ने दर्ज करायी प्राथमिकी

- पुलिस ने टेंट उखाड़कर आधा दर्जन पदाधिकारियों को भेजा जेल

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड परिसर में कई दिनों से चल रहे भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी गुट के धरना-प्रदर्शन पर सोमवार को प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की। प्रदर्शनकारियों द्वारा ब्लॉक गेट पर ताला जड़ने और सीडीओ का पुतला दहन करने के बाद देर रात बीडीओ ने डेढ़ दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत करायी। जिसके बाद पुलिस ने प्रान्तीय उपाध्यक्ष सहित आधा दर्जन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए धरनास्थल पर लगा टेंट उखाड़कर फेंक दिया। भाकियू कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ब्लॉक परिसर में धरना दे रहे थे। कार्यकर्ताओं की मांगें गेहूं खरीद, बिजली विभाग तथा स्वास्थ्य और बाल विकास पुष्टाहार विभाग से जुड़ीं थीं। सोमवार को उस समय प्रदर्शन उग्र हो गया जब कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक के मुख्य द्वार पर ताला जड़कर प्रवेश को बाधित कर दिया। इसके बाद सीडीओ का पुतला फूंकते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई, जिससे मौके पर तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश ने देर रात पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भाकियू के प्रांतीय उपाध्यक्ष मुनेश्वर दयाल कठेरिया, मंडल अध्यक्ष सबील हसन खां, हरीराम वर्मा, गुलजार सिंह सहित करीब डेढ़ दर्जन कार्यकर्ताओं के खिलाफ गुटबंदी, सरकारी कार्य में बाधा डालने, धमकी देने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम की गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। जिसके बाद पुलिस ने धरनास्थल पर दबिश देकर मुनेश्वर दयाल कठेरिया निवासी रौसर कोठी, सबील हसन निवासी कोरोंकुइयां, गुलजार सिंह निवासी चंदपई, राजू गुप्ता निवासी पीरताला, रामभजन और मिथुन निवासीगण ग्राम महासिर को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार दोपहर सभी आरोपितों को जेल भेज दिया गया। इसके अलावा पुलिस ने धरनास्थल पर लगे टेंट को हटवाकर धरना पूरी तरह समाप्त करा दिया गया। ब्लॉक परिसर में सुरक्षा की दृष्टि पुलिस तैनात की गयी है। घटना की विवेचना सीओ पुवायां प्रवीण मलिक को सौंपी गयी है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि बीडीओ द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी के बाद आधा दर्जन कार्यकर्ताओं को जेल भेजा गया है। बीडीओ ओमप्रकाश ने बताया कि वह कार्यकर्ताओं का मांगपत्र लेने के लिए धरनास्थल पर गए थे। लेकिन कार्यकर्ताओं द्वारा अभद्रता करते हुए परिसर में उपद्रव कर सरकारी कार्य में बाधा डाली गयी।

### गुनारा में दबंगों ने किसान की फसल चरवाई

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव गुनारा में दबंगों ने एक किसान की खड़ी फसल चरवा दी, जिससे उसकी तीन एकड़ फसल बर्बाद हो गई। पीड़ित निहालुद्दीन ने बताया कि उसने गांव में गोकशी करने वालों की शिकायत की थी, जिससे नाराज होकर दबंगों ने उसकी फसल चरवा दी। शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद पीड़ित ने एसडीएम जलालाबाद प्रभात राय से मदद की गुहार लगाई है। आरोप है कि इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, जहां दबंगों ने उसकी आलू की फसल चरवा दी और पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे मामलों में प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि किसानों को न्याय मिल सके।

## विशाल शुक्ला इमका के निर्विरोध प्रदेश सचिव निर्वाचित



**शाहजहांपुर।** जन-संचारकों की देश की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित संस्था 'इमका' के उत्तर प्रदेश चैप्टर की वार्षिक बैठक 'कनेक्शन्स' रविवार को लखनऊ में संपन्न हुई। इस अवसर पर मूल रूप से महानगर के टाउन हॉल निवासी विशाल शुक्ला को निर्विरोध संगठन का प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश चुना गया। विशाल शुक्ला मास कम्युनिकेशन एवं जर्नलिज्म में तीन बार यूजीसी-नेट उत्तीर्ण कर चुके हैं और पर्यावरण संचार में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया जा चुका है। यूनेस्को और रशियन एंबेसी द्वारा पुरस्कृत विशाल, मलेशिया और वियतनाम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण सेमिनारों में वक्ता के रूप में भी आमंत्रित होते रहे हैं। इसके अतिरिक्त, 'इंस्टिट्यूट ऑफ ह्यूमन साइंसेज, वियना' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले विस्थापन पर अपने विचार साझा किए थे। इस कार्यक्रम में उन्हें यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया डेविस, ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ जेनेवा और इलिनोईस यूनिवर्सिटी के विद्वानों के मध्य आमंत्रित किया गया था। उन्हें इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, टेरी -नई दिल्ली और अर्थ जर्नलिज्म नेटवर्क, अमेरिका की प्रतिष्ठित फेलोशिप भी प्राप्त हो चुकी है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार और संस्थान के पूर्व छात्र स्वर्गीय प्रदीप मिश्रा को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान और उनसे जुड़ी स्मृतियों को साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैप्टर अध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा ने की। समारोह को दिल्ली से आए इमका के पूर्व अध्यक्ष प्रसाद सान्याल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रभाष झा और राष्ट्रीय महासचिव अतुल गुप्ता ने संबोधित किया।

## सड़कों की गुणवत्ता जांचने जलालाबाद मंडी पहुंची गाजियाबाद की टीम, लिए गए सैंपल

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी में हाल ही में बनी सड़कों की गुणवत्ता अब सवालों के घेरे में है। व्यापारियों द्वारा निर्माण कार्य में धांधली और घटिया सामग्री के इस्तेमाल के आरोपों के बाद, उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गाजियाबाद से आई एक तकनीकी टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने मशीन के जरिए सड़कों के नमूने (सैंपल) एकत्र किए, जिन्हें विस्तृत जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। घ्गौरतलब है कि मंडी परिसर में लंबे समय से सड़कें जर्जर अवस्था में थीं। हाल ही में इनका निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण कार्य पूरा होते ही व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

व्यापारियों का आरोप था कि ठेकेदार ने मानकों की अनदेखी करते हुए अत्यंत निम्न स्तर की सामग्री का प्रयोग किया है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने आशंका जताई थी कि ये सड़कें एक मानसून भी नहीं टिक पाएंगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कई उच्च अधिकारियों से इसकी लिखित शिकायत की गई थी। घ्शिकायतों का संज्ञान लेते हुए गाजियाबाद स्थित एनएबीएल (छाठस) लैब की एक टीम मंगलवार को जलालाबाद मंडी पहुंची। टीम में शामिल अधिकारी सोनू कुमार और प्रेम सिंह ने आधुनिक मशीनों की सहायता से नवनिर्मित सड़कों के विभिन्न हिस्सों से गोल आकार के सैंपल काटे। इस दौरान टीम ने सड़क की ऊपरी परत की मोटाई की भी पैमाइश की। प्रारंभिक तौर पर अधिकारियों ने बताया कि सड़क की परत लगभग ढाई इंच मोटी प्रतीत हो रही है।घ्एकत्र किए गए सैंपलों को पूरी सतर्कता के साथ पॉलीथिन में पैक कर सील कर दिया गया है। इन नमूनों को अब गाजियाबाद स्थित लैब में भेजा गया है, जहां इनकी रासायनिक और तकनीकी जांच की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, सड़क में प्रयुक्त सामग्री की सही मात्रा और उसकी मजबूती की वास्तविक स्थिति लैब रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। सैंपल लेने की इस प्रक्रिया के दौरान मंडी परिसर में बड़ी संख्या में व्यापारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं कि क्या वास्तव में निर्माण में मानकों का उल्लंघन हुआ है।

### बाइक गिरने से ममेरे-फुफेरे भाई हुए चोटिल



**तिलहर-शाहजहांपुर।** अनियंत्रित होकर सड़क पर बाइक गिर जाने से दो भाई घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से नगर सीएचसी भिजवाया गया। कोतवाली क्षेत्र के राजनपुर रोड पर सिधौली थाना क्षेत्र के गौरा रायपुर गांव का रहने वाला नेहाल और निगोही थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव का रहने वाला शिवम बाइक से मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बरी खास गांव स्थित अपनी रिश्तेदारी में गए हुए थे। मंगलवार पूर्वान्ह करीब 11 बजे बाइक से दोनों फुफेरे भाई घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तिलहर नगर में पहुंचने से पहले राजनपुर रोड पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर गिर गई। हादसे में नेहाल और शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए । उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया ।

## कार्यालय नगर पंचायत काँट, जनपद शाहजहाँपुर

पत्रांक संख्या-393/न.पं.काँट/2026-27 दिनांक 21.04.2026

### निविदा सूचना ई-टेण्डर

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत काँट, जनपद-शाहजहांपुर में 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत निर्दिष्ट एवं बुनियादी अनुदान की प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले 09 सिविल निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदा रजिस्टर्ड श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से शर्तों के आधार पर दिनांक 23.04.2026 को अपरांह 12:00 बजे से दिनांक 12.05.2026 को सायं 05:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा दिनांक अपरांह 13.05.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी, कार्य का विवरण व अन्य शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कांट शाहजहाँपुर।

अध्यक्ष
नगर पंचायत कांट शाहजहाँपुर।

## छात्रों का आत्मघात

कुरुक्षेत्र स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में दो महीनों के दौरान चार छात्रों द्वारा आत्महत्या करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह संस्थान ही नहीं, शैक्षिक जगत और उनके परिवारों की भी अपूरणीय क्षति है। घटनाएं तकनीकी संस्थानों में तनाव प्रबंधन और मानसिक उपचार की खामियों को भी उजागर करती हैं। कोई व्यक्ति आत्मघाती कदम तब ही उठाता है जब उसे उम्मीद के सारे दरवाजे बंद नजर आते हैं। इस घातक कदम को उठाने से पहले वो तनाव के चरम से जूझते हुए किस मानसिक कष्ट से गुजरता होगा, अंदाज लगाना कठिन नहीं है। उसकी मनरूस्थिति इतनी हताशा से भरी होती है कि आत्महत्या जैसा पीड़ादायक-घातक रास्ता उसे समाधान नजर आता है। विडंबना है कि हम संभावनाओं के इस दुखद अंत को मूकदर्शक बने देखते हैं। हम आत्महत्या के आंकड़ों व संख्या का जिक्र ही करते हैं, लेकिन उसे पाल-पोसकर बड़ा करने वाले मां-बाप पर हुए वज्रपात का अहसास नहीं करते। उच्च तकनीकी संस्थान की दहलीज तक पहुंचने में बच्चे कितना शरीर को गलाते हैं। उन्हें पालने-पोसने व बड़ा करने में मां-बाप अपना खून पसीना एक कर देते हैं। हर बच्चा चांदी का चम्मच लेकर पैदा नहीं होता। उसके इस मुकाम तक पहुंचने में माता-पिता का त्याग शामिल होता है। कई अभिभावक बैंकों से कर्ज लेकर इन तकनीकी संस्थानों में बच्चों का एडमिशन कराते हैं। कई पैरेंट्स इस लायक बनाने के लिये पैसा कोचिंग संस्थानों में बहाते हैं। फिर एक दिन खबर आती है कि उनकी उम्मीदों ने आत्मघात कर लिया। हमें उनके दर्द को अपने दर्द की तरह महसूस करना चाहिए। इन घटनाओं के बाद एनआईटी ने एक पांच सदस्यीय जांच समिति बनायी है। लेकिन क्या समिति उन बच्चों का जीवन लौटा पाएगी? दूसरी ओर राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिटास ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से प्रकरण में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। वहीं एनआईटी ने छात्रों की समस्याओं को दूर करने के लिये कुछ अलग समितियां भी बनायी हैं। देश के विभिन्न उच्च तकनीकी संस्थानों में छात्रों के आत्मघात की खबरें अकसर आती हैं। कुछ साल पहले शिक्षा मंत्रालय ने संसद को बताया था कि साल 2018-2023 के बीच उच्च शिक्षा संस्थानों के 98 छात्रों ने आत्महत्या की थी। इनमें सबसे ज्यादा सबसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान आईआईटी में हुई थी। उसके बाद आत्मघात करने वाले छात्र एनआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के थे। जाहिर है इन संस्थानों में कुछ तो ऐसा घट रहा है, जिससे हमारी संवेदनशील प्रतिभाएं साम्य नहीं बैठा पा रही हैं। विडंबना यह है कि देश के हर संस्थान व शासन-प्रशासन के स्तर पर आग लगने पर कुआं खोदने की मनोवृत्ति बनी हुई है। इन संस्थानों में पूरे देश की चुनिंदा प्रतिभाएं ही पहुंचती हैं। जो एक गलाकाट स्पर्धा के दौर से गुजरकर यहां तक आती हैं। लेकिन हमारी शिक्षा व्यवस्था का ढांचा ऐसा है जो बच्चों को किताबी कीड़ा तो बनाता है, लेकिन चुनौतियों से जूझने लायक नहीं बनाता। अब वे शिक्षक भी नहीं रहे जो छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर पढ़ाएं। बड़ी संख्या ऐसे शिक्षकों की है जिनकी प्राथमिकता अपने विषय और वेतन-भत्तों व सुविधाओं तक ही सीमित रह गई है। परवरिश के स्तर पर भी नहीं सिखाया जाता कि जीवन में बुरे से बुरा घटने पर बिना विचलित हुए कैसे उस चुनौती का सामना किया जाए। परिवार की उम्मीदों का बोझ ढोते, ये प्रतिभावान बच्चे जब असफलता के भय से ग्रस्त होते हैं तो आत्महत्या को अंतिम विकल्प के रूप में सोचने लगते हैं।

# मणिपुर में फिर हिंसा



पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर कुछ वक्त की घोषित शांति के बाद एक बार फिर से सुलग उठा है। बीते सात अप्रैल को बिशनुपुर जिले के त्रोंगलाओबी गांव में हुए बम विस्फोट में एक बीएसएफ जवान के दो नाबालिग बच्चे मारे गए, जबकि उनकी मां घायल हो गई। मृतकों में एक पांच महीने का नवजात शामिल था। मैतेई नागरिक समाज समूहों ने आरोप लगाया है कि चुड़ाचांदपुर के कुकी-जो उग्रवादी समूह इस हमले के पीछे हैं और उन्होंने केंद्रीय सुरक्षा बलों को हटाने की मांग भी की है। इस घटना के बाद मैतेई समुदाय के लोगों ने भारी प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों के कैंप पर हमला बोल दिया। अफवाहों का सहारा लेकर कुछ लोग कैंप में घुसने और हथियार लूटने की कोशिश करने लगे। स्थिति नियंत्रण से बाहर होते देख सीआरपीएफजवानों ने फायरिंग की, जिसमें तीन स्थानीय निवासी मारे गए। इस तरह पांच मौतें पिछले 10 दिनों में हो चुकी हैं। राज्य में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे स्थानीय लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। मेइरा पाइबी समूहों ने घाटी क्षेत्रों में पांच दिन का बंद बुलाया है और 25 अप्रैल तक दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री ने शांति की अपील की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोग न्याय की मांग कर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि सुरक्षा बल हमलावरों की पहचान करने में नाकाम रहे हैं। फिलहाल इंटरनेट सेवाएं कई जिलों में निलंबित हैं और तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। यह सब देखकर भी अगर केंद्र सरकार और मणिपुर की बीजेपी सरकार जागती नहीं है, तो यह देश के लिए बेहद दुखद होगा कि एक राज्य पिछले 3 सालों से लगातार हिंसा की आग में झुलस रहा है और सरकार इसी फिक्र में है कि उसकी सियासी रोटी वहां पकेगी या नहीं। गौरतलब है कि इससे पहले मई 2023 में जो हिंसा मणिपुर में शुरु हुई थी, उसमें अब तक कम से कम 260 लोगों की जान जा चुकी है और लगभग 60,000 लोग विस्थापित हुए हैं। यह हिंसा सबसे पहले मैतेई और कुकी समुदायों के बीच शुरू हुई थी और अब लगभग सभी समूह इसमें शामिल हो गए हैं। मणिपुर में मैतेई और कुकी पहले भी मिल-जुलकर नहीं रहते थे, मैतेई समुदाय मुख्य रूप से इंफाल घाटी के मैदानी इलाकों में रहते हैं, जबकि कुकी पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करते हैं। लेकिन तीन सालों की हिंसा के बाद अब मैतेई और कुकी न केवल अपने-अपने क्षेत्रों में सिमट गए हैं, बल्कि एक समुदाय के लोग दूसरे समुदाय के इलाके में जाने का जोखिम भी नहीं उठाते। एक राज्य के भीतर ऐसा बंटवारा एक भारत-श्रेष्ठ भारत के अनुरूप तो बिल्कुल नहीं है, लेकिन मोदी सरकार यह सब देखकर भी आंख फेर रही है। 2023 में हिंसा इसलिए भडकी थी, क्योंकि मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति दर्जा की मांग पर मणिपुर हाईकोर्ट ने फैसला लिया था कि मैतेई समुदाय को एसटी सूची में शामिल किया जाए। 2012 से ही मैतेई समुदाय यह मांग कर रहा था ताकि उन्हें आरक्षण, सरकारी नौकरियों और शिक्षा में लाभ मिले। लेकिन तब कुकी-जो समुदाय ने डर जताया कि एसटी दर्जा मिलने पर मैतेई पहाड़ी क्षेत्रों में जमीन खरीद सकेंगे, उनकी राजनीतिक शक्ति बढ़ेगी जबकि आदिवासियों की जमीन, नौकरियाँ तथा संसाधन प्रभावित होंगे। इस फैसले का विरोध शुरु हुआ और 3 मई 2023 को ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने पहाड़ी जिलों में 'ट्राइबल सॉलिडैरिटी यानी आदिवासी एकता मार्च' निकाला। इस मार्च के बाद इम्फाल घाटी और पहाड़ी क्षेत्रों में हिंसा भडक उठी। और फिर उसकी आग कितनी फैल गई, ये सबने देखा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मणिपुर चर्चा में आ गया था, क्योंकि यहां दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ सामूहिक बलात्कार का मामला सामने आया था। तब भी तत्कालीन मुख्यमंत्री बीरेन सिंह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उम्मीद थी कि वे जल्द से जल्द हालात सामान्य करने के लिए कदम उठाएंगे। लेकिन बीरेन सिंह अपना इस्तीफा देने से बचते रहे और प्रधानमंत्री मणिपुर का नाम लेने से बचते रहे। संसद में इस विषय पर चर्चा टलती रही और नरेन्द्र मोदी का डर तो इतना बढ़ा कि उन्होंने मिजोरम में चुनाव प्रचार नहीं किया ताकि मणिपुर न जाना पड़े। पिछले साल फरवरी में एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा, सितंबर में प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर का दौरा किया और इस साल फरवरी में भाजपा के ही युम्नाम खेमचंद सिंह के नेतृत्व में नयी सरकार बनी। लेकिन चंद महीनों की शांति के बाद अब फिर हिंसा भडकी है तो कुछ सवाल भी नए सिरे से खड़े हो गए हैं। जैसे, क्या युम्नाम खेमचंद सिंह भी मणिपुर की नाजुक जातीय संरचना को संभाल कर काम नहीं कर पा रहे हैं। दूसरा सवाल कि क्या सुरक्षा बलों और जांच एजेंसियों में कहीं कोई बड़ी खामी है, जो वो हिंसा को भडकने और फैलने से रोक नहीं पा रहे हैं। तीसरा और सबसे अहम सवाल, क्या जिस वक्त देश ऊर्जा के गंभीर संकट में फंसा है, मोदी सरकार की नाकाम विदेश नीति की सच्चाई सबके सामने आ चुकी है, क्या ऐसे में मणिपुर में हिंसा की आड़ में कोई बड़ा खेल हो रहा है, जिस पर लोगों का ध्यान न जाए। ध्यान रहे कि मणिपुर हो या लद्दाख, ये प्राकृतिक संपदा के धनी क्षेत्र हैं और अब तक शांतिप्रिय ही रहे हैं। मगर अब वहां विघ्नसंतोषी ताकतें सिर उठा रही हैं। मणिपुर में मौजूदा वक्त में चाहे जिस कारण से हिंसा भडकी हो, अब उस पर तत्काल काम करना होगा।

## परंपरा, बाजार और बदलती पहचान

भारत की सांस्कृतिक संरचना में त्योहारों का स्थान केवल आनंद और उत्सव तक सीमित नहीं है बल्कि वे समाज की ऐतिहासिक स्मृति, आर्थिक संरचना, प्रकृति के साथ संबंध और मानवीय संवेदनाओं के गहरे ताने-बाने से जुड़े होते हैं। यहाँ त्योहार जीवन के हर पहलू को स्पर्श करते हैं- खेती, ऋतु परिवर्तन, पारिवारिक संबंध, सामूहिकता और आस्था। लेकिन वर्तमान समय में यह प्रश्न गंभीरता से उठाया जाने लगा है कि क्या हमारे पारंपरिक त्योहार अपनी मूल आत्मा से दूर हो रहे हैं? क्या उन पर एक प्रकार का 'सांस्कृतिक हमला' हो रहा है, जो धीरे-धीरे उनकी असल पहचान को बदल रहा है? सांस्कृतिक हमला शब्द भले आक्रामक प्रतीत होता हो लेकिन इसका आशय किसी एक वर्ग या समूह पर आरोप लगाना नहीं है। यह उस धीमी, सूक्ष्म और कई बार अनदेखी प्रक्रिया की ओर संकेत करता है, जिसके माध्यम से परंपराएँ अपने मूल सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ से हटकर नए अर्थ ग्रहण करने लगती हैं। यह परिवर्तन कभी स्वाभाविक होता है तो कभी सुनियोजित आर्थिक और वैचारिक प्रभावों का परिणाम भी हो सकता है। भारतीय त्योहारों की जड़ें मुख्यतः कृषि और प्रकृति से जुड़ी रही हैं। देश का अधिकांश समाज सदियों तक कृषि आधारित रहा है इसलिए फसल, मौसम और भूमि के साथ उसका गहरा रिश्ता रहा। फसल कटने की खुशी, नई बुवाई की शुरुआत, वर्षा के आगमन का स्वागत- ये सब त्योहारों के माध्यम से व्यक्त होते थे। इन उत्सवों में किसान केंद्र में होता था क्योंकि वही अन्न का उत्पादक था और वही समाज की जीवन रेखा को बनाए रखता था। ऐसे त्योहारों में आडंबर कम और सहभागिता अधिक होती थी। लोग मिलकर गाते-बजाते, सामूहिक भोज करते और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते थे। जैसे-जैसे समाज में शहरीकरण बढ़ा, औद्योगिकीकरण हुआ और बाजार की ताकतें मजबूत हुई, त्योहारों का स्वरूप भी बदलने लगा। अब त्योहारों को केवल सांस्कृतिक या सामाजिक दृष्टि से नहीं बल्कि आर्थिक अवसर के रूप में भी देखा जाने लगा। बाजार ने त्योहारों को उपभोग से जोड़ दिया-जहाँ खरीदारी, सजावट और प्रदर्शन को प्रमुखता मिलने लगी। त्योहारों के साथ 'ऑफर', 'डिस्काउंट' और 'शुभ खरीदारी' जैसे विचार जुड़ गए, जिसने उनके मूल स्वरूप को प्रभावित किया। यह बदलाव केवल बाहरी नहीं है बल्कि मानसिकता में भी आया है। पहले त्योहारों का अर्थ था-मिलना-जुलना, आपसी साझेदारी की भावना और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करना। अब कई जगहों पर यह प्रतिस्पर्धा का रूप ले चुका है- किसने कितना खर्च किया, किसने क्या खरीदा, किसका आयोजन कितना भव्य था। इस प्रक्रिया में त्योहारों की आत्मा कहीं पीछे छूटती चली गई। त्योहारों पर सांस्कृतिक हमले की चर्चा करते समय एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आता है- लोक परंपराओं का हाशिए पर जाना। भारत में हर क्षेत्र की अपनी विशिष्ट परंपराएँ रही है, जो स्थानीय जीवनशैली, भाषा और संसाधनों से जुड़ी होती थीं। लेकिन आज मीडिया और बाजार के प्रभाव में एक प्रकार की सांस्कृतिक एकरूपता देखने को मिल रही है।

विचार

# चुनाव आयोग की भूमिका पर संदेह और सवालों का घेरा

भारतीय संविधान की धारा 326 के अनुसार लोकसभा और हर राज्य की विधानसभा के लिए चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे। प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक है और 18 वर्ष की आयु का है, उसे चुनाव में वोटर के बतौर दर्ज होने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट अपने कई फैसलों में इस अधिकार का जिक्र कर चुका है। लेकिन, इस बार पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए हो रहे चुनाव में लगभग 27 लाख वोटर मतदान नहीं कर पाएंगे। यह स्थिति असाधारण है। देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव की अवधारणा पर गंभीर आघात है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत नई वोटर लिस्ट बनाने की प्रक्रिया ने कई सवाल खड़े किए हैं। सुप्रीम कोर्ट भी मतदान के संवैधानिक हक की रक्षा के लिए अब तक निर्णायक कदम नहीं उठा सका है। चुनाव आयोग ने हर साल और चुनाव पूर्व होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) की बजाय 27 अक्टूबर 2025 को बंगाल सहित 12 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर कराने की घोषणा की थी। पिछले साल बिहारमें विधानसभा चुनाव से सिर्फ पांच माह पहले एसआईआर कराने पर विवाद उठे थे। मामले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। सर्वोच्च अदालत के कहने पर आयोग ने आधार कार्ड को पहचान के दस्तावेजों में शामिल करने सहित कुछ सुधार किए थे। कोर्ट ने चुनाव से पहले एसआईआर की विवादित प्रक्रिया को रोकने की जरूरत नहीं समझी थी। बंगाल के हालात तो बेहद चिंताजनक और विवादास्पद हैं।




एसआईआर की नई प्रक्रिया सामान्य लोगों के लिए कठिन है। एसएसआर में मौजूदा सूची में वोटरों के नाम जोड़े और काटे गए थे। लेकिन एसआईआर में सूचियां नए सिरे से बनी हैं। पहले पुनरीक्षण में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर अपने रजिस्टर में मतदाताओं की संख्या और उनके ब्योरे की जांच करते थे। लेकिन एसआईआर के लिए अपूर्व तरीका अपनाया गया है। सभी वोटरों के लिए गणना फार्म भरने की समय सीमा एक माह तय की गई है। कुछ श्रेणी के वोटरों के लिए नागरिकता सहित कई अन्य दस्तावेज जमा करना जरूरी है।

बंगाल में दूसरे राज्यों से अलग हटकर प्रक्रिया अपनाई गई है। वहां तार्किक विसंगतियों के नाम पर प्रक्रिया को पेचीदा बना दिया है। यह बदलाव संदेह और सवालों का घेरा खड़ा करता है। चुनाव आयोग का मानना है कि जो वोटर नई सूची में इस वक्त नहीं हैं, उनका या तो 2002-03 की सूचियों से संबंध साबित नहीं हुआ है या उनके मामलों में कुछ तार्किक विसंगतियां हैं। तार्किक विसंगतियों को पांच कैटेगरी में बांटा गया है, इनमें नाम की वर्तनी में अंतर, माता-पिता और वोटर की आयु के बीच अंतर, एक ही परिवार या पूर्वज से जुड़े छह से अधिक लोग जैसे बिंदु शामिल हैं। नतीजतन कुछ परिवारों के कई सदस्य तो सूची में हैं जबकि कुछ बाहर कर दिए गए हैं। बंगाल के संबंध में सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच की 13 अप्रैल को गई टिप्पणियों पर गौर करना जरूरी है। चीफजस्टिस सूर्यकांत के नेतृत्व की खंडपीठ के जस्टिस जोयमाल्या बागची ने कहा कि ' जिस देश में आपका जन्म हुआ है,वहां वोटर लिस्ट में रहना और मताधिकार न केवल संवैधानिक बल्कि भावनात्मक भी है। एक लोकतांत्रिक सरकार चुनने की प्रक्रिया में आपकी हिस्सेदारी नागरिकता और राष्ट्रभक्ति की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति है। हमें इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। जस्टिस बागची ने यह भी कहा कि मूल एसआईआर में 2002 की सूचियों में शामिल लोगों की जांच का प्रावधान नहीं था। उन्होंने कहा कि यदि किसी निर्वाचन क्षेत्र में जीत का मार्जिन 2 फीसदी है और 10 फीसदी वोटर हटाए गए हैं तो हम ऐसे मामलों की जांच करेंगे'। कोर्ट ने उन वोटरों को मतदान की अनुमति दे दी है जिन्हें ट्रिब्यूनल की हरी झंडी मिल गई है। बहरहाल, उन 27 लाख वोटरों में से अधिकतर लोगों को राहत मिलने की उम्मीद नहीं है जिनके नाम कटे हैं। टाइम्स ऑफइंडिया की खबर के मुताबिक 17 अप्रैल तक बंगाल की मतदाता सूचियों में एक भी नाम नहीं जुड़ा था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक कांग्रेस प्रत्याशी सहित दो लोगों के नाम जुड़े थे। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की प्रक्रिया में तमाम पेचीदगियों के बावजूद उसे सही ठहराया है। कोर्ट मानता है कि मूल एसआईआर में 2002 की सूचियों की जांच का प्रावधान नहीं था। फिर भी, उसे रोकने की जरूरत नहीं समझी गई है। इन सुझावों पर गौर नहीं किया गया है कि जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, वहां प्रक्रिया को चुनाव नतीजे आने तक स्थगित कर दिया जाए। सवाल है,अगर ऐसे राज्यों में कुछ माह बाद एसआईआर होती तो क्या फर्क पड़ जाता। आयोग इतनी जल्दबाजी क्यों कर रहा है? 2002 की एसआईआर 12-13 माह में पूरी हुई थी। अब इस काम को पांच माह में निपटाने की क्या जरूरत है? आयोग ने एसआईआर की समयसीमा पर जताई गई तमाम आपत्तियों को नजरअंदाज किया है। उसने अपने अंदरूनी सिस्टम से आए सुझावों की अनदेखी की है। इंडियन एक्सप्रेस में 12 अप्रैल को प्रकाशित खबर के अनुसार महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) एस चोकलिंगम ने 25 नवंबर 2025 को आयोग को लिखे एक पत्र में कहा कि प्रक्रिया पूरी करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। वैसे, महाराष्ट्र उन 12 राज्यों में नहीं है जहां एसआईआर हुई है। आयोग ने एसआईआर पर राज्यों की राय मांगी थी। पत्र में उल्लेख है कि महाराष्ट्र में नवंबर 2001 से दिसंबर 2002 के बीच यह काम हुआ था। इसके पीछे वोटरों के नाम काटने का नहीं बल्कि सूची को संशोधित करने का आइडिया है। लिहाजा, इस उद्देश्य के लिए आवश्यक समय दिया जाना चाहिए। पत्र में वोटरों के मौजूदा डेटा का पिछली एसआईआर के डेटा से मिलान करने पर भी सवाल उठाया है। लिखा है, इस काम में ज्यादा समय लगता है और यह चुनाव आयोग की गाइडलाइन में भी शामिल नहीं है। महाराष्ट्र के सीईओ का पत्र ही चुनाव आयोग की नीयत को जांच के दायरे में लाता है। लगता है, एसआईआर का मकसद वोटर लिस्ट को साफ-सुथरा बनाने की बजाय वोटरों के नाम काटने का है। लेकिन चुनाव आयोग बेरोकटोक अपने हिसाब से काम कर रहा है। उसे अहसास है कि मौजूदा दौर में उसकी जवाबदेही तय करना बेहद मुश्किल है। चुनाव आयुक्तों के चयन का तरीका और उनके अधिकार बताते हैं कि वे अपने तरीके से काम करते रहेंगे और उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार के खिलाफविपक्षी दलों द्वारा संसद में पेश महाभियोग प्रस्ताव का हश्र इशारा करता है कि उन्हें सत्ताधारी दल की तरफसे अभयदान मिला है।

साहित्य



### धधकती धरती: विकास की अंधी दौड़ या विनाश का काउंटडाउन


योगेश कुमार गोयल


धरती आज केवल गर्म नहीं हो रही, वह मानो भीतर ही भीतर धधक रही है और यह आग प्राकृतिक नहीं, मानवीय लालसाओं की उपज है। हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला 'विश्व पृथ्वी दिवस' मानव सभ्यता के सामने खड़े उस गहन संकट की चेतावनी है, जिसे हमने स्वयं अपने हाथों से जन्म दिया है। विडंबना यह है कि जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक मंचों (दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन) में वर्षों से चिंतन, विमर्श और संकल्पों की पुनरावृत्ति होती रही है किन्तु धरातल पर परिवर्तन नगण्य है। विकास की परिभाषा जब केवल आर्थिक वृद्धि, उपभोग और संसाधनों के अधिकतम दोहन तक सीमित हो जाए, तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ना अपरिहार्य हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों में प्रकृति अपने विकराल रूप के माध्यम से लगातार संकेत दे रही है कि संतुलन की सीमा लांघी जा चुकी है।



## राशिफल

**मेषः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं।

**वृषभः-**मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिकः-**आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः-**आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-**आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

# पश्चिम बंगाल के चुनाव में महिलाओं की होगी निर्णायक भूमिका

बयानबाजी, नए गठजोड़ और आपसी आरोपों-प्रत्यारोपों के बीच, पश्चिम बंगाल की महिला मतदाताएं पिछले एक दशक में एक शक्तिशाली ताकत के रूप में उभरी हैं, क्योंकि उनके फैसले अब सरकारों के भविष्य को तय करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस, जिसका पिछले 15 सालों से राज्य पर एकछत्र राज रहा है, ने इस चुनावी मुकाबले में सबसे ज्यादा महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। कुल मिलाकर, पिछली राज्य विधानसभा में टीएमसी की ओर से 41 महिला विधायकों ने प्रतिनिधित्व किया था। तेज-तर्रार नेता ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली इस राजनीतिक पार्टी ने देश भर की अन्य राजनीतिक पार्टियों की तुलना में ज्यादा महिलाओं को चुनाव में उतारा है। यह विधानसभा की कुल सदस्य संख्या का 13.94 प्रतिशत है, जो कि देश भर की अन्य राज्य विधानसभाओं के 8 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत से काफी ज्यादा है। टीएमसी की बदौलत, महिला मतदाताएं अब चुनावी समीकरणों में सिर्फएक सहायक भूमिका नहीं निभा रही हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में 3,76,00,611 महिला मतदाताएं हैं। आने वाले चुनावों में सभी उम्मीदवार इस वर्ग को अपने पक्ष में करने की पूरी कोशिश करेंगे, ताकि वे राजनीतिक माहौल को अपने पक्ष में मोड़ सकें। टीएमसी सरकार की प्रमुख सामाजिक कल्याण योजना, 'लक्ष्मी भंडार' ने लोगों की राजनीतिक निष्ठाओं और उनकी आर्थिक वास्तविकताओं को पूरी तरह से बदल दिया है। 2021 में शुरू की गई इस योजना के 2.2 करोड़ लाभार्थी हैं, और इस पर खर्च किए गए हजारों करोड़ रुपये की राशि ने टीएमसी को लगातार चुनावों में जबरदस्त राजनीतिक फायदा पहुंचाया है, जिससे विपक्षी दलों के लिए अपनी जगह बना पाना और भी मुश्किल हो गया है। 'लक्ष्मी भंडार' महज एक आर्थिक हस्तक्षेप से कहीं ज्यादा है। यह एक सामाजिक-राजनीतिक पुनर्संतुलन का प्रयास है। इस योजना ने महिलाओं को, सिर्फ अपने लिंग के आधार पर ही, इस योजना का लाभार्थी बनने का अवसर प्रदान किया है। इसके परिणामस्वरूप, मतदान का अधिकार अब महिला मतदाताओं के लिए अपनी पहचान और अपनी बात को जोरदार ढंग से रखने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। आंकड़े खुद-ब-खुद अपनी कहानी बयां करते हैं। जहां टीएमसी ने 52 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, वहीं वामपंथी दलों ने 34 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया हैय जबकि 2026 के राज्य विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और भाजपा ने क्रमशरू 35 और 33 महिला उम्मीदवारों को चुनाव में उतारा है।



इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि टीएमसी ने बड़ी संख्या में महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद की है। राज्य टीएमसी की महिला विंग की प्रमुख चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि महिला मतदाताओं के नाम हटाए जाने का मकसद उनकी पार्टी के वोट बैंक को नुकसान पहुंचाना है। लेकिन राज्य में महिलाओं के लिए चलाई जा रही सामाजिक कल्याण योजनाएं ही टीएमसी के पक्ष में महिलाओं के वोटों में आए बदलाव का एकमात्र कारण नहीं हैं। पश्चिम बंगाल की महिला मतदाताएं लंबे समय से अपनी गहरी राजनीतिक समझ के लिए जानी जाती रही हैं।उनके फैसले लेने का तरीका पारिवारिक चर्चाओं, सामाजिक दायरों और आखिर में वोटिंग बूथ की एकांत जगह में सामने आता है। यह पूरी तरह से राजनीतिक होता है और राज्य तथा महिला नागरिकों के बीच बदलते आपसी तालमेल से तय होता है। लेकिन महिला मतदाताओं के समर्थन को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह न तो एक जैसा होता है और न ही इसका पहले से अंदाजा लगाया जा सकता है। लक्ष्मी भंडार, कन्याश्री, रूपाश्री जैसी महिलाओं पर केंद्रित कुछ सामाजिक कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों के वोट टीएमसी को ही मिलेंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं है। ये योजनाएं बस इस बात को पक्का करती हैं कि टीएमसी के राजनीतिक परिदृश्य में महिलाओं की मौजूदगी को सम्मान की नजर से देखा जाए। महिला मतदाताओं के एक बड़े हिस्से को अपने पाले में करने के लिए, चुनावी प्रचार के तरीके में एक सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। चुनाव प्रचार संभालने वालों को इस बात को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि कोलकाता की महिला मतदाताओं की प्राथमिकताएं, ग्रामीण इलाकों की महिलाओं की प्राथमिकताओं से अलग होंगी। इस विविधता को देखते हुए, महिलाओं से जुड़े मुद्दों को और भी बारीकी से समझने की जरूरत है। महिला मतदाताओं का यह समूह कई तरह के लोगों से मिलकर बना है, इसलिए उम्मीदवार और उनके चुनाव प्रचारकों को अपनी बात रखने से पहले इस बात को ध्यान में रखना होगा। रैलियां, गठबंधन और जोरदार चुनावी अभियान हर चुनाव का एक अहम हिस्सा होते हैं।


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मारपीट के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला अधरनपुर में युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है। घायल युवक के पिता रामवीर के अनुसार 193प्रैल की शाम को मोहल्ले के कीर्ति कुमार रावत पुत्र श्री निवास उर्फ छुन्नारे ने सोनू अग्निहोत्री पुत्र नीलेश,मोहितपाल पुत्र रामनिवास और आकाश के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए उसके पुत्र संदीप को लात घूंसो डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

### विवाहिता लापता अज्ञात पर रिपोर्ट

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली के एक मोहल्ले से विवाहिता के लापता होने पर पीड़ित पति ने अज्ञात के विरुद्ध पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने लापता की तलाश शुरू की है। पीड़ित पति के अनुसार उसने बरेली जनपद से अभी 9 फरवरी को ही विवाह किया था उसकी पत्नी मोबाइल से किसी अज्ञात से बात किया करती थी। मंगलवार की सुबह करीब 6.30 पर उसकी पत्नी घर से बिना बताये कहीं चली गई। उसे शक है मोबाइल पर बात करने वाला अज्ञात युवक ही उसकी पत्नी को बहला फुसला कर भगा ले गया है। पीड़ित पति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

### रिश्तेदारी में आये युवक को मारपीट कर किया घायल

**शाहबाद हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला दिलेरगंज मे रिश्तेदारी मे आये युवक को दो भाइयों ने मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवक के रिश्तेदारों ने भी आरोपियों के साथ मारपीट की है। दोनों पार्टियों ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी है। शाहजहांपुर के शहर कोतवाली थाना के मोहल्ला हुसैनपुरा निवासी गौतम गुप्ता पुत्र दिनेश गुप्ता के अनुसार वह 20 अप्रैल की रात एक वैवाहिक कार्यक्रम मे शाहाबाद आया था। मोहल्ला दिलेरगंज मे उसके साढ़ू धर्मेन्द्र गुप्ता रहते है। वह रात करीब 9 बजे उनके घर मिलने गया था। तभी उसके साढ़ू के पडोसी गौतम रस्तोगी पुत्र अशोक रस्तोगी ने अपनी भाई ऋषभ रस्तोगी और साथी प्रांजल गुप्ता के साथ उसे गाली गलौज कर लाठी डंडा सरिया से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसके रिश्तेदार निकल आये उन्होंने उसे बचाया पुलिस ने घायल का मेडिकल करवाया है। विपक्षी के साथ भी घायल के रिश्तेदारों ने मारपीट की है। दोनों तरफ से कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार राय ने बताया दोनों तरफ से तीन लोग घायल हुए हैं दोनों की तहरीर प्राप्त हुई है। घायलों का मेडिकल करवाकर जाँच शुरू कर दी है।

### आर एस एक्सल के छात्र रुद्र ने आईआईटीजेईई मेंस में मारी बाजी



**फतेहपुर।** आर एस एक्सल इंग्लिश एकैडमी में कक्षा 12 के छात्र रुद्र शंकर गुप्ता ने 96.45 प्रतिशत अंक लाकर आईआईटी का पायदान तय किया। साथी शिक्षा के पटल पर जनपद का नाम भी गौरवान्वित किया। आईआईटीजेईई (मेंस) 2026 का जैसे ही परिणाम घोषित हुआ छात्र रूद्र शंकर गुप्ता का विद्यालय के प्रिंसिपल धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने विद्यालय में छात्र का माल्यार्पण का स्वागत किया। हम आपको बता दें रमाशंकर गुप्ता एवं पूनम गुप्ता के पुत्र रूद्र शंकर गुप्ता ने विद्यालय में पढ़ते हुए बोर्ड परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा की तैयारी की जिसके परिणाम स्वरुप आईआईटी जेईई मेंस 2026 की प्रवेश परीक्षा में फिजिक्स में 97.43 प्रतिशत केमिस्ट्री में 96.55 प्रतिशत तथा मैथ में 94.67 अंक प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मयूर गुप्ता ने छात्र का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनकी कोशिश है की विद्यालय में बोर्ड की परीक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करवाने के लिए तमाम शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। जिसके चलते बच्चे अपना कैरियर संवार रहे हैं। इस अवसर पर सिविल लाइन परिसर की प्रधानाचार्या बीना श्रीवास्तव, संरक्षक अमित श्रीवास्तव, ऋषभ त्रिपाठी, अरविंद पांडे, राजेश मिश्रा, डॉक्टर संदीप शुक्ला ने छात्र की सफलता पर उसे बधाई दिया है।

### किशोर ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

**उरई (जालौन)।** जनपद के गोहन थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुरा गांव में मंगलवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 15 वर्षीय किशोर शिवजी पुत्र अजय कुमार शाक्यवार ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किशोर का शव घर के अंदर फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों की नजर जब उस पर पड़ी तो यह दृश्य देख उनके होश उड़ गए और घर में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गोहन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस के अनुसार, आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। फिलहाल, इस दुखद घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है और हर कोई इस बात को लेकर चिंतित है कि आखिर किशोर ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया।

### बिजली के तारों में स्पार्किंग से लगी भीषण आग, तीन दर्जन घर राख, युवक झुलसा, ग्रामीणों में आक्रोश



**निघासन (खीरी)।** मझगईं थाना क्षेत्र के गांव मुन्ना पुरवा में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बिजली के तारों में हुई स्पार्किंग ने देखते ही देखते भीषण अग्निकांड का रूप ले लिया। तेज हवाओं के चलते आग तेजी से फैलती गई और लगभग दो दर्जन घर इसकी चपेट में आकर जलकर राख हो गए। अचानक लगी आग से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर घरों से बाहर भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में पूरे मोहल्ले को अपनी चपेट में ले लिया। घरों में रखा राशन, नगदी, जेवर, कपड़े और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। पशुबाड़ों में बंधे मवेशियों को ग्रामीणों ने किसी तरह रस्सियां काटकर बाहर निकाला, जिससे कई जानवरों की जान बचाई जा सकी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के गांव—सिसवारा गदियाना, भादुरैहिया गदियाना, बोटन पुरवा, मोती पुरवा और पतिया—से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने बाल्टियों, टैंकरों और पंप सेट की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवा के कारण आग लगातार फैलती रही। ग्राम प्रधान द्वारा समय से सूचना दिए जाने के बावजूद दमकल विभाग करीब एक घंटे की देरी से मौके पर पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। मौके पर केवल एक फायर ब्रिगेड वाहन पहुंचने पर ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के बीच नोकझोंक भी हुई। स्थिति को संभालते हुए एसआई राम सुमेर साहनी और दीवान महेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को शांत कराया और बताया कि पलिया से अतिरिक्त दमकल वाहन मंगाए गए हैं। इसके बाद हालात धीरे-धीरे नियंत्रित हो सके। इस भीषण अग्निकांड में गंगाराम, बबलू, आशीष, जयलाल, सोहन, शारदा प्रसाद, महावीर, सोनेलाल, श्रीकेशन, राजेश, कौशल कुमार, तोताराम, रामनरेश, नरेश कुमार, सुरेश कुमार, प्रेमीलाल, रामगोपाल, केशवराम, पंकज, अनिल कुमार और शिवकुमार समेत करीब दो दर्जन परिवारों के घर जलकर राख हो गए। आग में गंगाराम और सोनेलाल की पशुशालाएं (डल्लफ) भी जलकर नष्ट हो गईं। घटना में हुलासी राम का 20 वर्षीय पुत्र रोहित गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे एंबुलेंस से निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। सूचना पर पहुंचे निघासन एसडीएम राजीव निगम और तहसीलदार दिव्यांशु शाही ने मौके का जायजा लिया और नुकसान का आकलन किया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया है।

### गिट्टी लदे अनियंत्रित ट्रेलर ने बाइक में मारी टक्कर, दो की मौत



**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित लहुरियादह गांव में मंगलवार सुबह नौ बजे के करीब अनियंत्रित ट्रेलर ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीन लोगों में दो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रेलर चालक गिट्टी लदे ट्रेलर को हाइवे पर छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बाइक चालक को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार सुबह तीनों लोग बाइक से घर लौट रहे थे सुबह नौ बजे के करीब जैसे ही लहुरियादह गांव में पहुंचे तो मध्यप्रदेश की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में लक्ष्मी नारायण पाल व हरिशंकर पाल उर्फकैर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा अंकित पाल गंभीर से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआइ विनोद सिंह, शिवाकांत पांडेय एसआइ पुनीत गुप्ता ने घटना की जांच करते हुए घायल बाइक चालक को उपचार हेतु न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज भेजा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत

▸ तीन माह की मासूम शवों के पास रोती मिली,पचदेवरा क्षेत्र में हुआ हादसा

**पचदेवरा, हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



पचदेवरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह गंगा एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर सेढामऊ अंडरपास के निकट दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद तीन माह की मासूम बच्ची अपने माता-पिता के शवों के पास रोती-बिलखती मिली, जिसे देखकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की आंखें नम हो गई। बताया गया कि मंगलवार सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों की नजर सड़क किनारे क्षतिग्रस्त बाइक, दंपति के शव और पास में रो रही मासूम बच्ची पर पड़ी। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पचदेवरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों के अनुसार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सियाराम (22) पुत्र सुभाष और उनकी पत्नी नीलम (20) निवासी ग्राम गहवरा थाना पाली की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि दंपति की शादी करीब दो वर्ष पूर्व हुई थी और उनकी तीन माह की एक मासूम बच्ची है। सियाराम ग्राम गहवरा में अपनी ननिहाल में रहता था, जबकि वह मूल रूप से नथीनगला थाना कलान जनपद शाहजहांपुर का निवासी था। परिजन बताते हैं कि दंपति पारिवारिक बहन की शादी में शामिल होकर नथीनगला गांव से वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। सियाराम तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।हादसे के बाद मासूम बच्ची सुरक्षित मिली, जिसे परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने की तैयारी कर रही है। पुलिस ने अज्ञात वाहन तलाश एवं मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सड़क पार करते समय रोडवेज बस की चपेट में आने से किशोर की मृत्यु

**सवायजपुर हरदोई, समृद्धि न्यूज।**




जनपद के सवायजपुर कस्बे में एक हृदयविदारक हादसे में 16 वर्षीय किशोर की जान चली गई। मृतक की पहचान विजय पुत्र सोनपाल सक्सेना निवासी कस्बा सवायजपुर के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय सड़क पार कर पास की एक परचून की दुकान पर सामान लेने जा रहा था, तभी तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि किशोर की मौके पर ही मौत हो गई।बताया गया कि विजय बेहद मेहनती था और बसों में चढ़कर मूंगफली व चना बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने में सहयोग करता था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने चाय कालिंग का किया शुभारंभ



**फतेहपुर।** सिविल लाइन स्थित नवीन मार्केट में चाय कॉलिंग का शुभारंभ किया गया। इस दौरान संचालक अपूर्व श्रीवास्तव, राकेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर विधवत आचार्य की उपस्थिति में हवन पूजन किया और अपने आराध्य देव की आरती उतारी इसके बाद भाजपा के जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर फतेहपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष नागेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। वही संचालक अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि उनके यहां चाय के साथ तमाम टेस्टी स्नेक्स, पिज्जा, बर्गर भी उपलब्ध है जो चाय के साथ लोग उसका भी लुत्फ उठा सकते हैं। इस अवसर पर मुकेश श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, पुष्प लता, हनी, पूर्वी, डा अनुराग, डॉक्टर विवेक श्रीवास्तव, अनीता, नीलम, अलका, शिशिर, मुकुट बिहारी, सरोज श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, आर्यन, मौजूद रहे। इस दौरान चाय, बर्गर, पेस्टी ऑनलाइन भी मंगाया जा सकता है।

## पानी की बोतल उठाते समय बस की चपेट में आया यूकेजी छात्र, मौत

▸ परिचालक न होने का आरोप, परिजनों का हंगामा

**असोथर, फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ लखनहा मजरे ऐझी गांव में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में स्कूल बस की टक्कर से पांच वर्षीय यूकेजी छात्र की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने बस में परिचालक न होने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और मार्ग जाम कर दिया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। जानकारी के अनुसार, चंद्रगढ़ लखनहा निवासी मुकेश चौहान का पुत्र कार्तिकेय लवकुश इंटर कॉलेज असोथर में यूकेजी का छात्र था। उसका बड़ा भाई किशन कक्षा एक में पढ़ता है। सोमवार को दोनों भाई रोज की तरह स्कूल बस से करीब तीन बजे अपने गांव पहुंचे। बस से उतरते समय कार्तिकेय की पानी की बोतल बैग से निकलकर बस के अगले टायर के पास गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही वह बोतल उठाने के लिए झुका, चालक ने बस आगे बढ़ा दी। इससे वह बस की चपेट में आ गया और उसके सिर में गंभीर चोट आई। भाई किशन के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक चालक बस छोड़कर फरार हो गया। परिजन घायल बच्चे को तत्काल जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में बेसड़ी गांव के पास उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अन्य बच्चों के अभिभावक भी मौके पर पहुंच गए और बच्चों को घर ले गए। इसके बाद परिजनों व ग्रामीणों ने मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बस में परिचालक नहीं रहता, जिससे बच्चों की सुरक्षा खतरे में रहती है। उनका कहना था कि यदि परिचालक मौजूद होता तो बच्चे को सुरक्षित उतारा जा सकता था। लोगों ने स्कूल प्रबंधन और अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि बस को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ प्रतीक मिश्रा ने बताया कि जांच में बस के कागजात सही पाए गए हैं।

**100 की बोतल ने ले ली जान:** हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां अंजनी ने बिलखते हुए कहा कि 100 की बोतल ने बेटे की जान ले ली। अगर वह बोतल को जाने देता तो आज उसका बेटा जिंदा होता।

**प्रबंधक का पक्ष:** विद्यालय के प्रबंधक लवकुश सिंह ने बताया कि बस में सामान्यत: परिचालक रहता है, लेकिन वह अवकाश पर था। चालक को बिना परिचालक बस न ले जाने के निर्देश दिए गए थे, फिर भी वह बच्चों को छोड़ने के लिए बस ले गया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बस में अक्सर परिचालक नहीं रहता है।

## डीएम ने व्यापारियों की समस्याओं पर समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश

▸ जाम, अतिक्रमण और सड़क चौड़ीकरण पर निर्णायक पहल, जनपद में सुगम व्यापारिक माहौल की ओर कदम

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला व्यापार बंधु, उद्योग बंधु एवं श्रम बंधु की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि व्यापार और उद्योग से जुड़े हर मुद्दे का समाधान प्राथमिकता के आधार पर, समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद में बेहतर व्यावसायिक वातावरण विकसित हो सके।

बैठक के दौरान व्यापारियों ने मौनी मंदिर के आगे स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में लगातार लगने वाले जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया। इस पर जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी उरई को निर्देशित किया कि वैकल्पिक स्थान चिन्हित कर प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत किया जाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुगम बनाई जा सके। राठ रोड ओवरब्रिज से हाईवे तक सड़क की कम चौड़ाई के कारण उत्पन्न हो रही दिक्कतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ कराया जाए। साथ ही राठ रोड उरई में धान मिल से हाईवे तक दोनों ओर नाले के निर्माण की मांग पर नगर पालिका द्वारा अपेक्षित कार्य न किए जाने पर अधिशासी अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया गया। जनसुविधाओं के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता का उदाहरण देते हुए, एचडीएफसी बैंक के सामने स्थित सार्वजनिक शौचालय में पूर्व में ताला लगे रहने की शिकायत का त्वरित संज्ञान लिया गया, जिस पर जिलाधिकारी के निर्देश के बाद अधिशासी अधिकारी द्वारा शौचालय को संचालित कर समस्या का समाधान किया गया। कालपी बाजार में अतिक्रमण की समस्या पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि विशेष अभियान चलाकर बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि व्यापारियों और आमजन को राहत मिल सके। इस अवसर पर मुख्य विकास केके सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, उपयुक्त उद्योग धर्मेंद्र भास्कर, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता (प्रथम एवं द्वितीय), लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी साथ ही जनपद के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं उद्यमी मौजूद रहे।

## श्री पीताम्बरा द्वारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित



**फतेहपुर।** आईटीआई रोड स्थित श्री पीतांबरा पीठ मित्र मंडल दतिया फतेहपुर की अध्यक्ष माया दीक्षित, मंत्री विकास द्विवेदी, कोषाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव सहित पूरी टीम के नेतृत्व में प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुँच कर प्रसाद ग्रहण किया। यह मित्र मंडल पिछले 15 वर्षो से लगातार पीतांबरा माई की पूजन अर्चन करके प्रसाद वितरित करते हैं। इन लोगों ने बताया भगवती पीतांबरा बगलामुखी ही है। जो शत्रु पर विजय, कोर्ट केस, धन स्तंभन में माता रानी अपने भक्तों की सहायता करती हैं। इस अवसर पर वंश गोपाल दीक्षित, प्रभाकांत दीक्षित, गणेश शंकर पांडे, कृष्ण कुमार तिवारी, अमित त्रिवेदी, धनंजय, प्रदीप सिंह, यशीकांत दीक्षित, गंगाशरण करवरिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन उरई का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

▸ व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिए सख्त निर्देश



**उरई (जालौन)।** मंगलवार को पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी द्वारा पुलिस लाइन उरई का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण अत्यंत व्यवस्थित एवं गहन रूप से किया गया जिसमें पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं और कार्यालयों की कार्यप्रणाली का बारीकी से मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के दौरान कैश कार्यालय, गणना कार्यालय, गैस गोदाम, शस्त्रागार सहित अन्य महत्वपूर्ण इकाइयों का क्रमवार निरीक्षण किया गया। इस दौरान अभिलेखों की स्थिति आवश्यक सामग्री की उपलब्धता रख-रखाव की गुणवत्ता तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शाखा के प्रभारी से संवाद कर कार्य-संस्कृति और जिम्मेदारी के निर्वहन की समीक्षा की तथा आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त तकनीकी इकाइयों जैसे फील्ड यूनिट, रेडियो शाखा, परिवहन शाखा एवं जिला नियंत्रण कक्ष का भी विशेष निरीक्षण किया गया। इन इकाइयों में संचार प्रणाली की कार्यशीलता, उपकरणों की गुणवत्ता वाहनों की स्थिति एवं तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता का परीक्षण किया गया। साथ ही स्टाफ की तैनाती एवं उनकी कार्यक्षमता का भी आकलन किया गया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां कमियां पाई गई वहां संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। यह अर्द्धवार्षिक निरीक्षण पुलिस लाइन उरई की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## गोला में एसडीएम का औचक निरीक्षण, गेहूं क्रय केंद्रों पर व्यवस्थाओं की जांच की

**गोला गोकर्णनाथ खीरी**



उपजिलाधिकारी प्रतिक्षा त्रिपाठी ने मंगलवार को स्थानीय मंडी परिसर स्थित गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर चल रही खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया और किसानों को मिल रही सुविधाओं की हकीकत परखी। एसडीएम ने भीषण गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर पेयजल, बिजली, छाया और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। यदि कहीं भी लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय केंद्रों पर तौल व्यवस्था, भुगतान प्रक्रिया और साफ-सफाई का भी बारीकी से निरीक्षण किया। किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। एसडीएम ने केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि गेहूं खरीद प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिल सके। साथ ही उन्होंने केंद्रों पर शेड, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## सपा प्रतिनिधि मंडल डीएम से मिला

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधीमंडल मंगलवार को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार से जिले की मिर्जापुर, छानबे, चुनार, मझवां, मडिहान विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के पुनरीक्षण/संशोधन के दौरान जिन मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, जोड़े गए हैं, स्थानांतरित (परिवर्तित) किए गए हैं, तथा जिन मतदाताओं के नाम मैपिंग अथवा लॉजिकल एरर की श्रेणी में दर्ज हैं। उपरोक्त सभी श्रेणियों (वोट कटने, जोड़ने, स्थानांतरण, मैपिंग एवं लॉजिकल एरर) से संबंधित मतदाताओं का स्पष्ट एवं प्रमाणिक विवरण उपलब्ध कराने की मांग की है। जिससे आवश्यक जांच एवं सत्यापन किया जा सके। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी सदर गुलाबचन्द्र से मझवां विधानसभा अध्यक्ष झल्लू यादव ने मझवां विधानसभा की जोडे और काटे गये नामो की सूची मांगी। चुनार विधानसभा अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह उपजिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा से चुनार विधानसभा की मतदाता सूची मांगा। वही छानबे विधानसभा अध्यक्ष सोकिम अहमद ने उपजिलाधिकारी लालगंज से काटे और जोडे गये नामो की मतदाता सूची मांगा। और कहा गया की निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा जायेगा और 24 अप्रैल को जिलाधिकारी से शिकायत की जायेगी और मतदाता सूची पर आपत्ती दर्ज कराया जायेगा। प्रतिनिधीमंडल ने जिला महासचिव आदर्श यादव, झल्लू यादव, सोकिम अहमद, राणाप्रताप सिंह, कान्धा यादव, हरिशंकर यादव, जुम्मन खान आदि शामिल है।

## थाना पनवाड़ी क्षेत्र में चर्चित हत्याकांड की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

▸ पुलिस टीम ने चार महिला सहित 5 अभियुक्त किये गिरफ्तार, एक बालक को भी अभिरक्षा में लिया

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के थाना पनवाड़ी क्षेत्र में गतदिनों हुए चर्चित हत्याकाण्ड का सफलता पूर्वक खुलासा कर चार महिला सहित 5 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है पुलिस अधीक्षक ने खुलासा करने वाली थाना पुलिस, जनपदीय स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम को 10 हजार रूपये नगद पुरस्कार की घोषणा की है। बता दें कि पनवाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हैवतपुरा ब्रह्मनान के समीप गत दिनों एक व्यक्ति का शव नाले में मिलने की सूचना कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। मृतक की पहचान हरनारायण प्रजापति उम्र लगभग 36 वर्ष निवासी ग्राम हैवतपुरा ब्रह्मनान के रूप में हुई। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पनवाड़ी में मु.अ.सं. 46/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा संज्ञान लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना पनवाड़ी पुलिस एवं जनपदीय स्वॉट/सर्विलांस टीम को घटना के सफल अनावरण हेतु गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों द्वारा घटनास्थल का वैज्ञानिक एवं तकनीकी निरीक्षण किया गया, साक्ष्य संकलन एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट का विश्लेषण किया गया, स्थानीय स्तर पर पूछताछ, मुखबिर तंत्र एवं सर्विलांस के माध्यम से सूचनाएं एकत्रित की गई, संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी गई, इन समस्त प्रयासों के फलस्वरूप घटना का सफल अनावरण संभव हो सका। पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए घटना में संलिप्त कुल 5 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार एवं 1 नफर विधि से संघर्षरत बालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। जिसमें रामप्यारी पत्नी स्व. हरनारायण प्रजापति(मृतक की पत्नी), ज्योति पुत्री स्व. हरनारायण प्रजापति(मृतक की पुत्री), सोनाली पुत्री स्व. हरनारायण प्रजापति(मृतक की पुत्री), पूजा पुत्री स्व. हरनारायण प्रजापति(मृतक की पुत्री) समस्त नि.गण मु. हैवतपुरा ब्रह्मनान कस्बा व थाना पनवाड़ी जनपद महोबा , जयबीर पुत्र टिकाराम कुशवाहा (मृतक की पुत्री का दोस्त) नि. अलीपुरा कस्बा व थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को गिरफ्तार किया है।

# मनुष्य मात्र को शिक्षा देने के लिए भगवान राम ने लिया अवतार: साध्वी राजकुमारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



**भगवान भी प्रसन्न ही नहीं होते बल्कि अपने वश में हो जाते हैं**

सदाचार ही परम धर्म है भगवान राम का अवतार लेने का मुख्य प्रयोजन संसार में मनुष्य मात्र को चरित्र की शिक्षा देना है ।

यह विचार महोबा से पधारी साध्वी राजकुमारी जी ने श्री आनंद मानस प्रचार सेवा समिति द्वारा रौली गांव में आयोजित सप्त दिवसीय विष्णु महायज्ञ में प्रवचन सभा में व्यक्त किये। साध्वी जी ने अपने विस्तृत वक्तव्य में बताया कि समाज एवं राष्ट्र की उन्नति आचारवान युवकों एवं शील संपन्न नारियों के द्वारा होती है। अतः मानव मात्र को अपने कर्तव्य का बोध कराने के लिए जगत जननी सीता और परमपिता भगवान राम ने मनुष्य रूप में अवतार लिया। भगवती सीता नारी को सम विषम सभी परिस्थितियों में अपने कर्तव्य मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देती हैं। इसी कारण बाबा तुलसी जी पहले माता सीता जी की वंदना करते हैं ।ततपश्चात भगवान राम की स्तुति करते हैं।राम और सीता दोनों भारतीय संस्कृति के चरित्र नायक हैं। गोंडा से पधारे मानस मनीषी कथा व्यास पंडित प्रहलाद मिश्रा रामायणी जी ने कहा कि मानस में वर्णित हनुमान का चरित्र भक्ति एवं शक्ति प्रदान करता है। हनुमान सर्वगुण संपन्न है,वह एक संत हैं जो विभीषण एवं सुग्रीव को भगवान राम से मिलाते हैं। हनुमान जी निस्वार्थ निराभिमानी सेवा के प्रतीक हैं। वह सीता की खोज राक्षसों का संहार विशाल समुद्र का उल्लंघन आदि बड़े-बड़े कार्य करके भी भगवान राम के सम्मुख अपनी हीनता ही कहते हैं सो सब तव प्रताप रघुराई। नाथ न कछु मोरी मनुसाईं।।

रायबरेली के बाल व्यास अंकित रामायणी ने बताया कि जीवन के सभी संकल्प मां के द्वारा ही किए जाते हैं अतः सबसे पहले मां को शुद्ध करने की आवश्यकता है मां में शुद्धता और पवित्रता सत्संग और महापुरुषों की जीवनी पढ़ने से आती है मन निर्मल हो जाने पर संसार में कोई शत्रु नहीं रह जाता अपितु सभी मित्र बन जाते हैं। इतना ही नहीं भगवान भी प्रसन्न ही नहीं होते बल्कि अपने वश में हो जाते हैं। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक प्रतिष्ठित कथा व्यास पंडित श्री अजय शास्त्री बिंदु जी ने कहा कि जीव का सच्चा स्वार्थ भगवान की भक्ति ही है। संसार में अर्जित किया गया धन वैभव अंत में छूट जाता है उसकी सद्गति तो भक्ति और भागवत शरणागति में ही है , स्वारथ साच जीव कर एहा। करिए राम पद पंकज नेहा ।। यज्ञ आचार्य पंडित अभय शास्त्री ने कहा कि यज्ञ कर्म मोह बंधन से छुटकारा देकर जीवन मंत्र के प्रति सदैव बनता है। शास्त्रों के समस्त शुभ कर्मों को यज्ञ की संज्ञा दी गई है। श्री सीताराम की मूर्ति की स्थापना के क्रम में जलाधिवास अन्नाधिवस के साथ वैदिक मंत्रों के साथ पूजन हुआ वैदिक ब्राह्मण पंडित श्री हरिओम शास्त्री एवं पंडित भगवती शास्त्री एवं पंडित श्री अखिलेश्वर दास जी महाराज के द्वारा पूजन कार्य संपन्न हुआ कथा में अपनी सहभागिता एवं कथा में गोता लगाने हेतु क्षेत्र के शिवाकांत दीक्षित, राजकुमार पांडे, सुशील दीक्षित, सुशील पांडे,कुंज बिहारी पांडेय, डॉ.शिवाकांत शुक्ला, सुभाष शुक्ला, हरिमोहन मिश्रा, अनुराग सिंह, सौरभ त्रिपाठी, शोभित त्रिपाठी, आदित्य त्रिपाठी अनुराग सिंह मोनू सिंह, दिनेश त्रिवेदी पंकज बाजपेई कई धर्मानुरागी जन उपस्थित रहे।

## सीएचसी पर ट्रामा सेंटर खोलने की सीएम से हुई मांग

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सांसद तनुज पुनिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पर मिनी ट्रामा सेंटर खोलने का अनुरोध किया है। श्री पुनिया ने यह अनुरोध अमिलहरा गांव निवासी बद्री प्रसाद साहू द्वारा की गई मांग पर किया है।

बद्री साहू ने बताया कि हैदरगढ़ क्षेत्र से होकर गुजरे एन एच 731 व पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर होने वाली दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोग घायल होकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र होने की वजह से हैदरगढ़ आते हैं परंतु बेहतर चिकित्सा व्यवस्था न होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल या लखनऊ के बड़े हॉस्पिटलों के लिए रेफर कर दिया जाता है इस दौरान सही समय पर बेहतर इलाज न मिल पाने के कारण बहुत सारे घायल यात्रियों की जान चली जाती है।

# विपक्षियों के हमले से घायल महिला ने पुलिस से मांगा न्याय

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

**जिला अस्पताल भेजा गया था जहाँ से उसे ट्रामा सेन्टर लखनऊ भेजा गया था**

विपक्षियों द्वारा किए गए हमले में बुरी तरह घायल हुई महिला 8 दिन बाद कोतवाली पहुंची और विपक्षियों के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई। महिला की गुहार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया हैं।

स्थानीय कोतवाली के पूरे धनऊ मजरे गौरा गांव निवासी महिला सीतापति पत्नी राममिलन ने बताया कि बीते 12 अप्रैल की शाम करीब 6.00 बजे वह पति के साथ खेतो पर गई थी। घर पर पुत्री रचना 10 अकेली थी, जो पानी लेने नल पर गयी थी जहां पर गांव के ही बिपक्षी हरिश्चन्द्र पुत्र सुखराज व उनकी माता तारावती,पत्नी लज्जावती व बहु पूजा ने धक्का देकर गिरा दिया तब तक वह व उसके पति भी आ गये तो बिपक्षीजनो द्वारा बांका लाठी-डण्डो से उनको भी खूब मारा-पीटा जिससे तीनो को सिर में व शरीर पर गम्भीर चोटे आयी थी जिसकी शिकायत थाने पर घटना के दिन ही की गई थी तथा इलाज व चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था जहाँ से उसे ट्रामा सेन्टर लखनऊ भेजा गया था।

## मारपीट का मुकदमा दर्ज कराने के लिए महिला ने दी तहरीर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** मारपीट करने वाले विपक्षियों के विरुद्ध तहरीर देकर महिला ने मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। स्थानीय कोतवाली के पूरे तकिया मजरे अंसारी गांव निवासी शमाबानो पत्नी मो.मासूम ने बताया कि 20 अप्रैल की शाम विपक्षी मो. याशीन व मो. राजू पुत्रगण सगीर,मो. फरमान पुत्र सकील,मो0 सविर व मो0 जविर पुत्र सब्बीर ने मिलकर पलात घूसों व डन्डो से उसे काफी मारा पीटा तथा जा बेजा भ?द्दी भद्दी गालियां व जान से मारने डालने की एलानिया धमकी दी । उसकी चींख पुकार सुनकर जब आस पास के लोग इक्ट्ठा हुए तो विपक्षी गालियाँ देते हुए मौके से चले गये। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दो चोर गिरफ्तार, पीली धातु के आभूषण बरामद

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



थाना जैदपुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के सफेद व पीली धातु के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 20 अप्रैल 2026 को थाना जैदपुर पुलिस टीम ने मुकदमा संख्या 90/2026 धारा 305 (ए)/ 331(4)/352/ 351 (3)/ 317(2) बीएनएस से संबंधित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में आनन्द प्रकाश उर्फ लवकुश पुत्र रामविलास तथा चाँदबाबू उर्फ मदन पुत्र वसीम निवासी ग्राम दौलतपुर थाना जैदपुर शामिल हैं। दोनों को बरबसौली के पास से गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से सफेद धातु की 12 अदद बिछिया, 2 अदद पायल तथा पीली धातु की 1 नाक की नथ और 1 नाक की कील बरामद की है।पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने 6/7 अप्रैल 2026 की रात थाना जैदपुर क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर स्थित एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था, जिसमें नकदी व आभूषण चोरी किए गए थे।इस संबंध में थाना जैदपुर पर मुकदमा पंजीकृत है।पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## सिलेंडर लीकेज से लगी आग, दो घरो की गृहस्थी जलकर खाक

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना जैदपुर क्षेत्र के सेवकी पुरवा गांव में मंगलवार सुबह सिलेंडर रिसाव से लगी भीषण आग ने दो घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दो बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए, जबकि घरों में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार सुबह करीब 10 बजे रामदेव के घर पर हुई। उनकी बेटी प्रिया खाना बना रही थी तभी अचानक गैस सिलेंडर से रिसाव के चलते आग भड़क उठी। आग की चपेट में आकर प्रिया गंभीर रूप से झुलस गईं। उन्हें बचाने पहुंचे उनके भाई आकाश भी आग की लपटों में घिरकर झुलस गए। आग इतनी तेज थी कि दीवार को पार करते हुए पड़ोसी कंधई लाल पुत्र रामकिशुन के घर तक पहुंच गई। वहां रखा सारा अनाज और खाद्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई,जिसमें 12 बोरी सरसों,6 बोरी गेहूं,2 बोरी पोस्ता दाना और 9 बोरी चावल शामिल हैं।

# जिंदा समाधि पर अड़े महंत, 10 घंटे गड्ढे में बैठे प्रशासन की सख्ती के बाद टला बड़ा हादसा

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



1- सुबह 4 बजे गड्ढे में बैठे महंत 2- 10 घंटे तक जिंदा समाधि की जिद 3- करोड़ों की जमीन बना विवाद की जड़ 4-प्रशासन के 45 दिन के आश्वासन पर माने 5- भारी पुलिस बल तैनात, मठ घोषित संवेदनशील

कुल मिलाकर धार्मिक आस्था की आड़ में इस तरह के आत्मघाती कदम न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती हैं, बल्कि समाज में गलत संदेश भी देते हैं। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे मामलों में केवल आश्वासन नहीं, बल्कि तय समयसीमा में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह की चरम स्थिति तक न पहुंचे।

मंगलवार को असंद्रा थाना क्षेत्र के भावनिहा पुर कितैया स्थित श्रीराम जानकी मठ में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब महंत मुकुंदपुरी जिंदा समाधि लेने की जिद पर अड़ गए। सुबह 4 बजे गड्ढे में बैठने के बाद वे करीब 10 घंटे तक बाहर नहीं निकले। हालात बिगड़ते देख प्रशासन को भारी पुलिस बल के साथ मौके पर उतरना पड़ा। अधिकारियों की कड़ी समझाइश और दबाव के बाद दोपहर करीब 2 बजे महंत को बाहर निकाला जा सका। इस दौरान पूरे मठ परिसर को संवेदनशील घोषित कर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।

मामले की जड़ मठ की करोड़ों की संपत्ति को लेकर चल रहा विवाद है। महंत मुकुंदपुरी का आरोप है कि फर्जी वसीयत के जरिए मठ की जमीन पर कब्जा किया गया। उनका कहना है कि मठ की भूमि को मठ के नाम ही किया जाय हालांकि तहसील प्रशासन पहले ही वसीयत को निरस्त कर चुका है, लेकिन जमीनी स्तर पर विवाद खत्म नहीं हुआ।- अल्टीमेटम के बाद उठाया खतरनाक कदम महंत ने पहले ही चेतावनी दी थी कि 20 अप्रैल तक कार्रवाई नहीं हुई तो 21 अप्रैल को जिंदा समाधि लेंगे। तय समय पर उन्होंने अपनी बात पर अमल करते हुए खुद को गड्ढे में बैठा लिया, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। प्रशासन ने दिखाई सख्ती, 45 दिन का दिया भरोसा मौके पर पहुंचे एसडीएम अनुराग सिंह, सीओ जटा शंकर मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक अलोकमणि त्रिपाठी समेत कई अधिकारियों ने घंटों समझाइश की। आखिरकार 45 दिन में संपत्ति विवाद सुलझाने के लिखित आश्वासन के बाद ही महंत माने और बाहर आए। पहले भी दे चुके हैं चेतावनी पुलिस के मुताबिक, महंत पहले भी इस तरह की धमकी दे चुके हैं, लेकिन इस बार स्थिति ज्यादा गंभीर थी। प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप कर बड़ी अनहोनी टाल दी।

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, कैमरा भी टूटा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

गौरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरना टीकर में को तेज रफ्तार कार और बाइक की जोरदार टक्कर से हड़कंप मच गया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना के दौरान मौके पर लगा नगर पालिका का कैमरा भी क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रायबरेली-सुल्तानपुर रोड पर सुल्तानपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार एक कार ने सामने जा रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल के पहचान की प्रक्रिया चल रही है। हादसे की चपेट में सड़क किनारे लगा नगर पालिका का सीसीटीवी कैमरा भी आ गया, जिससे वह पूरी तरह टूट गया। इससे नगर पालिका को भी नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलते ही गौरीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने कार और बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# जिले में सुशासन एवं पारदर्शिता के साथ किया जाएगा कार्य : ईशान प्रताप सिंह



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

**नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने संभाली जनपद की कमान**

मंगलवार को नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जनपद बाराबंकी की कमान संभाली है। उन्होने जनपद में 65वें जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। नवागत जिलाधिकारी 2017 बैच की आईएएस अधिकारी है। इससे पहले वे विशेष सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन के पद पर तैनात थे। पद संभालने के पश्चात् जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद में सुशासन एवं पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंचे। जिलाधिकारी ने बताया कि वह जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, विकास कार्यों की गति तेज करने तथा शिकायतों के प्रभावी समाधान पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई को प्राथमिकता दी जाएगी

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी(वि/रा) निरंकार सिंह,अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजकुमार सिंह, एसडीएम नवाबगंज/जॉइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अचानक लगी आग से किसान की डेढ़ बीघा गेहूं की फसल राख

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



तिलोई तहसील क्षेत्र के ढोढनपुर गांव में अचानक लगी आग ने एक किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया। अज्ञात कारणों से भड़की इस आग में किसान बलकरन की करीब डेढ़ बीघा पकी हुई गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक पूरी फसल आग की चपेट में आ चुकी थी। कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। सूचना मिलते ही स्थानीय समाजसेवी राज विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसान को सांत्वना देते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने घटना को दुखद बताते हुए प्रशासन से तत्काल सहायता दिलाने की बात कही। हादसे के बाद किसान के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। ग्रामीणों और समाजसेवियों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित को शीघ्र सरकारी राहत और उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वह इस नुकसान से उबर सके।

## दस दिनों तक फाटक बंद यात्रियों को लंबा चक्कर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर के हुसैनगंज स्थित बड़ेगांव रेलवे फाटक को ट्रैक मरम्मत कार्य के चलते 10 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। यह फाटक 20 अप्रैल से 30 अप्रैल तक बंद रहेगा जिसके सम्बन्ध में फाटक पर नोटिस चस्पा कर दी गई है। बिना पूर्व सूचना के कई लोग फाटक तक पहुंच गए, जिससे उन्हें वापस लौटकर वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ा। इस वजह से समय और ईंधन दोनों की खपत बढ़ी और यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रेलवे विभाग द्वारा 30 अप्रैल तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान स्थानीय लोगों से अपील है कि यात्रा से पहले रास्ते की जानकारी जरूर लें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

## डीपीआरओ पर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने के आरोप



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद में तैनात जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) निरीश चंद्र साहू की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामने आ रहे भ्रष्टाचार के मामलों में समय पर कार्रवाई न कर उन्हें दबाया जा रहा है, जिससे भ्रष्टाचार में लिप्त प्रधान और सचिवों को संरक्षण मिल रहा है। बताया जा रहा है कि जिले के कई विकासखंडों से ग्रामीणों द्वारा लगातार अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतें की जा रही हैं। कई मामलों में जिलाधिकारी द्वारा जांच के लिए टीम भी गठित की गई और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए, लेकिन आरोप है कि संबंधित फाइलें जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में लंबित पड़ी रहती हैं और समय पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर सख्त कार्रवाई की जाए तो ग्राम पंचायतों में होने वाले भ्रष्टाचार पर काफी हद तक रोक लग सकती है। लेकिन कार्रवाई में देरी या ढिलाई के कारण दोषियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि जिला पंचायत राज अधिकारी के स्तर पर केवल औपचारिकता पूरी की जाती है और भ्रष्टाचार के मामलों में वास्तविक कार्रवाई नहीं हो पाती। इससे आम जनता में नाराजगी बढ़ रही है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि जिला प्रशासन इस पूरे मामले का संज्ञान लेकर डीपीआरओ निरीश चंद्र साहू की कार्यशैली की जांच कब कराएगा और भ्रष्टाचार के मामलों में दोषियों के विरुद्ध कब सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता और जवाबदेही कायम हो सके।

# दो पालियों में सकुशल सम्पन्न कराई जाएंगी पुलिस परीक्षा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद सीतापुर में उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा दिनांक-25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को दो पालियों में सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई।

बैठक में समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी, परीक्षा से जुड़े नोडल अधिकारी एवं केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता के लिए संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की पूर्ण जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। उन्होंने सभी केंद्रों पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में परीक्षा के लिए कुल 07 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें सभी केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था आदि को समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक केंद्र पर सी.सी.टी.वी. कैमरों की समुचित व्यवस्था कर उनकी निगरानी कंट्रोल रूम से किए जाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएं तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक केंद्र पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था उपलब्ध रहे तथा आपात स्थिति से निपटने हेतु एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा बैकअप व्यवस्था तैयार रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अभ्यर्थियों को ठहरने हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे कोई भी अभ्यर्थी खुले में न सोये, जिसके लिये बस स्टैण्ड एवं रेलवे स्टेशनों पर ठहरने हेतु समुचित प्रचार-प्रसार किया जाये।

## युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भावलपुर में पारिवारिक विवाद से आहत होकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों की तत्परता से उसकी जान बच गई। युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। सुरजीत पुत्र महाराजदीन घर पर था। परिजनों के अनुसार किसी बात को लेकर पिता-पुत्र में कहासुनी हो गई। इससे नाराज होकर सुरजीत कमरे में गया और फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ देर बाद परिजनों को संदेह हुआ तो दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा गया। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर ले जाया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत टेढ़वा तप्पा बांक विकास खण्ड गैन्डास बुजुर्ग, बलरामपुर**

पत्रांक - मेमो ../नि.को./2026-2027 दिनांक 22.04.2026

**निविदा/कोटेशन**

निविदा आपूर्ति सूचना ग्राम पंचायत टेढ़वा तप्पा बांक विकास खण्ड- गैन्डास बुजुर्ग बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु मनरेगा (जी. राम.जी.), केन्द्रीय वित्त आयोग व राज्य वित्त आयोग स्वच्छ भारत मिशन, आर.जी. एस. ए. के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओ एव आंगनबाड़ी केंद्र, राशन भवन, पंचायत भवन, अमृत सरोवर, वृक्षारोपण, कायाकल्प, S,L,W,M, अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति, गौ पशु आश्रय, भूसा, दाना/ चूनी चोकर इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वित्तीय श्रेणी ईट । इंटरलाकिंग ईट, ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया, पत्थर मिटटी ह्यूम पाइप पेंट इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज कुर्सी, अलमारी साइनबोर्ड स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री इत्यादि। इंडिया मार्का दो हैण्डपम्प से सम्बन्धित समस्त सामग्री, स्ट्रीट लाईट, सौरी ऊर्जा, डस्टबीन इलेक्ट्रानिक सामान एंव कम्प्यूटर उपकरण इत्यादि सामग्री की आवश्यकता है और JCB मशीन किराये पर, ट्रैक्टर ट्राली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 22.04.2026 से दिनांक 29.04.2026 को शाम 5 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर बंधित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जाएगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 30.04.2026 ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान एवं सचिव की उपस्थिति में 10 बजे तक निविदा फ़ार्म खोला जाएगा।

**नियम/शर्त निस है:-**

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्ति कर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में एनी फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतन्त्र है।
2. फर्म को जी.एस.टी. पंजीकृत हो तो आयकर प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
3. ग्राम प्रधान/सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा।
4. जो दरे प्रस्तुत की जाए वह दरे जीएसटी तथा डुलाई चढ़ाई उतराई तथा एनी कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
5. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव । ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाये।
7. प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
8. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा।

**अबूकमर**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. टेढ़वा तप्पा बांक**
**वि.ख. गैन्डास बुजुर्ग, बलरामपुर**

**अखण्ड प्रताप मिश्रा**
**सचिव**
**ग्रा.पं. टेढ़वा तप्पा बांक**
**वि.ख. गैन्डास बुजुर्ग, बलरामपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गजपुर ग्रिंट विकास खण्ड गैन्डास बुजुर्ग, बलरामपुर**

पत्रांक - मेमो ../नि.को./2026-2027 दिनांक 22.04.2026

**निविदा/कोटेशन**

निविदा आपूर्ति सूचना ग्राम पंचायत गजपुर ग्रिंट विकास खण्ड- गैन्डास बुजुर्ग बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु मनरेगा (जी. राम.जी.), केन्द्रीय वित्त आयोग व राज्य वित्त आयोग स्वच्छ भारत मिशन, आर.जी. एस. ए. के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओ एव आंगनबाड़ी केंद्र, राशन भवन, पंचायत भवन, अमृत सरोवर, वृक्षारोपण, कायाकल्प, S,L,W,M, अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति, गौ पशु आश्रय, भूसा, दाना/ चूनी चोकर इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वित्तीय श्रेणी ईट । इंटरलाकिंग ईट, ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया, पत्थर मिटटी ह्यूम पाइप पेंट इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज कुर्सी, अलमारी साइनबोर्ड स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री इत्यादि। इंडिया मार्का दो हैण्डपम्प से सम्बन्धित समस्त सामग्री, स्ट्रीट लाईट, सौरी ऊर्जा, डस्टबीन इलेक्ट्रानिक सामान एंव कम्प्यूटर उपकरण इत्यादि सामग्री की आवश्यकता है और JCB मशीन किराये पर, ट्रैक्टर ट्राली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 22.04.2026 से दिनांक 29.04.2026 को शाम 5 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर बंधित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जाएगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 30.04.2026 ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान एवं सचिव की उपस्थिति में 10 बजे तक निविदा फ़ार्म खोला जाएगा।

**नियम/शर्त निस है:-**

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्ति कर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में एनी फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतन्त्र है।
2. फर्म को जी.एस.टी. पंजीकृत हो तो आयकर प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
3. ग्राम प्रधान/सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा।
4. जो दरे प्रस्तुत की जाए वह दरे जीएसटी तथा डुलाई चढ़ाई उतराई तथा एनी कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
5. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव । ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाये।
7. प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
8. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा।

**बासपती देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. गजपुर ग्रिंट**
**वि.ख. गैन्डास बुजुर्ग, बलरामपुर**

**नवीन कुमार मिश्रा**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्रा.पं. गजपुर ग्रिंट**
**वि.ख. गैन्डास बुजुर्ग, बलरामपुर**

# उपभोक्ताओं के लिए समस्या बने स्मार्ट मीटर : विनोद दूबे

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर में सौरिख बस स्टैंड स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में जन आंदोलन फ्रंट कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनोद दूबे ने कहा बिजली उपभोक्ताओं पर जबरन थोपे जा रहे प्रीपेड मीटर आज ऐसी ही एक गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। अगर इसका समाधान नहीं निकाला गया, तो इसका खामियाजा देर-सबेर सरकार को ही भुगतना पड़ेगा।

उन्होंने कहा समझ से परे है कि आखिर क्यों प्रीपेड मीटर की व्यवस्था सीधे आम उपभोक्ताओं पर लादी जा रही है। बड़े शहरों की हाईराइज सोसायटी या सक्षम उपभोक्ताओं के लिए यह एक विकल्प हो सकता है, लेकिन उन लोगों पर यह बोझ

**▸ सरकार को भुगतना पड़ेगा खामियाजा**

डालना, जिन्हें अभी हाल ही में बिजली की सुविधा नसीब हुई है, या जहां आज भी बिजली नियमित नहीं पहुंचती उनके लिए यह व्यवस्था किसी सजा से कम नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि ऊपर बैठे लोग अपनी जिम्मेदारियों से बचने के लिए यह रास्ता चुन रहे हैं। जनता को होने वाली असुविधा से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि जवाबदेही उनसे दूर है। उन्होंने कहा बिजली चोरी रोकने के लिए पहले से ही व्यवस्थाएं मौजूद हैं अलग थाने हैं, पुलिस बल है। फिर भी समाधान के नाम पर उपभोक्ताओं पर ही बोझ क्यों ?सालों से संविदा पर काम कर रहे लाइनमैन



आज भी नियमितीकरण की राह देख रहे हैं। बिजली केंद्रों पर काम करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर भी अस्थायी स्थिति में हैं। जिन लोगों के भरोसे पूरी व्यवस्था चल रही है, उन्हें स्थायित्व देने की कोई ठोस योजना नहीं लेकिन मीटर प्रीपेड करने की जल्दबाजी चरम पर है। विडंबना देखिए, जब प्रीपेड मीटर में दिक्कत आती है, तो उपभोक्ता बिजली घर के चक्कर काटता है। वहां वही संविदा कर्मचारी मिलते हैं, जिनके पास न अधिकार है, न समाधान। और जिनके पास समाधान है, वे केवल नए मीटर लगाने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा शायद नीति-निर्माताओं को यह सुलगती हुई नाराजगी नजर नहीं आ रही। लेकिन याद रखिए जब यह असंतोष फटेगा, तो लखनऊ से लेकर दिल्ली तक सत्ता को झकझोर देगा। यह सिर्फ मीटर बदलने का मामला नहीं है, यह जनता के भरोसे और सहूलियत से जुड़ा सवाल है। उन्होंने प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकार को चेतावनी देते हुए कहा समय रहते चेत जाइए। वरना यह जबरन बदलाव कहीं ऐसा न हो कि मीटर लगाने वाली कंपनियों का फायदा , सरकार के लिए ही नुकसान का कारण बन जाए।

इस दौरान अजय दुबे, आसाराम यादव, राजीव अग्निहोत्री, देवकीनंदन दुबे मुन्ना, प्रदीप दुबे व सुरेश तोमर आदि उपस्थित रहे।

# पालिकाध्यक्ष ने किया विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन

**हमारे नगर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं ऐसे आयोजन**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर में पश्चिमी बाईपास हाईवे किनारे लगी भारतीय एकता विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा इस प्रदर्शनी के आयोजक मुन्नालाल गुप्ता कालपी वाले विगत 2011 से हर वर्ष इसे लगा रहे हैं। उन्होंने पिछली बार शौचालय की मांग की थी। इस बार जब वह यहां पर आए तो पश्चिमी बाईपास तिराहे पर यात्री प्रतीक्षालय के पास उन्हें आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया बना शौचालय मिल गया होगा। यह महोत्सव पूरे नगर के लिए खुशियों और मनोरंजन का उत्सव है, जहां लगे झूले, खेल, खान-पान के स्टॉल



बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी के लिए उत्साह और आनंद का माहौल बना रहे हैं।

ऐसे आयोजन हमारे नगर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं। आयोजक मुन्नालाल गुप्ता ने कहा इस बार प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण जलपरी शो सभी को रोमांचित करेगा। इसके साथ ही चार झूले और लगाए गए हैं। इसके अलावा घर गृहस्थी के सामान व खाने-पीने की दुकानें भी लगी हैं। एक माह तक चलने वाली प्रदर्शनी का समय शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक है। प्रदर्शनी के संचालक पंकज व गजराज ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया। इस दौरान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे, सभासद हिमांक त्रिपाठी, शिवम दुबे आदि मौजूद रहे।

# अखिलेश ने पीड़ित परिवार को भेजी आर्थिक मदद



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 17 वर्षीय छात्रा प्रतीक्षा पाल की निर्मम हत्या के बाद उसके परिजनों को तुरंत आर्थिक मदद पहुंचाई है। सपा की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार के घर पहुंचा और अखिलेश यादव द्वारा भेजी गई 50 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। सलोवा जिलाध्यक्ष अंशु पाल और कन्नौज बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामभजन पाल ने परिवार को यह सहायता दी। अंशु पाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही अखिलेश यादव ने शोक संवेदना व्यक्त की और प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। रामभजन पाल ने कहा इस दुख की घड़ी में पूरी सपा परिवार के साथ खड़ी है। हम पुलिस और प्रशासन पर लगातार दबाव बना रहे हैं ताकि दोषी को सख्त सजा मिले। भविष्य में परिवार को कानूनी या आर्थिक किसी भी प्रकार की मदद की जरूरत पड़ी तो पार्टी पूरी तरह सहयोग करेगी। इस मौके पर पूर्व प्रधान भूरे यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, विवेक पाल, रंजू पाल, मनोज राजपूत, शैलेंद्र पाल और आलोक पाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**प्रतीक्षा पाल हत्याकांड**

बता दें कि नगर के मोहल्ला मैनपुरा नई बस्ती निवासी प्रतीक्षा पाल उर्फ आशिका पाल रविवार को मां की दवा लाने घर से निकली थी। आरोपी अनीस (फतेहगढ़ निवासी) ने उसे आखिरी बार बात करने के बहाने बुलाया और सब्जी काटने वाली छूरी से गला रेतकर हत्या कर दी। शव फर्रूखाबाद रोड स्थित काली नदी पुल के पास सड़क किनारे 15 फीट गहरी खाई में फेंक दिया गया था। थाना जहानगंज (फर्रूखाबाद) पुलिस ने आरोपी अनीस को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# छात्र-छात्राओं को बताया वंदे मातरम गीत का ऐतिहासिक महत्व



**छिबरामऊ, कन्नौज।** हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज की प्रार्थना सभा में वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रयागराज के शुभम ने छात्र–छात्राओं को वंदे मातरम गीत के ऐतिहासिक महत्व, स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी प्रेरणादायक भूमिका तथा देशभक्त स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा इसे अपनाकर प्राप्त की गई ऊर्जा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने भारत की सामासिक संस्कृति की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का गायन किया। इस अवसर पर कक्षा 12 की छात्रा आयुषी ने अखबारों की प्रमुख खबरों का वाचन किया। मेजर संदीप कुमार माधव ने अखबार पढ़ने के महत्व पर बल देते हुए छात्रों को प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राधाबल्लभ मिश्र, सत्यपाल सिंह, वीरेन्द्र कुमार वर्मा, राम जीत, राजीव कुमार शुक्ल सहित समस्त शिक्षक व छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।

# यूपी एजुकेशन मिनिस्ट्री ऑफिसर्स का चुनाव आज

**गुरसहायगंज कन्नौज।** यूपी एजुकेशन मिनिस्ट्री ऑफिसर्स एसोसिएशन जनपद शाखा कन्नौज एकदिवसीय अधिवेशन एवं निर्वाचन कार्यकारिणी बुधवार को आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश एजुकेशन मिनिस्ट्री ऑफिसर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मयंक त्रिपाठी ने दी उन्होंने बताया कि शाखा कन्नौज का द्वितीय निर्वाचन एवं सम्मेलन कार्यालय जिला विद्या निरीक्षक कन्नौज में आहूत किया गया है जिसमें राजकीय लिपिकीय की श्रेणी कर्मचारियों को एक दिवस का विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया गया है 22 अप्रैल को अपेक्षित सहयोग प्रदान करते हुए अपने कार्यों के संबंध में तिथि को ध्यान में रखकर सम्मेलन में प्रतिभाग् करें। उन्होंने बताया कि एक दिवसीय सम्मेलन निर्वाचन एवं कार्यकारिणी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी लोग एकजुट होकर कार्यक्रम में प्रतिभाग् करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बेसिक शिक्षा कार्यालय राजकीय इंटर कॉलेज कार्यालय में कार्यरत लिपिकीय वर्ग के सदस्यों को इस चुनाव में प्रतिभाग करने का आवाहन किया है।



# संगोष्ठी में जल संरक्षण पर की चर्चा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेहरू महाविद्यालय में जल शक्ति अभियान, कैच द रेन जल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी आयोजित में छात्र छात्राओं को जल संरक्षण के अंतर्गत कैच द रेन के बारे में बताया गया। प्राचार्य प्रोफेसर जयवीर सिंह ने वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण की तकनीक पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा छात्र छात्राओं से ÷जल ही जीवन है÷ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा हम सभी के छोटे-छोटे प्रयासों से जल को बचाया जा सकता है।असिस्टेंट प्रोफेसर मनीष कुमार ने कहा वर्षा जल संचयन जल संरक्षण का एक प्रभावी तरीका है जिसमें संग्रहित जल का उपयोग भूजल को पुनर्जीवित करने, भूजल की निर्भरता को कम करने और पर्यावरण स्थिरता शामिल हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर देवेंद्र मिश्रा ने कहा वर्षा ऋतु में बारिश के पानी को रोक कर भूमिगत जल के भंडार में वृद्धि कर सकते हैं जिसका विभिन्न कार्यों में उपयोग संभव हो सकता है।इस अवसर पर शिक्षक व शिक्षणेत्तर साथी उपस्थित रहे।

# सामूहिक चर्चाओं में 16.4 लाख कर्मयोगियों ने लिया हिस्सा

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आयोजित साधना सप्ताह 2026 की अभूतपूर्व सफलता पर देशभर के कर्मयोगियों को प्रशंसा पत्र भेजा है। 20 अप्रैल को जारी तीन पन्नों के इस पत्र में पीएम ने सिविल अधिकारियों के समर्पण को 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की नींव बताया है।

साधना सप्ताह 2026 में आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर 46 लाख से अधिक शिक्षार्थियों ने 3.1 करोड़ पाठ्यक्रम पूरे किए। इनमें से 33.4 लाख शिक्षार्थियों ने चार घंटे से अधिक अध्ययन कर सतत सीखने की मिसाल कायम की। यह पिछले राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह की तुलना में आठ गुना वृद्धि है। 136 विषय-आधारित वेबिनारों और 84 सामूहिक चर्चाओं में



16.4 लाख से अधिक कर्मयोगियों ने हिस्सा लिया। राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के कर्मचारियों ने कुल पाठ्यक्रमों में 78 प्रतिशत योगदान दिया। पहली बार सीखने वालों में शिक्षक, पुलिस कांस्टेबल और क्षेत्रीय कर्मचारी भी शामिल रहे। 36.6 लाख शिक्षार्थियों ने कम से कम एआई पाठ्यक्रम पूरा किया और 22.8 लाख ने एआई दक्ष बैज हासिल कर भविष्य की तैयारी का संकेत दिया। प्रधानमंत्री ने लिखा कि मिशन कर्मयोगी 75वें स्वतंत्रता दिवस पर दिए गए पंच प्राण से प्रेरित है विकसित भारत का संकल्प, गुलामी की मानसिकता त्यागना, विरासत पर गर्व, एकता और नागरिक कर्तव्य। यह केवल सरकारी कर्मचारी ही न हो, बल्कि सच्चे अर्थ में एक कर्मयोगी हो, जिसका कार्य जनसेवा की भावना से ओत-प्रोत हो,पत्र में उल्लेख है। उन्होंने 21वीं सदी को चुनौतियों के साथ-साथ अवसरों की सदी बताते हुए कहा के माध्यम से तेजी से बदल रही दुनिया में, हमें हमेशा छात्र बने रहना चाहिए। प्राधिकरण से कर्तव्य की ओर बढ़ें और नागरिकदेवो भव को हर निर्णय के केंद्र में रखें। गुरसहायगंज के शिक्षक बने कर्मयोगी की मिसाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस आह्वान की गूंज गुरसहायगंज के स्कूलों तक सुनाई दे रही है। मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज के स्कूल चलो अभियान के तहत करतार सिंह और आमिर हमज़ा ने प्राथमिक विद्यालय खांडेदेवर, प्राथमिक विद्यालय रामगंज, अपर प्राइमरी स्कूल गुरसहायगंज और अपर प्राइमरी स्कूल खांडेदेवर समेत कई स्कूलों का भ्रमण किया। अभियान के दौरान अपर प्राइमरी स्कूल गुरसहायगंज की हेड शाहिदा मैम, अपर प्राइमरी स्कूल खांडेदेवर की हेड फरजाना मैम, परवेज सर, दिव्या मैम, सुनीता मैम, आदित्य कुमार, प्रीति वर्मा, सुमित कुमार, विमला मैम, अर्चना मैम, हिमांशु राज और ज्योति मौर्या जैसे शिक्षकों ने नए सत्र में नामांकन बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री के पत्र में जमीन से जुड़े कर्मचारियों की सराहना को इन शिक्षकों ने अपना सम्मान माना है। आप लाखों नागरिकों का सम्मान कर रहे हैं पत्र के अंत में प्रधानमंत्री ने भावुक अपील की इस सीखने की प्रक्रिया में, आप उन लाखों नागरिकों का सम्मान कर रहे हैं जिन्होंने सरकार और संविधान के संस्थानों पर अपना विश्वास बनाए रखा है।

# समाजवादियों ने गरीब बेटी की शादी में दी आर्थिक व सामग्री की मदद

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

ग्राम महमूदपुर कीरत के मजरा नगला आम में एक गरीब परिवार की बेटी की शादी के लिए समाजवादियों ने मदद करके मिसाल पेश की है।

पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें नगला आम निवासी एक बेबस परिवार की दर्दनाक कहानी सामने आई थी। परिवार में पिता नहीं हैं और दोनों कमाने वाले सदस्यों की मौत हो चुकी है। घर में अब सिर्फ एक गूंगी दादी और शादी योग्य बेटी बची हैं।

आर्थिक तंगी के कारण शादी का खर्च उठाना परिवार के लिए मुश्किल हो रहा था। इस वीडियो का संज्ञान लेते हुए समाजवादी व्यापार सभा के



जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर, समाजसेवी शैलेन्द्र सिंह राठौर उर्फ बबल, गोविंद यादव और अवनीश गुप्ता गांव पहुंचे।

समाजसेवियों ने परिवार को ढांढस बंधाया और बेटी की शादी के लिए आर्थिक सहायता के साथ-साथ आवश्यक सामग्री भी प्रदान की। इस मानवीय मदद से परिवार के चेहरे पर खुशी लौट आई। समाजसेवियों ने इंसानियत का परचम बुलंद करते हुए गरीब परिवार की मुश्किल घड़ी में साथ खड़े होने का उदाहरण प्रस्तुत किया।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान हुआं तेज, गांव-शहर में एक साथ कार्रवाई



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान के तहत मंगलवार को विभिन्न विभागों ने मिलकर व्यापक स्तर पर गतिविधियां चलाईं। अभियान का उद्देश्य लोगों को संचारी और जुनोटिक बीमारियों के प्रति जागरूक करना और बचाव के उपायों को जीवनशैली में शामिल कराना है।

पशुपालन विभाग ने विकास खंड कन्नौज के सतौरा, नेरा और भवन्तिपुर गांवों में सूकर बाड़ों की सफाई, कचरा निस्तारण और कीटनाशक छिड़काव को लेकर प्रशिक्षण दिया। साथ ही सूकर पालन से फैलने वाले रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। नगर निकाय विभाग ने तालग्राम के गुरसहायगंज क्षेत्र के रामकृष्ण नगर, तिर्वा रोड और कन्नौज के हाजी शरीफ रोड, सफदरगंज में विशेष सफाई अभियान चलाया। यहां कूड़ा उठान के साथ फॉगिंग कर मच्छरजनित रोगों पर नियंत्रण का प्रयास किया गया। कृषि विभाग ने महमूदापुर और कुवरपुर बनवारी गांवों में चूहों और छछूंदर से फैलने वाले रोगों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच 2208 अभ्यर्थी देंगे होमगार्ड भर्ती परीक्षा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उप्र होमगार्ड इनरोलमेंट-2025 परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित बैठक में परीक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित पर्याप्त स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए। यह परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल को दो पालियों में आयोजित होगी। जनपद के 08 केंद्रों पर कुल 2208 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे तथा द्वितीय पाली दोपहर 3 से 5 बजे तक होगी। अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश समय निर्धारित किया गया है, जिसके बाद किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी और सघन जांच की व्यवस्था रहेगी। नकल रोकने के लिए स्टाफ के मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा कराए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। अधिकारियों को सतर्क रहकर अपनी जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उपजिलाधिकारी कन्नौज, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने गेहूं की क्रॉप कटिंग कर उत्पादन का किया आंकलन

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड गुगरापुर अंतर्गत ग्राम माछा में गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग कराई इस दौरान उन्होंने खेत में पहुंचकर फसल की गुणवत्ता, उत्पादन क्षमता एवं कृषि संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि क्रॉप कटिंग का मुख्य उद्देश्य फसल उत्पादन का सटीक एवं वैज्ञानिक आकलन करना है, जिससे किसानों को उनकी वास्तविक उपज के आधार पर लाभ सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रॉप कटिंग की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं



समयबद्ध तरीके से सम्पन्न की जाए, ताकि शासन को सही आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने किसानों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रयोग, उन्नत एवं प्रमाणित बीजों का उपयोग तथा संतुलित उर्वरक एवं सिंचाई व्यवस्था अपनाकर उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि वे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं– जैसे फसल बीमा योजना, मृदा परीक्षण, कृषि यंत्र अनुदान आदि का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस दौरान ग्राम प्रधान महेश चंद्र यादव , नायब तहसीलदार राकेश कुशवाहा, सांख्यिकी अधिकारी कृष्ण चन्द्र सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# सकरीखुर्द प्रधान की वित्तीय-प्रशासनिक शक्तियां सीज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड कन्नौज अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरीखुर्द में अनियमितताओं के आरोपों पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने प्रधान की वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों पर रोक लगा दी है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर हुई जांच में पाया गया कि जिन फर्मों को भुगतान किया गया, वे प्रधान के पारिवारिक संबंधों से जुड़ी थीं और संबंधित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। जांच में सार्वजनिक भूमि पर कृषि कार्य और गौशाला से जुड़े अभिलेख भी अनुपलब्ध पाए गए। इस पर प्रधान रिचा कटियार को



कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन तय समय तक कोई जवाब नहीं मिला। पंचायत राज अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 9 अप्रैल 2026 से उनकी शक्तियां सीज कर दी गई हैं। साथ ही ग्राम पंचायत के कार्य संचालन के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो अग्रिम आदेशों तक जिम्मेदारी संभालेगी।

## सूचना

मेरे सीबीएसई बोर्ड वर्ष 2009 हाईस्कूल अनुक्रमांक 5228109 के अंकपत्र सह प्रमाणपत्र में मेरे पिता का नाम ओमप्रकाश पात्रे व माता का नाम गंगा पात्रे दर्ज है, जबकि अन्य सभी अभिलेखों में ओम प्रकाश (OM PRAKASH) व गंगा देवी (GANGA DEVI) अंकित है। जो कि यही सही है। आकांक्षा पात्रे पुत्री ओम प्रकाश, आवास विकास कॉलोनी, छिबरामऊ (कन्नौज)।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया सहकारी समिति का निरीक्षण

**▸ स्टॉक, भंडारण व वितरण प्रणाली जांची**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर वैशाली ने मंगलवार को सहकारी समिति लि. जसपुरापुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, खाद्यान्न भंडारण, गोदाम की स्थिति और वितरण प्रणाली का बारीकी से परीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों को खाद्य सामग्री और उर्वरकों की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां किसानों के लिए



महत्वपूर्ण केंद्र हैं, इसलिए यहां पारदर्शिता, नियमित स्टॉक अपडेट और समयबद्ध वितरण अनिवार्य है। उन्होंने गोदाम में रखे खाद्यान्न और उर्वरकों के सुरक्षित व व्यवस्थित भंडारण पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि गुणवत्ता बनी रहे। साथ ही सभी अभिलेखों को अद्यतन और सत्यापित रखने के निर्देश दिए, जिससे निरीक्षण के दौरान सही जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने फार्मर रजिस्ट्री के महत्व पर जोर देते हुए अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि किसानों को जागरूक कर पंजीकरण से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाए।

# 'सद्बुद्धि श्राद्ध' से सियासी घमासान का चढ़ा पारा

**कन्नौज।** भाजपा और सपा के बीच सियासी तकरार अब खुलकर सामने आ गई है। भाजपा की पूर्व मंत्री अर्चना पांडेय द्वारा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला दहन किए जाने के विरोध में सपा महिला मोर्चा ने मंगलवार को 'सद्बुद्धि श्राद्ध' कर विरोध दर्ज कराया। सपा महिला कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पर एकत्र हुईं और हवन–पूजन कर अर्चना पांडेय को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। इस दौरान सपा नेत्री शशिमा सिंह दोहरे ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इस तरह के कृत्य से राजनीतिक माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर गंभीर नहीं है। मणिपुर और हाथरस जैसे मामलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जब महिलाओं पर अत्याचार हो रहे थे, तब भाजपा की महिला नेता मौन थीं।

# सहकारी समितियां किसानों के लिए महत्वपूर्ण केंद्रः एसडीएम

**सहकारी समिति जसपुरापुर का एसडीएम सदर ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं में पारदर्शिता के दिए निर्देश**



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के सहकारी समिति लि. जसपुरापुर का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर वैशाली ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था, गोदाम की स्थिति और वितरण प्रणाली का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के समय उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों को खाद्य सामग्री और उर्वरकों की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां किसानों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र हैं, इसलिए यहां पारदर्शिता बनाए रखना, स्टॉक का नियमित अद्यतन और समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करना आवश्यक है। उप जिलाधिकारी ने गोदाम में रखे खाद्यान्न और उर्वरकों के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित भंडारण पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि उनकी गुणवत्ता प्रभावित न हो। साथ ही उन्होंने सभी अभिलेखों को अद्यतन और सत्यापित रखने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी समय निरीक्षण के दौरान सही जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। इस दौरान उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के महत्व पर भी जोर देते हुए अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कर्मचारियों से कहा गया कि वे किसानों को इसके प्रति जागरूक करें और पंजीकरण में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं।

## सूचना

मेरे आधार कार्ड सं. 8366 3070 2804 में मेरा नाम त्रुटिवश मानसी यादव व जन्मतिथि 01.01.2004 दर्ज हो गया है जो कि असत्य है। मेरे शैक्षणिक प्रपत्रों व जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम मान्यता (MANYATA) व जन्म दिनांक 18.12.2005 दर्ज है जो कि पूर्णतः सही व सत्य है। अतः मेरे आधार कार्ड में यह सही नाम एवं सही जन्मतिथि दर्ज किया जाना आवश्यक है। मान्यता पुत्री अरविंद कुमार निवासी ग्राम ककरैया पोस्ट ग्यासपुर (कन्नौज)।





# फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं परिजनों नें मृतक की पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने महिला को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

> ▶ परिजनों ने मृतक की पत्नी पर लगाया हत्या का आरोप, पुलिस ने लिया हिरासत में

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम नैनिया नगला निवासी 22 वर्षीय अनुज शाक्य पुत्र रामप्रसाद का शव बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि अनुज ने बीते 7 माह पूर्व ही कोतवाली अलीगंज के ग्राम नकटई निवासी वंदना से प्रेम विवाह किया था। 3 माह बाद वंदना मायके चली गई थी, वह 10 दिन पहले ही ससुराल आई थी। बीती रात अनुज व उसकी पत्नी एक ही कमरे में मौजूद थी। रात करीब 1 बजे पत्नी चीखने लगी कि अनुज ने फांसी लगा ली है।

शोर शराबा सुनकर परिजन जाग गये और वंदना से दरवाजा खोलने के लिए कहा, लेकिन वंदना ने दरवाजा नहीं खोला, तभी परिजनों ने दरवाजे को तोड़ दिया, लेकिन तब अनुज की मौत हो चुकी थी। अनुज का शव छत के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटक रहा था। जबकि अनुज के पैर जमीन पर छू रहे थे। जिससे अनुमान लगाया गया कि अनुज को मारकर फांसी पर लटकाया गया है। परिजनों के अनुसार अनुज चिलसरा रोड स्थित एक टेंट हाउस व डीजे की दुकान पर काम करता था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किये। वहीं पुलिस ने परिजनों द्वारा लगाये गये आरोपों के आधार पर मृतक की पत्नी वंदना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का नीम के पेड़ पर लटका मिला शव



जांच पड़ताल करती पुलिस

> जमीन पर छू रहे थे पैर, पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**कायमगंज/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला फॉर्म निवासी 25 वर्षीय सेवाराम जाटव पुत्र स्वर्गीय उदयवीर सिंह का शव मंगलवार को गांव से लगभग 200 मीटर की दूरी पर कुलदीप कुमार के खेत में खड़े नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सुबह जब गांव के लोग वहां से गुजरे तो फांसी पर लटके होने की जानकारी मिली। जिसके बाद मृतक के छोटे भाई मेवाराम को यह सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे मेवाराम आदि परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे। बताया गया की सेवाराम के माता–पिता की पूर्व में मौत हो चुकी है। सेवाराम की शादी नहीं हुई थी। वह मजदूरी करता था। बीते दिन सोमवार को वह मजदूरी कर शाम को घर लौटा और छोटे भाई से खाना बनवाने की बात कही। जिस पर छोटे भाई ने कहा कि अभी लाइट नहीं है, लाइट आ जाए तो खाना बनवाएंगे। इसी दौरान बताया कि सेवाराम घर से बाहर घूमने की बात कह कर चला गया, लेकिन देर रात तक नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन की गई पर उसका पता नहीं चला। मंगलवार सुबह गांव की ही कुछ महिलाएं घटना स्थल से गुजर रही थी तो उन्हें नीम के पेड़ पर एक शव लटकता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की जानकारी होने पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। इसके साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया है। मृतक के भाई मेवाराम ने बताया कि उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। आखिरकार उनके बड़े भाई ने यह कदम क्यों उठाया है। इसकी भी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की गई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं सूत्रों की माने तो मृतक के पैर जमीन पर छू रहे थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



जांच पड़ताल करती पुलिस

नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत नया गनीपुर मोहल्ले में मंगलवार सुबह एक 30 वर्षीय महिला परवीन पत्नी मुकीम ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के समय महिला घर पर अकेली थी। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहल्ला नया गनीपुर निवासी 30 वर्षीय परवीन पत्नी मुकीम ने मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि मृतक का पति मुकीम रोज की तरह फेरी करने गया था। घर के अन्य पुरुष सदस्य भी अपने काम पर बाहर थे और बच्चे स्कूल गए हुए थे। सन्नाटा पाकर महिला ने घटना को अंजाम दिया है। घटना का पता तब चला जब पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने परवीन को इस हाल में देखा। उसकी चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर जमा हो गए। आनन-फानन में परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के मुताबिक, परवीन पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी और उसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। परिजनों ने तत्काल 112 पुलिस को फोन किया, लेकिन काफी समय तक पुलिस के न पहुँचने पर परिजनों ने खुद थाने जाकर



थाना प्रभारी राजीव कुमार को लिखित सूचना दी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक गीतम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस के पहुँचने के कुछ देर बाद 112 की टीम भी मौके पर पहुँची। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# खराब खड़े डंपर से टकराई स्कॉर्पियो, 1 की मौत, 8 घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



डंपर में घुसी स्कॉर्पियो

मंगलवार सुबह शादी समारोह से लौट रही स्कॉर्पियों कार खराब खड़े डंपर से टकरा गयी। इस सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। वहीं मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद से नवाबगंज की ओर जा रही स्कॉर्पियो यूपी 76एम/ 8906 सूर्यांश पेट्रोल पंप पुठरी के पास सड़क पर खराब खड़े डंपर आरजे 11जीसी/2437 से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे में ग्राम शुकुरुलापुर, थाना नवाबगंज निवासी सुखनंदन लाल अवस्थी (55), प्रशांत अवस्थी (30), चंद्र मोहन मिश्रा (50), लव (15), तनु शुक्ला (23), मोहन अवस्थी (30) और पंकज अवस्थी (55), बिंदु 50 वर्षीय व एक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को मौके पर पहुंची एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सुखनंदन लाल अवस्थी और उनके साले बिंदु की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। रास्ते में बिंदु की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घायल लव को बेहतर इलाज के लिए बरेली भेजा गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात संभाले और यातायात सुचारू कराया। बबना चौकी इंचार्ज अभिलाख ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया।

प्रथम दृष्टया हादसे का कारण सड़क पर खराब खड़े डंपर को माना जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारु कराया और मामले की जांच में जुट गई है।

## खबरें एक नजर में

### वीएलबीसी की बैठक में अनुपस्थित बीसी सखी पर बीडीओ ने कार्यवाही के दिये निर्देश



बैठक लेते बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड कार्यालय पर बीएलबीसी की एलडीएम के साथ सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों के बैठक सम्पन्न हुई। विकासखंड कार्यालय पर विकास खंडाधिकारी ने जिले के एलडीएम तथा समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ वीएलबीसी की बैठक बुलाई। जिसमें विकासखंड क्षेत्र के समूह के महिलाओं द्वारा समूह को सुचारू रूप से चलाने के लिए समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया। जिसमें विकासखंड क्षेत्र के सभी बीसी सखी अनुपस्थित रहे। जिसमें विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने गहरी नाराजगी जाहिर की कथा ब्लॉक मिशन मैनेजर को खरी खोटी सुनाई। जिसमें ब्लॉक मिशन मैनेजर अनुज शुक्ला तथा ममता पाल संजीव कुमार को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, समस्त ब्लॉक मिशन मैनेजर अनुज शुक्ला, संजीव कुमार, ममता पाल तथा जिले के एलडीएम बैंकों के शाखा प्रबंधक बैठक में मौजूद रहे।

### साडू की बेटी की शादी में जा रहे किसान की सड़क दुर्घटना में मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** साडू की बेटी की शादी में जा रहे किसान की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। स्वजन घटना स्थल के लिए रवाना हो गए। क्षेत्र के गांव हरकरनपुर निवासी पचास वर्षीय शिवपाल जाटव मंगलवार सुबह शाहजहांपुर के गांव मिर्जापुर स्थित अपने साडू की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। दोपहर लगभग दो बजे कलान शाहजहांपुर के मार्ग पर टेंपो की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस की मदद से उन्हें सीएचसी कलान भेजा गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें लोहिया रेफर किया गया। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। मृतक खेती बाड़ी कर परिवार का पालन पोषण करता था। मृतक के चार पुत्र उमेश, लंकुश, रमन, दुर्वेश व एक बेटी सुखरानी है।

### काम न करने वाले सफाई कर्मचारी का बीडीओ ने रोका वेतन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** संचारी रोग अभियान के तहत ग्राम पंचायत में अनुपस्थित रहे सफाई कर्मचारी के काम ना करने पर विकास खंडाधिकारी ने वेतन रोकने की कार्यवाही की है। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खलवारा में संचारी रोग अभियान सप्ताह के तहत गांव में गंदगी सफाई न करने वाले सफाई कर्मचारी का विकास खंड अधिकारी ने वेतन रोक दिया। बीडीओ ने बताया कि सरकार की मंशा अनुरूप सफाई अभियान तथा संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें गांव में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सभी विभागीय लोग वाद्य हैं, लेकिन उसके बाद भी ग्राम पंचायत में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसके चलते निरीक्षण में ग्राम पंचायत खलवारा में सफाई कर्मचारी राम प्रकाश का वेतन रोका गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत उमरपुर में सफाई कर्मचारी वेतन रोकने का कार्रवाई करते हुए विभाग यह नोटिस जारी किया गया है, यह जानकारी विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने दी है।

### दबंग ने युवती के साथ की मारपीट व छेड़छाड़

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गांव के ही दबंग आरोपी ने युवती के साथ की मारपीट कर दी। पीड़िता परिजनों के साथ थाने पहुंची और आरोपी के छेड़छाड़ का आरोप व मारपीट कर आरोप लगाकर तहरीर दी। थाना क्षेत्र के गांव भारत नगर निवासी एक युवती अपने पिता के साथ थाने पहुंची और थाना पुलिस को गांव के ही आरोपी के विरुद्ध मारपीट कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। जिसमें पीड़िता अपने माता-पिता के साथ थाने पर बैठी रही तथा थाना पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक क्षेत्र में घटना होने पर बिजी थे, लेकिन तब भी पीड़िता उनके इंतजार में शाम तक थाने में बैठी रही है। पीड़िता ने बताया कि वह आरोपी के विरुद्ध पुलिस से कार्रवाई की मांग करेगी।

# अधिकारियों को आफिस की बजाय क्षेत्र में देना होगा अधिक समय : जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कोषागार में चार्ज लेती नवांगतुक डीएम

कार्यभार ग्रहण करते ही नवांगतुक डीएम के कड़े तेवर देख अधिकारी सन्न रह गये। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी अधिकारी कार्यालय में बैठकर काम नहीं करेगा। उसे जमीनी हकीकत जानने के लिए फील्ड में जाकर देखना होगा और जो भी विभागीय अधिकारी फील्ड में नहीं जायेंगे और काम के प्रति लापरवाही बरतेंगे उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। नवांगतुक डीएम डॉ0 अंकुर लाठर ने कोषागार पहुंचकर अपना पदभाग ग्रहण करने के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया से रुबरु हुई। उन्होंने कहा कि वह शासन की मंसा के मुताबिक जनमानस की समस्याओं का तुरंत निस्तारण कराएंगी। आईजीआरएस की शिकायतों का वरीयता के आधार पर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण किया जाए। मुख्यालय पर शिकायत करने वाले लोग पूरा दिन बर्बाद करते हैं उनकी समस्या का उसी दिन निस्तारण हो जाना चाहिए, ताकि पीड़ित वही शिकायत लेकर दोबारा मुख्यालय पर न आये। जिले में शांति व्यवस्था कायम रहनी चाहिए जमीन के विवादों के मुकदमों का जल्द से जल्द निस्तारण होने चाहिए।

उन्होंने मीडिया कर्मियों से सहयोग करने का आवाह्न करते हुए कहा कि हम लोग मिलजुल कर जिले का विकास करेंगे। चिकित्सा व्यवस्था सुधारने पर भी ध्यान दिया जायेगा। मार्ग दुर्घटना की संख्या कैसे कम हो, उसके लिए गठित समिति की बैठक कर कमियों को दूर किया जायेगा। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों के अलावा सहायक जिला सूचनाधिकारी ओमवीर सिंह मौजूद रहे।

## वृद्ध पिता की हत्या करने वाला आरोपी आला कत्ल सहित गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना मेरापुर क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते वृद्ध पिता की हत्या करने वाला आरोपी को पुलिस ने आला कत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मेरापुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अप्रैल को वादी नेकराम पुत्र बदन सिंह निवासी ग्राम नदौरा थाना मेरापुर द्वारा तहरीर दी गई कि मेरे भाई ने मेरे पिता की हत्या कर दी है। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना मेरापुर पर पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस के तहत मोहन सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था और उसकी गिरफ्तारी के दबिशे देने शुरु कर दी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नामजद अभियुक्त मोहन सिंह पुत्र बदन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद टकोरा, एक शर्ट रक्त रंजित सफेद रंग बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान अभियुक्त मोहन सिंह ने बताया गया कि मेरा मेरे पिता से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद था। मैनें उनसे जमीन अपने नाम करने के लिए कहा था तो उन्होने मना कर दिया तो मैनें उनसे जमीन अपने पुत्र अमन के नाम करने के लिए कहा जिस पर भी वह तैयार नहीं हुए। इसी बात को लेकर पिता से कहासुनी हो गई। मैं खेत से आया था और मेरे हाथ में टकोरा था जो मैंने पिता को मार दिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# भाकियू स्वराज गुट ने बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन कर उपखण्ड अधिकारी का फूंका पुतला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



विद्युत अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के कार्यकर्ताओं ने बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विभागीय अधिकारियों पर जमकर भड़ास निकाली और उप खण्ड अधिकारी का पुतला फूंक दिया।

नवाबगंज नगर के अचरा रोड स्थित बजाज एजेंसी के पास भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए। इसके बाद कार्यकर्ता हाथों में लाठी-डंडे लेकर डीजे के साथ नारेबाजी करते हुए नवाबगंज बिजली घर पहुंचे। काफिले में एक गाड़ी में एसडीओ का पुतला भी रखा हुआ था, जिसे गाड़ी के सनरूफ से बाहर निकाला गया था। बिजली घर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने परिसर में दरी बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरू किया। जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र राजपूत का उपभोक्ताओं से बातचीत करने का लहजा ठीक नहीं है। वह कभी किसानों का फोन भी नहीं रिसीव करते है। यदि बात होती भी है तो एसडीओ किसानों से अभद्र भाषा का उपयोग करते है। और किसान की लाइन में कोई फॉल्ट आदि होने पर बिना किसी सुविधा शुल्क के फॉल्ट को सही नहीं किया जाता है। एसडीओ कार्यालय में भी मौजूद नहीं रहते है। एसडीओ किसी उपभोक्ता का बिल संशोधन व अन्य समस्याओं का निस्तारण करने में रुचि नहीं ले रहे है। ऐसे उपखंड अधिकारी को नवाबगंज से हटाया जाए। कार्यकर्ताओं ने एसडीओ को तत्काल हटाने की मांग कर एसडीओ का पुतला भी फूंक दिया। मौके पर पहुंचे कायमगंज के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) शिव शंकर को मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि जनपद मक्का उत्पादन में अग्रणी है, लेकिन नवाबगंज विकासखंड में किसानों को सिंचाई के लिए मिलने वाली बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। किसानों को रात भर जागने के बावजूद मुश्किल से 2-3 घंटे ही बिजली मिल रही है, जबकि सरकार द्वारा 10 घंटे बिजली का प्रावधान है। फॉल्ट होने पर लाइनमैन जोड़ने नहीं आते और जिम्मेदार अधिकारी फोन नहीं उठाते या किसानों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। इन अधिकारियों की मंशा सरकार की छवि धूमिल करने की है और इनकी जांच की मांग की गई।

इसके अलावा, नगर पंचायत नवाबगंज को 22 घंटे के बजाय मुश्किल से 10 घंटे ही बिजली मिल रही है, जिसमें लो-वोल्टेज और फॉल्ट की समस्या लगातार बनी रहती है। क्षेत्र की जनता स्मार्ट प्रीपेड मीटर से भी अत्यधिक परेशान है। बिल पूरा जमा होने के बावजूद बिजली काट दी जाती है। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, पप्पू राठौर, सुनील कुमार, बड़े मिश्रा, सचिन गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, कुलदीप सक्सेना, बजरंगी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गैंगरेप के मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज

> ▶ गाड़ी से होटल ले जाकर जबरियन किया सामूहिक दुष्कर्म
>
> ▶ पीड़िता को नशे की हालत में फर्रुखाबाद के एक होटल में ले जाया गया, जहां आरोपी ने उसे शराब पीने का दबाव बनाया

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाना क्षेत्र में गांव की एक युवती को स्कॉर्पियो में बैठाकर होटल ले जाया गया, जहां नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक पीड़िता 14 अप्रैल को करीब 9 बजे जमापुर से अपने गांव लौट रही थी। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो गाड़ी उसके पास आकर रुकी। गाड़ी में सवार युवक पहचान का होने के कारण युवती उसमें बैठ गई।

आरोप है कि कुछ दूर जाने के बाद उसे नशीला पदार्थ पिला दिया गया। पीड़िता को नशे की हालत में फर्रुखाबाद के एक होटल में ले जाया गया, जहां आरोपी ने उसे शराब पीने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। आरोप है कि सभी ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मौका मिलते ही पीड़िता ने अपने भाई को फोन कर लोकेशन दी। सूचना मिलते ही भाई मौके पर पहुंचा। इस दौरान डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हालांकि बदनामी और डर के कारण पीड़िता ने तत्काल थाने में शिकायत नहीं की। पुलिस के अनुसार अजित पुत्र दलसिंह निवासी ग्राम दारापुर थाना राजेपुर सहित कुल 5 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा संख्या 60/26 में धारा 70(1), 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया है। क्षेत्राधिकारी अमृतपुर अमरपाल सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, तीन घायल



अस्पताल में भर्ती महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें बैठी तीन सवारियां दबकर घायल हो गयी। उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव अचारिया बाकरपुर निवासी सोनी 27 वर्षीय पत्नी रन्जीत अपने बच्चे यश व देवरानी विराछा उम्र 24 वर्षीय पत्नी उपदेश के साथ ई-रिक्शे में बैठकर कायमगंज आये थे। वापस घर लौटते समय रास्ते में पीछे से आ रही तेज रफ्तार अल्टो कार ने ई-रिक्शे में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गया। उसमें बैठे एक ही परिवार के तीन लोग दब गये। राहगीरों ने ई-रिक्शा के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

# परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में फतेहगढ़ में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नवदिया ठाकुर द्वारा मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होकर फतेहगढ़ चौराहा, गाड़ीखाना, एलआईसी तिराहा, कोतवाली होते हुए ठाकुर मंदिर तक पहुंची। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्वासा ऋषि के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी ने की। छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष व शोभायात्रा सचिव अतुल मिश्रा ने व्यवस्था देखी। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की झांकी जगह-जगह आरती उतारी गयी और पुष्प वर्षा कर प्रसाद वितरित किया गया। सुबह विधि विधान से पूजन हुआ। देर शाम यात्रा प्रारंभ होकर ठाकुर द्वारा मंदिर से शुरु हुई। यात्रा भ्रमण के दौरान भगवा झण्डे लहराते हए भक्तगणों ने जयकारे लगाये। बालिकाओं ने भी शोभायात्रा में करतब दिखाये। दिव्य स्वरुप रथ पर विराजमान भगवान परशुराम के साथ विभिन्न परिधानों में बालिकायें आकर्षण का केंद्र रही। शिव शक्ति अखाड़ा के सनातनी परिधान में बच्चों ने शस्त्र प्रदर्शन किये। प्रमुख रुप से प्रगति तिवारी, नूतन चतुर्वेदी ने शास्त्रों का परिचय कराया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शिव शक्ति अखाड़ा प्रमुख मधुराम शरन शिवा रहे। कार्यक्रम संयोजक अनिल तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सूरज अल्ट्रासाउंड के चेयरमैन व समाजसेवी डॉ. राजीव पाठक ने अपने प्रतिष्ठान के बाहर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. वैभव पाठक ने भगवान परशुराम की आरती उतारी। सूरज हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. आयुष पाठक ने भगवान परशुराम का माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा की और प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक कौशिक शुक्ला, व्यवस्थापक शिवम दुबे, गौरव शुक्ला, दीपक दुबे, नारायण दत्त द्विवेदी, अतुल मिश्रा, रवीश द्विवेदी, रानू दीक्षित, शरद शुक्ला, हर्षित शुक्ला, कार्तिक मिश्रा, रीतेश प्रजापति, गौरव सक्सेना, विमलेश मिश्रा, अजय दुबे अज्जू, देवांश अग्रवाल, सौरभ मिश्रा, दीपक दुबे, अंकित तिवारी, बल्लू शुक्ला, राजेश शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अनूप मिश्रा, सत्यवीर सिंह, राजेश अग्निहोत्री, राजीव बाजपेयी, सदानंद शुक्ला, राजू गौतम, सौरभ शुक्ला, आदित्य दीक्षित आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


आरती उतारते डॉ. वैभव पाठक व डॉ. आयुष पाठक


शोभायात्रा में करतब दिखाती बालिकायें मौजूद अन्य

# बिना बताये मौसी के घर जा रहे दो बच्चों को पुलिस ने परिजनों को किया सुपुर्द

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

परिजनों को बिना बताये मौसी के घर जा रहे दो बच्चों को पुलिस ने रोंक लिया और पूछताछ के बाद उनके परिजनों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया।

उपनिरीक्षक जगराम सिंह ने बताया कि वह अपने हमराह हेड कांस्टेबिल सुशील यादव के साथ बाघार नाला पर चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी दो बच्चे तेजी से जाते दिखे। जिन्हे पुलिस ने रोक लिया। पूछताछ करने पर दोनों बच्चों ने अपना नाम कुनाल पुत्र चरण सिंह उम्र 6 वर्ष व तन्वी पुत्री चरण सिंह उम्र 4 वर्ष बताया। इसकी सूचना बच्चों के परिजनों को दी गई। परिजनों द्वारा बताये गये स्थान पर पुलिस ने पहुंचकर दोनों बच्चों को परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया। बच्चों की दादी जयदेवी पत्नी जगदीश निवासी बाबुरारा ने बताया कि दोनों बच्चे बिना बताये अपनी मौसी के घर जा रहे थे।


दादी को बच्चे सुपुर्द करते उपनिरीक्षक

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने धरना देकर उठायी आठवें वेतन आयोग की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय राज्य सरकार पेंशनर फेडरेशन के आवाह्न पर जिला मुख्यालय पर सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन के बैनर तले सेवानिवृत कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में मांग की गई कि आठवें वेतन आयोग का लाभ पेंशनरों को भी दिया जाये। वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार पेंशनरों को आंठवें वेतन आयोग के लाभों से वंचित करने की साजिश रच रही है। नेतृत्व के आवाह्नप पर विगत कई चरणों में घरना/प्रदर्शन किया जा चुका है।

जिलाध्यक्ष विष्णु भगवान कटियार ने कहा कि वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरों में तिथि के आधार पर विभेद पैदा करने वाले अंश को हटाते हुये पेंशनरों के आंठवे वेतन आयोग की सीमा में लाया जाये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभूदयाल ने कहा कि भारत सरकार के राजपत्र 29 अगस्त 2008 में प्रकाशित निर्णयों ने के अनुसार कर्मचारियों, पेंशनरों, शिक्षकों के लिये अलग-अलग पी.टी.आई. बनाई जाये। जिला मंत्री राजीव कुमार बाजपेई ने कहा कि पेंशन उच्चतम न्यायालय की पूर्ण पीठ के निर्णयानुसार लम्बी सेवा अवधि का लम्बित वेतना है। वह नॉन-कन्ट्रीब्यूटरी अनफण्डेड नहीं है, इसलिये पुरानी पेंशन को बहाल किया जाये। जिला उपाध्यक्ष नन्दकिशोर शर्मा ने कहा कि पेंशनरों की राशिकरण की कटौती 10 वर्ष पर बन्द कर दी जाये। 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात् प्रत्येक 5 वर्ष पर 5 प्रतिशत पेंशन की वृद्धि की जाये। जिलाउपाध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय ने कहा कि पेंशनरों को आयकर से मुक्त किया जाये। राजीव सक्सेना ने कहा कि कोरोनाकाल का आठ महीने का डी0ए0 के एरियर का भुगतान किया जाये। अखिलेश मुरारी पाण्डेय ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में 50 प्रतिशत की छूट दी जाये। सुभाषचन्द्र शर्मा ने कहा कि आयुष्मान भारत में कैशलेस उपधार कराने की सीमा 10 लाख किया जाये।

संप्रेक्षक सुखदेव दीक्षित ने कहा कि मंहगाई भत्ता 10 प्रतिशत से अधिक होने पर उसे मूल वेतन/पेंशन में मर्ज किया जाये। इस अवसर पर सुरेशचन्द्र सक्सेना, कन्हैयालाल वर्मा, अर्जुन सिंह, मलिखान सिंह, करन सिंह राठौर, जागेश्वर प्रसाद राजपूत, रामऔतार पाठक, नरेश बहादुर, मुनीषचन्द्र दीक्षित, जगदीश चन्द्र, शिवकुमार कटियार, अमरनाथ कश्यप, प्रदीप श्रीवास्तव, बाबूराम बाथम, जोगराज सिंह यादव, राकेश कुमार सक्सेना, श्रीपाल, नवाबसिंह यादव, रामपाल शर्मा, देवीप्रसाद, शेरसिंह गंगवार, सुरेशचन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।


प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते एसो0 के पदाधिकारी

# भाकियू ने मांगों को लेकर डीएम को भेजा ज्ञापन

**निस्तारण न होने पर बड़े आंदोलन की दी चेतावनी**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन धरती पुत्र ने बैठक कर अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मांग पत्र जिलाधिकारी को रजिस्टर डाक द्वारा प्रेषित किया। डीएम को भेजे गये ज्ञापन में दर्शाया कि डीआईओएस द्वारा आदेशित करने के उपरांत स्कूलों की जांच नहीं की जा रही है।

विद्यालय में महंगी और अनधिकृत पाठय पुस्तकें चल रही है इसके ऊपर से प्रतिबंध नहीं हटा कार्रवाई तत्काल की जाए। आवासीय भूखंडों पर चल रहे स्कूलों की जांच कराई जाए कस्बा कायमगंज में फुटपाथों का अतिक्रमण हटवाया किया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज का अधीक्षक की सेवाएं समाप्त की जाए। उपजिला अधिकारी कायमगंज के कृत्य की जांच करवाई जाए ।आगरा से आई नकली दबाव का मेडिकल की जांच कराई जाए। नगला बसोला में पट्टे की जमीन पर किसानों द्वारा फसल बोई गई थी, उसको एसडीएम कायमगंज ने कटवा ली, नीलाम कर दी गई, यदि पट्टे निरस्त कर दिया तो उसे पर जानकारी एसडीम कायमगंज द्वारा किसानों क्यों नहीं दी गई। तत्काल हटाये जाने की मांग की। कायमगंज में विद्युत आने-जाने का कोई समय नहीं है। रोस्टर के अनुसार पूरे समय बिजली दी जाए। नगर पालिका का कायमगंज दूषित जल सप्लाई कर रही है, तत्काल शुद्ध जल सप्लाई की जाए, दूषित खानपान से स्वास्थ्य संकट में पड़ रहा है। दूध, घी, मक्खन में मिलावट हो रही है। खटीक समाज को जाति प्रमाण पत्र तहसीलदार कायमगंज नहीं बना रहा है। प्रदेश में आलू और मंडी शुल्क समाप्त किया जाए। रेलवे स्टेशन शमशाबाद पर रेलवे की मांग द्वारा 15040 व 15041 का ठहराव किया जाए। किसानों की उक्त समस्याओं का अगर निस्तारण नहीं किया गया तो किसान यूनियन बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर प्रदेश सचिव मुन्नालाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रामवीर जाटव, जिला अध्यक्ष रामलाल गुप्ता, बिंदु सिंह गंगवार, प्रताप सिंह गंगवार, गोपाल तिवारी, विनीत कुमार सक्सेना, मंजेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद भाकियू नेता

# इग्नू का विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस पर वेबिनार का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डी.एन.पी.जी. कॉलेज फतेहगढ़ में संचालित इग्नू अध्ययन केन्द्र और क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को गूगल गूगल मीट के माध्यम से विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुआ। बैठक में वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रीना कुमारी, डॉ. अनामिका सिन्हा, डॉ. जय प्रकाश वर्मा, इग्नू क्षेत्रीय केंद्र समन्वयक डॉ. विवेक सिंह, डॉ. पर्वत सिंह, डॉ. योगेश पांडे, डॉ. प्रभात शुक्ला, डॉ. आर.एन. सिंह और इग्नू के विभिन्न शिक्षार्थी सहायता केंद्रों के छात्र उपस्थित थे। वेबिनार के मुख्य वक्ता सीएसआईआर केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान लखनऊ के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ0 प्रदीप कुमार श्रीवास्तव थे। डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा ने वेबिनार में उपस्थित शिक्षार्थियों और विशेषज्ञों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस युग में रचनात्मक विचारों को साकार करने और उन्हें नवाचार में परिवर्तित करने के अपार अवसर हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने मानव विकास के सभी पहलुओं में रचनात्मकता और नवाचार की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 21 अप्रैल को विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस के रूप में नामित किया है। डॉ0 अनामिका सिन्हा ने इंग्नू में शिक्षार्थियों द्वारा किए गए नवाचारों को समर्थन देने के लिए उपलब्ध अवसरों और इस क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा में नवाचार के लिए राष्ट्रीय केंद्र की भूमिका के बारे में बताया।

वेबिनार का समन्वय और आयोजन डॉ. अनामिका सिन्हा द्वारा किया गया था।


वेबिनार में भाग लेते प्रोफेसर आदि

# अन्तर आत्मा की चेतना को पर्यावरण संरक्षण के प्रति करें जागरुक: गुंजा जैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व के लगभग 193 देशों में विश्व प्रथ्वी दिवस 22 अप्रैल मनाया जाता है। विश्व के विभिन्न देश में इसे एक उत्सव के रूप में ना मना कर एक अन्तरात्मा की चेतना को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाते है।

पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने बताया कि यह दिन जन जागरूकता बढ़ाने और हमारे प्राकृतिक आवास, यानी पृथ्वी की रक्षा के लिए उपाय करने को समर्पित है। शुरुआत में पृथ्वी दिवस अमेरिका में मनाया जाता था और बाद में यह पूरी दुनिया में मनाया जाने लगा।

पहला पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 1970 को मनाया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने पर्यावरण के लिए एक दिन समर्पित करने की आवश्यकता महसूस की थी। विश्व पृथ्वी दिवस को पहली बार 1990 में वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली।

पृथ्वी दिवस पृथ्वी के संसाधनों के प्रति अधिक जागरूकता और कृतज्ञता को बढ़ावा देने का दिन है। पृथ्वी दिवस पर, पूरी दुनिया सभी से अनावश्यक बत्तियाँ बंद करने का आग्रह करती है। इस दिन, बच्चों को स्कूल में जागरूकता रैली या विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा, कुछ स्वयंसेवक आस-पास के क्षेत्रों में पेड़ लगाकर, जबकि अन्य आसपास की सड़कों या नदियों की सफाई करके संदेश देते हैं। विभिन्न लोग खुले मन से सोचने को बढ़ावा देने के लिए बैनर, पोस्टर, ओरिगामी परियोजनाएं या कलाकृतियां बनाने के लिए एकजुट होते हैं। पर्यावरण को हुए नुकसान को ठीक करना हमारा कर्तव्य है। यह दिन हमे यह बताने के लिए सुनिश्चित हुआ है की हमारी धरती माँ प्रदूषण नामक संकट से ग्रसित हो रही है। ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों का असीमित दोहन तथा अन्य आपदाओं से पृथ्वी को बचाने का समय आ गया है यदि हम अब भी नहीं जागे तो हम विनाश के कगार पर पहुँच जाएँगे। प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस एक थीम के साथ मनाया जाता है इस वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस की थीम है हमारी शक्ति, हमारा ग्रह है। यह थीम नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और एक स्थायी व स्वच्छ भविष्य के लिए कार्यान्वित है जिसका अर्थ है ऊर्जा के अन्य वैकल्पिक स्त्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, पवन, और हरित ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाकर जलवायु परिवर्तन से लड़ना। पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना तथा व्यक्तियों, समुदायों और सरकारों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वास्तविक कदम उठाने के लिए सशक्त बनाना। इस वर्ष की थीम का एक उद्देश्य यह भी है की जीवाश्म ईंधन से हटकर टिकाऊ ऊर्जा की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर जोर देना पृथ्वी दिवस पर हम सभी संकल्प ले की हम जहाँ तक हो सके अपने पर्यावरण को अपनी धरती माता को प्रदूषण मुक्त रखने की कोशिश करेंगे और लोगों को इसके प्रति जागरूक करेंगे। जब हम धरती को बचाएंगे, तभी हम धरती पर सुरक्षित हो पाएंगे।

**विश्व पृथ्वी दिवस आज**


गुंजा जैन,पर्यावरण विशेषज्ञ

# नवांगतुक डीएम ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नवागत जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने 25, 26 एवं 27 अप्रैल को आयोजित होने वाली उ.प्र. होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु क्लॉक रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशन पर हेल्प सेंटर स्थापित किए जाएं, जिससे बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन मिल सके।

उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर मेडिकल कैम्प स्थापित करने के निर्देश देते हुए कहा कि ओ.आर.एस. एवं जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रखा जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), समस्त उपजिलाधिकारी एवं परीक्षा से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक लेती डीएम मौजूद अन्य

## मारपीट में तीन नामदर्ज सहित 5-6 अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील अहलमद फौजदारी के अनुज कुमार शाक्य ने पुलिस को शिकयती पत्र देकर कहा कि जब वह कोर्ट में अपना कार्य कर रहे थे, उसी दौरान अवनीश गंगवार, इन्द्रेश गंगवार, सरनेश यादव लगभग 5-6 अधिवक्ता वहाँ पर पहुँचे और कर्मचारियो के साथ अभ्रदता करने लगे। पुलिस ने अहलमद की शिकयत पर नामजद अधिवक्ता सहित 5-6 अधिक्ता के खिलाफसुसंगत धारा में मुकदमा दर्ज किया। वही तहसील के अधिवक्ताओ ने उपजिलाधिकारी पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए कहा अधिवक्ताओ पर लगाया गया झूठा मुकदमा है। इस दौरान अधिक अध्यक्ष विशेश्वर दयाल यादव, अवनीश गंगवार, फहीम खाँ, अनोखेलाल, शिव मंगल सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरुक

**साइबर अपराध, हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा उपायों पर दी महत्वपूर्ण जानकारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस ने महिला पुलिस के साथ फास्ट फूड व अन्य दुकानों के पास भी छात्राओं व महिलाओं तथा आशा बहुओं को जागरुक किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कमालगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, महिला थाना पुलिस, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।


आशाओं को जागरुक करती पुलिस


छात्राओं को जागरुक करती महिला पुलिस

